
सुप्रभात
रांची, रविवार
08.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वादशी/ त्रयोदशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 323



12 भारत से नक्सलवाद खत्म करने पर अडिग : शाह

### अमन-चैन की दुआ के साथ देशभर में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गयी

# देश की हिफाजत में हर कुर्बानी को रहें तैयार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड समेत पूरे देश में मुस्लिम समुदाय के लोगों शनिवार को धार्मिक उत्साह साथ बकरीद (ईद-उल-अजहा) का त्यौहार मनाया। राष्ट्रपति, प्रधानमत्री, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन समेत तमाम नेताओं ने इस मौके पर मुबारकबाद दी। दिन की शुरूआत देश भर के शहरों और कस्बों में मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष सामूहिक प्रार्थनाओं के साथ हुई, जहां लोग पवित्र त्यौहार मनाने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हुए। एक दूसरे गे गले लग कर बधाई दी और धेश में अमनचैन की दुआ की। रांची समेत झारखंड के सभी जिलों में ईद-उल-अजहा का त्योहार भाईचारे के साथ मनाया गया। हरमू समेत राज्य के तमाम मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की गयी। बड़ी संख्या में इस्लाम धर्मावलंबी जुटे और मुल्क की सलामती के साथ अमन-चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर मौलाना मिस्बाही ने अपने पैगाम में कहा कि दुश्मन हमारे मुल्क हिन्दुस्तान के साथ कभी भी गलत हरकत कर सकता है। लिहाजा, अपने मुल्क हिन्दुस्तान की हिफाजत के हमें लिए हर कुबार्नी को तैयार रहना है। कुबार्नी के इस त्योहार के मौके पर हमें नफरत और गुरुर को कुर्बान करना होगा।

**मुल्क की हिफाजत हम सबकी जिम्मावारी :** मौलाना मिस्बाही ने कहा कि पहलगाम घटना के बाद भारत की मुस्लिम बेटी ने दुश्मन पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। मुल्क की हिफाजत करना हम सबकी जिम्मेदारी है। हिन्दुस्तान हमारा प्यारा मुल्क है। इसकी आजादी में सभी धर्मों के लोगों ने मिलकर कुबार्नी दी है। यहां हर धर्म और मजहब के लोग मिलजुल कर सभी त्योहार मनाते हैं।



हरमू ईदगाह में नमाज अदा करते लोग। फोटो : समीर

### राष्ट्रपति और पीएम ने दी बधाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के पावन अवसर पर, देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। राष्ट्रपति ने कहा, यह त्योहार बलिदान, आस्था तथा अनेक उदात्त आदर्शों के महत्व को समझाता है। इस मौके पर हम सब मिलकर समाज और देश के लिए एक साथ कार्य करने का संकल्प लें। पीएम मोदी ने सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, यह अवसर सद्भाव को प्रेरित करे और हमारे समाज में शांति के ताने-बाने को मजबूत करे।

### आस्था और समर्पण की भावना

ईद-उल-अजहा या 'बलिदान का त्यौहार', पर कुबार्नी की परंपरा हजरत इब्राहिम और उनके बेटे इस्माईल की अल्लाह के प्रति आस्था से जुड़ी है। इसे बकरीद, या बकरा ईद के नामों से भी जाना जाता है। इसे जिल-हुज्जा के 10वें दिन मनाया जाता है। यह इस्लाम धर्म का प्रमुख त्योहार है जो त्याग, आस्था और समर्पण की भावना को दर्शाता है।

## न्यूज डायरी

### सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी इन दिनों शिमला में हैं। अचानक तबीयत खराब हो जाने के कारण उन्हें इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया। डाक्टरों के अनुसार सोनिया गांधी की स्थिति पूरी तरह स्थिर है। डॉक्टरों की निगरानी में उनकी जांच की गयी। किसी गंभीर चिंता की बात नहीं है।

### धनबाद सड़क हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

**धनबाद।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र के धनबाद-कांको 8 लेन पर बड़की बौआ मोड़ के समीप दो बाइक की जोरदार टक्कर दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतक की पहचान पतराकुल्ही चौहान बस्ती के सौरभ बेलदार और बड़वाटांड़ के गोलू गोप उर्फ रवि गोप के रूप में हुई है।

### बाल-बाल बचे तेजस्वी काफिले में घुसा बेकाबू ट्रक

**पटना।** राजद नेता तेजस्वी यादव शुक्रवार देर रात सड़क हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बच गये। मधेपुरा से पटना लौटते समय एक बेकाबू ट्रक ने उनके काफिले की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में तीन सुरक्षा कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये। नेशनल हाईवे पर वे चाय पीने रूके। जैसे ही तेजस्वी अपनी गाड़ी से उतरे, उसी वक्त एक एक ट्रक अनियंत्रित होकर उनके काफिले में घुस आया और स्कॉर्ट में शामिल गाड़ियों को टक्कर मार दी। तेजस्वी ने घटना के बाद बताया कि वेलोग चाय पीने रुके थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक काफिले में घुस गया। हादसा मुझसे महज 5 फीट की दूरी पर हुआ। अगर ट्रक थोड़ा और अनियंत्रित होता, तो हमारे ऊपर चढ़ सकता था।

### इनामी नक्सली रावण कोड़ा ने किया सरेंडर

**पटना।** बिहार के लखीसराय जिले में पुलिस और सुरक्षाबलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। वर्षों से फरार 3 लाख रुपये के इनामी नक्सली रावण कोड़ा ने सरेंडर कर दिया है। रावण कोड़ा लगभग 15 सालों से फरार चल रहा था और पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ था।

### एंटी नक्सल अभियान के जवानों से मिले शाह

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को हाल ही में नक्सलवाद के खिलाफ चलाये गये ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी इस अवसर पर उपस्थित थे। गृह मंत्री ने कहा, मैं उन जवानों से मिलने को उत्सुक था। इन दिनों सुरक्षा बल झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं।

# 20 करोड़ की लागत से नये आरओबी का काम शुरू

### रांची को एक और तोहफा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के लोगों को रेलवे ने एक नयी सौगात मिलने जा रही है। जानकारी के अनुसार रांची के बिरसा चौक में नये रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण शुरू हो गया है। इसकी लंबाई एप्रोच रोड मिलाकर लगभग 80 मीटर होगी। इसके निर्माण से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। रेलवे की यह नयी परियोजना राजधानी के लोगों के लिए बड़ी सौगात है।

**20 करोड़ की लागत :** बताया गया कि वर्तमान में ब्रिज के नीचे दो लाइन (अप-डाउन) है। रेलवे की योजना दो सेंटिंग लाइन के अलावा वर्तमान ट्रैक के दोनों तरफ एक-एक और लाइन बनाने की है। इसके बाद आरओबी के नीचे कुल छह ट्रैक हो जायेंगे। यह योजना अगले 40 सालों के रेल परिचालन को देखते हुए बनायी जा रही है। इसके निर्माण में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका निर्माण कार्य जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### परिचालन की परेशानी घटेगी



मालूम हो कि रांची से हटिया की तरफ आने वाली ट्रेनों के लिए दो मेन लाइन है। मेन लाइन पर ट्रेनों की संख्या अधिक होने की वजह से अक्सर ट्रेन या मालगाड़ी आधा घंटा तक खड़ी रह जाती है। इससे ट्रेनों के परिचालन में परेशानी होती है। इसलिए बिरसा चौक ब्रिज के नीचे से दो अतिरिक्त सेंटिंग लाइन बिछायी जायेगी, जिसे यार्ड लाइन से जोड़ दिया जायेगा। ऐसे में यार्ड की तरफ जाने वाली ट्रेनों को परेशानी नहीं होगी। नया ब्रिज बनाने के लिए रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है। अब रेलवे की जमीन की घेराबंदी की जा रही है। पहाड़ तोड़ने के लिए बड़ी-बड़ी मशीन भी लगायी गयी है। नये ब्रिज के निर्माण से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। वर्तमान में ब्रिज छोटा होने के कारण जाम की समस्या होती है। बिरसा चौक से विधानसभा, हाइकोर्ट व प्रोजेक्ट भवन के अलावा बाइपास, डीबडीह की तरफ जाने वाले वाहन इसी ब्रिज से होकर गुजरते हैं।


### विस सचिवालय का बड़ा एक्शन, नोटिस से बढ़ी चिंता

# 11 पूर्व विधायकों को फ्लैट खाली करने का निर्देश

### अवैध कब्जे पर कार्रवाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा सचिवालय ने बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के 11 पूर्व विधायकों को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के माध्यम से उन्हें अपना फ्लैट खाली करने का निर्देश दिया गया है। यह सभी फ्लैट विधानसभा के विधायक आवास परिसर में स्थित हैं। विधानसभा सचिवलय से जारी नोटिस में कहा गया है कि विधायक आवास के कमरों एवं स्टोर रूम को पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर रिक्त कर दिया जाये, अन्यथा नियमानुसार, अग्रेतर कार्रवाई सभा सचिवालय द्वारा ली जायेगी। विधानसभा सचिवालय की इस कार्रवाई से पूर्व माननीयों और उनके परिजनों में हड़कंप मच गया है। सभी को अपने भविष्य को लेकर चिंता सताने लगी है।



विधानसभा सचिवालय ने यह कार्रवाई अवैध कब्जे को लेकर की है। आरोप है कि पूर्व विधायकों के परिजन इन फ्लैटों में काफी लंबे समय से रह रहे थे, जिसे विधानसभा सचिवालय ने गंभीरता से लिया है। नोटिस के माध्यम से बताया गया है कि विधायक आवास के कमरा संख्या-48, 123,124, 125, 126, 127,137,207,208,209 और 210 पर इनका अवैध कब्जा है। इसके अलावा स्टोर रूम में पूर्व सदस्यों के बाह्य व्यक्तियों को भी सूचित किया गया है कि उन कमरों को अनाधिकृत रूप से अवैध कब्जा किया गया है, जिसे यथाशीघ्र खाली करना अति आवश्यक है।

# सूख रहा चिनाब का पानी, छटपटाने लगा पाक

### रक्षा मंत्री ख्वाजा ने दी जल युद्ध की गीदड़भभकी

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर से पिटे पाकिस्तान में इन दिनों एक नयी चिंता गहराने लगी है, नदियों में पानी का सूखता बहाव। खासतौर पर चिनाब नदी के घटते जलस्तर ने इस्लामाबाद की नींद उड़ा दी है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भारत को जल युद्ध की धमकी तक दे डाली है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। साथ ही अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए पिछले कुछ महीनों में सिंधु नदी प्रणाली से निकलने वाले चिनाब सहित कई नदियों के पानी को रोकना शुरू किया है। अब जबकि चिनाब का बहाव गिर रहा है, पाकिस्तान में जल संकट के संकेत दिखने लगे हैं। यही वजह है कि अब पाक नेता वाटर वॉर जैसी गीदड़ भभकी देने पर उतर आये हैं। (शेष पेज 11 पर)



### जल संकट से पाकिस्तान में खलबली

अब पाकिस्तान के खुद के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ मान रहे हैं कि भारत के इस फैसले का असर अब पाकिस्तान पर साफ दिखने लगा है। समा टीवी को दिए एक इंटरव्यू में आसिफ ने कहा, चिनाब नदी में पानी का बहाव अब सामान्य से काफी कम है। यह भारत की सोची-समझी रणनीति है, ताकि पाकिस्तान के जल अधिकारों को नुकसान पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि अब यह जल युद्ध छेड़ रहा है। आसिफ ने यह भी कहा कि पाकिस्तानी सेना अपने मजबूत हौसले और तैयारी के साथ इस चुनौती का मुकाबला करेगी। उन्होंने कहा, हमारी फौज ने पहले भी सबक सिखाया है, जल युद्ध में भी जीतेंगे।

# अब स्लीपर कोच में मिलेगी एसी वाली सुविधा

### रेलवे बोर्ड का फैसला

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** रेलवे अपने यात्रियों के सफर को और आरामदायक व साफ-सुथरा बनाने की दिशा में प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में रेलवे में एक बड़ा निर्णय लिया है। इसमें रेलवे अब एसी वाले डिब्बों की सुविधा अब नॉन एसी वाले डिब्बों के लिए भी शुरू करने जा रहा है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के उन स्लीपर डिब्बों में लिक्विड सोप डिस्पेंसर लगाने का निर्णय लिया है, जिनमें ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) उपलब्ध है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने हाल ही में सभी जोनल रेलवे को पत्र भेजा है।



**रेलवे बोर्ड ने दिया आदेश :** इस संबंध में रेलवे बोर्ड ने हाल ही में सभी जोनल रेलवे को पत्र भेजा है। पत्र में निर्देश दिया गया है कि ओबीएचएस वाली ट्रेनों में अब स्लीपर कोच के शौचालय और गैलरी के वॉश बेसिन पर भी डिस्पेंसर को लगाया जाए।

### अभी एसी कोच में मिलती थी सुविधा

रेलवे में अभी तक यह सुविधा केवल एसी कोच में ही प्रदान की जाती थी, लेकिन अब स्लीपर कोच के वॉश बेसिन और टॉयलेट के पास भी यात्रियों को लिक्विड हैंड वॉश मिलेगा. इससे न सिर्फ यात्रा अधिक साफ सुथरी होगा बल्कि यात्रियों की स्वच्छता और सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा।

## कार्टून कोना




### आपदारोधी अवसंरचना पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में बोले मोदी

# आपदारोधी उपायों को शिक्षा का हिस्सा बनाना जरूरी

### वित्तपोषण की मजबूत व्यवस्था हो

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने विश्व समुदाय से आपदा से निपटने के लिए वित्त-पोषण की अभिनव व्यवस्था किये जाने और आपदा रोधी उपायों को शिक्षा का हिस्सा बनाये जाने पर बल दिया है। श्री मोदी ने आपदा रोधी अवसंरचना पर फ्रांस के नाइस शहर में चल रहे दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। पीएमओ की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी ने कहा, आपदा से निपटने के लिए अभिनव वित्त पोषण की आवश्यकता है। हमें कार्रवाई योग्य कार्यक्रम तैयार करने चाहिए और वित्त तक विकासशील देशों की पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। भारत की पहल पर शुरू किया गया आपदा रोधी अवसंरचना के लिए गठबंधन 25 छोटे द्वीपीय विकासशील देशों के साथ काम कर रहा है। मजबूत मकान, अस्पताल, स्कूल, ऊर्जा, जल सुरक्षा और पूर्व चेतावनी प्रणाली का निर्माण किया जा रहा है।



**एक दूसरे के अनुभव से सीख लें :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आपदाओं का सामना करते हैं और प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के विषय में दूसरे देशों के अनुभवों से सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन विषयों में सर्वोत्तम प्रथाओं का एक वैश्विक डिजिटल संग्रह तैयार करना लाभकारी होगा। श्री मोदी ने कहा, हम छोटे द्वीपीय विकासशील देशों को बड़े महासागरीय देशों के रूप में देखते हैं। उनकी अतिसंवेदनशीलता के कारण उन पर विशेष रूप पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आपदाओं के संबंधी प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की मजबूती और समन्वय के महत्व को भी रेखांकित किया। श्री मोदी ने अपने संबंधन में इस सम्मेलन के लिये फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और फ्रांस सरकार की ओर से दिये गये सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। (शेष पेज 11 पर)

### भविष्य की चुनौतियों से निपटना जरूरी

पीएम मोदी ने सुझाव दिया कि आपदा से निपटने के लिये पाठ्यक्रम, मॉड्यूल और कौशल विकास कार्यक्रम को उच्च शिक्षा का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे कुशल कार्यबल का निर्माण होगा, जो भविष्य की चुनौतियों से निपट सकता है। शनिवार को सम्पन्न हो रहा दो दिन का यह शिखर सम्मेलन पहली बार यूरोप में आयोजित किया गया है। पिछले साल अप्रैल में नयी दिल्ली में हुआ था। इस बार सम्मेलन का विषय है- तटीय क्षेत्रों के लिए सुदृढ़ भविष्य को आकार देना।

# इसीएल के पूर्व चीफ मैनेजर के खिलाफ सीबीआइ जांच शुरू

### आय से अधिक संपत्ति मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में गोड्डा स्थित ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के राजमहल एरिया के तत्कालीन चीफ मैनेजर (खनन) परमेश्वर यादव के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। सीबीआई की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, परमेश्वर यादव पर 1 जनवरी 2019 से 22 मई 2025 की अवधि के बीच अपनी वैध आय के ज्ञात स्त्रोतों से 54 लाख से अधिक की संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

**आय से अधिक 54 लाख अधिक संपत्ति :** सीबीआई को जानकारी मिली है कि एक जनवरी 2019 से 22 मई 2024 की अवधि के दौरान परमेश्वर यादव को सभी ज्ञात स्त्रोतों से 1.57 करोड़ रुपया का आय हुआ। इस अवधि में उन्होंने 1. 21 करोड़ रुपये खर्च किया। सीबीआई को जांच में पता चला कि इस खर्च के अलावा उन्होंने इस अवधि में 90 लाख 37 हजार 643 रुपये की चल-अचल संपत्ति या तो अपने या अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर अर्जित की है। इस प्रकार उन्होंने अपनी आय से 54 लाख 572 रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित की है। अर्जित संपत्ति के संबंध में उन्होंने संतोषजनक हिसाब नहीं दिया है।

### राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि के तहत एक दिवसीय कार्यशाला में बोले भाजपा नेता

# मोदी के नेतृत्व में ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा

**भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसित**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा रांची महानगर जिला की ओर से मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के स्वर्णिम 11 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, जो ऐतिहासिक है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसित है। 1947 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए देश के सभी नागरिक एवं भाजपा कार्यकताओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

**कार्यशाला में कल से होनेवाले कार्यक्रम की रूपरेखा तय :** 8 जून को केंद्रीय मंत्री/सांसद द्वारा राजधानी में मीडिया संवाद। 9 जून से 9 जुलाई को बदलता भारत मेरा अनुभव विषय पर डिजिटल प्रतियोगिता, जिसमें हजारों लोग भाग लेंगे। 10 से 11 जून को केंद्र सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित जिला स्तर पर प्रदर्शनी, जिसमें हजारों लोगों शामिल होंगे। विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका विषय पर कार्यशाला, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले बुद्धिजीवी शामिल होंगे। 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर संकल्प सभा। 15 से 17 जून तक सांगठनिक शक्ति केंद्रों (वार्ड स्तर) पर चौपाल लगाकर लोगों को बताना। 21 जून को मंडल स्तर पर योग दिवस मनाना, 23 जून को बूथ स्तर पर पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की बलिदान दिवस मनाना एवं 25 जून को आपातकाल दिवस पर जिला स्तर पर गोष्ठी जैसे श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों पर गहन विचार- विमर्श किया गया।

**कार्यकर्ता इसे आम जनता तक पहुंचायें : सीपी**

वहीं, विधायक सीपी सिंह ने कहा कि संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम में कार्यकर्ता बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें एवं इसे आम जनता तक पहुंचायें। विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्ष में गरीब कल्याण के जितने कार्य हुए वह पिछले 17 वर्षों में भी नहीं हुए थे। हमें केंद्र सरकार के लंकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि केंद्र द्वारा जो भी कार्यक्रम महानगर को मिला है हर कार्यक्रम में महानगर के कार्यकर्ता बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे एवं इसे महानगर के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओ से इसे सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला को बलराम सिंह एवं जितेंद्र वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यशाला में राजू सिंह, अनीता वर्मा, बसंत दास, सुरेश प्रसाद, विनय सिंह, अजीत भगत, वीणा मिश्रा, विकास रवि, आशुतोष गिरी, रोशन शर्मा, सोनू सिंह, विशाल अग्रवाल,पायल सोनी, रवि मुंडा, प्रकाश साहू, युवराज पासवान, इंद्रजीत यादव, सुबेश पांडेय, अशोक मिश्रा, उमेश यादव, रामजी प्रसाद, ओम प्रकाश पांडे, राम मनोज साहू, पप्पू जयसवाल, वियूष विजयवर्गीय, रणधीर सिंह, विनोद महतो, सुभाष अग्रवाल, ऋषभ गखड़, आनंद वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आदिवासी अधिकारों पर हमले के खिलाफ भाकपा-माले का सम्मेलन 8-9 जून को




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाकपा-माले और आदिवासी संघर्ष मोर्चा के शनिवार को हुए संयुक्त प्रेस वार्ता में आदिवासी अधिकारों पर बढ़ते हमलों के खिलाफ आवाज उठाई गई। इस मौके पर भाकपा के राज्य सचिव मनोज भगत, केंद्रीय समिति सदस्य क्लिफटन डी. रोजारियो और आदिवासी संघर्ष मोर्चा से सुशीला टिग्गा, देवकी नंदन बेदिया तथा सुखदेव प्रसाद मौजूद थे।

क्लिफटन डी. रोजारियो ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार कंपनियों के हित में आदिवासियों की जमीन हड़पने का काम कर रही है और खनन व पर्यटन के नाम पर जंगलों को सौंपा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति और एकता को तोड़ने की साजिशें हो रही हैं।

उन्होंने छत्तीसगढ़ में माओवादियों के नाम पर चल रहे अभियान को आदिवासियों को डराने और विस्थापित करने का हथियार बताया।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि इन मुद्दों को लेकर 8 जून को भाकपा-माले की राष्ट्रीय परिषद की बैठक होगी, जिसमें देशभर से पार्टी प्रतिनिधि शामिल होंगे। 9 जून को एसडीसी सभागार में एक राष्ट्रीय कन्वेंशन का आयोजन होगा, जिसमें भाकपा-माले के महासचिव दीपांकर भप्ताचार्य भी भाग लेंगे।

## झारखंड को नागालैंड-मिजोरम बनने में देर नहीं : रघुवर दास



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शनिवार को दुमका पहुंचे और भाजपा कार्यकताओं से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में उन्होंने राज्य सरकार पर कई गंभीर आरोप भी लगाये। उन्होंने कहा कि झारखंड में जनजातीय समुदाय की स्थिति बेहद खराब हो गई है और सरकार जानबूझकर उन्हें पिछड़ेपन में बनाए रखना चाहती है। रघुवर दास ने कहा कि राज्य का एक वर्ग झारखंड को ईसाई प्रदेश बनाना चाहता है, जबकि दूसरा इसे इस्लामी प्रदेश में बदलना चाहता है। अगर यही हाल रहा तो झारखंड की स्थिति नागालैंड और मिजोरम जैसी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य को बचाने के लिए एक और हूल यानी जन आंदोलन की जरूरत है और वे जल्द ही जनजातीय समाज को जागरूक करने के लिए पद यात्रा शुरू करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने हेमंत सरकार से पेसा कानून जल्द लागू करने की मांग की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार 1400 करोड़ रुपये का फंड तभी देगी, जब राज्य सरकार यह कानून लागू करेगी। रघुवर दास ने यह भी पूछा कि सरकार किसके दबाव में पेसा कानून लागू नहीं कर रही है। उन्होंने महिला हितों को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मंईयां सम्मान योजना में लाभुकों की संख्या कम की जा रही है। साथ ही उन्होंने घुसपैठ और धर्मांतरण को लेकर चिंता जताई और कहा कि पीएफआई जैसी संगठनों को सरकार छूट दे रही है, जो राज्य के लिए खतरनाक है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का देवघर दौरा स्थगित



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रस्तावित देवघर दौरा फिलहाल स्थगित हो गया है। राष्ट्रपति भवन ने शुक्रवार देर शाम जिला प्रशासन और राज्य के अधिकारियों को यह जानकारी दी थी। दौरा स्थगित होने के कारण अब वे 10 जून को देवघर नहीं आयेंगी।

**एम्स के दीक्षांत समारोह में होने वाली थीं शामिल :** बताते चलें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 11 जून को देवघर के एम्स में आयोजित दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाली थीं। इससे पहले उनका बाबा धाम मंदिर में पूजा करने का भी कार्यक्रम था। अब अगला शेड्यूल जारी होने के बाद ही दीक्षांत समारोह की तिथि तय की जाएगी।

## लघु सिंचाई विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनियर को हाईकोर्ट से राहत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लघु सिंचाई विभाग के तत्कालीन चीफ इंजीनयर शिवाजी शर्मा को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2002 में लघु सिंचाई प्रमंडल, गिरिडीह के अंतर्गत कोदाई बांध प्रोजेक्ट में नहर के टूटने पर दंड के रूप में शिवाजी शर्मा के पेंशन में 50% कटौती मामले में राज्य सरकार की अपील ( एलपीए ) पर झारखंड हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी। एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा है। प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता सौरभ शेखर ने पक्ष रखा। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने शिवाजी शर्मा की रिट याचिका पर 28 अगस्त 2019 को फैसला सुनाया था। जिसमें कोर्ट ने सरकार द्वारा उनकी पेंशन में की गयी 50% कटौती के आदेश को रद्द कर दिया था। साथ ही उन्हें

**पूरी पेंशन राशि भुगतान के हाई कोर्ट की एकल पीठ का आदेश बरकरार**

पेंशन की पूरी राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया था। दरअसल , वर्ष 2002- 3 में गिरिडीह में लघु सिंचाई प्रमंडल के अंतर्गत कोदई बांध प्रोजेक्ट का काम शुरू हुआ था, हालांकि बाद में प्रोजेक्ट को पूरा करने की अवधि को काम कर दिया गया था। इसी दौरान उक्त प्रोजेक्ट के तहत बन रहा नहर टूट गया था। इसके बाद तत्कालीन चीफ इंजीनियर शिवाजी शर्मा के खिलाफ विभागीय कार्यवाही करते हुए 16 अप्रैल 2007 को राज्य सरकार ने दंड स्वरूप उनके सेवानिवृत्ति के बाद 50% पेंशन राशि की कटौती का आदेश जारी किया था। जिसे शिवाजी शर्मा ने एकल पीठ में चुनौती दी थी जिसमें उनकी जीत हुई थी। एकल पीठ के आदेश के खिलाफ सरकार की ओर से अपील दाखिल हुई थी, जिस पर हाईकोर्ट ने फैसला सुनाते हुए सरकार की अपील खारिज कर दी है।

## झारखंड में अब गरीब कैदियों को केंद्रीय कोष से जमानत या रिहाई पाने में मिलेगी मदद



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में अब गरीब कैदियों को केंद्रीय कोष से जमानत या रिहाई पाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड के गृह सचिव और जेल आईजी को इस बारे में सूचित किया है। यह उन कैदियों के लिए एक बड़ी राहत है जो आर्थिक तंगी के कारण जुमार्ना नहीं भर पा रहे थे।

झारखंड में अलग-अलग जेलों में बंद गरीब कैदियों की जमानत और रिहाई के लिए अब केंद्रीय कोष का इस्तेमाल किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता देना है, जो आर्थिक तंगी के कारण जुमार्ना अदा नहीं कर पाने के कारण जमानत या जेल से रिहाई नहीं पा रहे हैं।

**गरीब कैदियों को सहायता योजना मई 2023 में शुरू हुई थी :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने यह गरीब कैदियों को सहायता योजना मई 2023 में शुरू की थी।

इस योजना के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो को केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है,जिसके माध्यम से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को धनराशि प्रदान की जाती है।

मंत्रालय ने बताया कि बार-बार याद दिलाने के बावजूद, कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने धनराशि का उपयोग नहीं किया है, क्योंकि उन्होंने गरीब कैदियों की पहचान नहीं की और उन्हें योजना का लाभ नहीं दिया। कुछ राज्यों ने धनराशि का उपयोग तो किया, लेकिन समग्र कार्यान्वयन संतोषजनक नहीं रहा।

गृह मंत्रालय ने योजना के कार्यान्वयन के लिए पहले ही दिशा निर्देश और मानक संचालन प्रक्रिया जारी कर दी है। इन दिशा निदेर्शों के तहत, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को प्रत्येक जिले में एक अधिकार प्राप्त समिति और राज्य मुख्यालय स्तर पर एक निगरानी समिति गठित करनी होगी।

ये समितियां गरीब कैदियों को वित्तीय सहायता स्वीकृत करने के लिए जिम्मेदार होंगी। यह कदम झारखंड के गरीब कैदियों को न्याय दिलाने और उन्हें अनावश्यक रूप से जेल में रहने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## सीएम के हस्तक्षेप के बाद विधायक को मिला कमरा, मंत्री ने करायी सुलह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दिल्ली स्थित झारखंड भवन में कमरा नहीं मिलने पर पांकी (पलामू) से बीजेपी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता धरने पर बैठ गये। इसकी जानकारी जैसे ही राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को मिली। उन्होंने इसकी जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की और सीएम के निर्देश पर विधायक को मनाकर कमरे तक ले आये। जानकारी के अनुसार, डॉ शशिभूषण मेहता ने पहले से दो कमरे बुक करवाए थे, लेकिन जब वह झारखंड भवन पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि दो कमरा नहीं मिल सकता है। केवल एक कमरा उपलब्ध है। इसके बाद नाराज होकर विधायक रिसेप्शन पर ही धरने पर बैठ गये और वहीं अपना टिफिन खोलकर खाना खाया।

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य मंत्री**

झारखंड के पांकी से भाजपा विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता को दिल्ली स्थित झारखंड भवन में कमरा आवंटित न हो पाने की स्थिति से क्षुब्ध होकर उन्होंने भवन के रिसेप्शन काउंटर पर प्रतीकात्मक धरना दिया। इस मामले को लेकर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने उनसे तुरंत संवाद स्थापित कर पूरी स्थिति को शांति एवं सम्मान के साथ सुलझाया। डॉ. अंसारी ने विधायक मेहता को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप दो बार के विधायक और एक वरिष्ठ नेता हैं। ऐसे में मेरा आपसे निवेदन है कि इस विषय को यहीं समाप्त करें। व्यवस्था में थोड़ी दिक्कत है, जिसे शीघ्र दुरुस्त किया जाएगा। इसका मैं व्यक्तिगत रूप से आश्वासन देता हूं। इसके बाद मंत्री डॉ. अंसारी ने पूरे मामले की जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी। इसके बाद सीएम ने मंत्री से तत्काल इस समस्या का समाधान कराने को कहा। फिर क्या था धरना पर बैठे अपने कमरे में लौट गये।

इस मामले पर मंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सभी विधायकों का समान रूप से सम्मान करती है। चाहे वे किसी भी दल से हों। हम निष्पक्षता में विश्वास रखते हैं और यही हमारी सरकार की पहचान है। व्यवस्था को दुरुस्त करने में थोड़ा समय लग रहा है। नया झारखंड भवन बनकर तैयार है। जल्द ही ऐसी समस्याओं के स्वतः समाधान निकल जायेगा।

## झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने जाहिर की नाराजगी

**रांची।** झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष यशवंत विजय ने रांची जिला के अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मियों के इस वित्तीय वर्ष में वेतन नहीं भुगतान होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिले में आवंटन उपलब्ध रहने के बावजूद भी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के कार्य शिथिलता और स्वेच्छाचारिता के कारण बकरीद पर्व के पूर्व वेतन भुगतान संभव नहीं हो पाया। जिससे बहुत से कर्मियों का पर्व त्यौहार फीका हो गया। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी से आग्रह किया कि अविलंब अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक कर्मियों के वेतन भुगतान करने में उचित पहल करें।

### आदिवासी लड़कियों के साथ छेड़छाड़पर बाबूलाल ने उठाये सरकार पर सवाल, कहा

# आदिवासी बेटियों की इज्जत से खेलने वालों को मजहब देखकर बचा लिया जाता है



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने रामगढ़ जिले में आदिवासी नाबालिग लड़कियों के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले को लेकर झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि 4 जून की दामोदर नदी में नहाने गयी 6 आदिवासी नाबालिग लड़कियों और एक महिला के साथ कुछ मुस्लिम युवकों ने अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ की। इसके बाद भी स्थानीय पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है।

**क्या है मामला :** स्थानीय लोगों की मानें तो क्षेत्र में पानी की समस्या के चलते महिलाओं को नहाने के लिए नदी पर जाना पड़ता है, जहां ये असामाजिक तत्व रोजाना महिलाओं और बच्चियों को परेशान करते हैं। पीड़ित आदिवासी पक्ष द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। यहां तक कि जिन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया था, उन्हें भी कुछ मुस्लिम नेताओं के दबाव में छोड़ दिया गया।


**बाबूलाल मरांडी का आरोप :** मरांडी ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार ने तुष्टिकरण के चलते न्याय तंत्र को इतना लचर बना दिया है कि आदिवासी बेटियों की इज्जत से खेलने वालों को मजहब देखकर बचा लिया जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि आपने आदिवासियों को अबुआ सरकार के सपने दिखाए थे। कम से कम उन्हें तो अपने वोट बैंक की राजनीति का शिकार मत बनाइए।

**रामगढ़ एसपी कार्रवाई सुनिश्चित करें**

रामगढ़ एसपी से बात कर मरांडी ने उन्हें पूरी तरह निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्ति करने को कहा है, ताकि दोषियों को सख्त सजा मिल सके। मरांडी ने कहा कि जल्द से जल्द इस मामले में संज्ञान लेकर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की जानी चाहिये, ताकि ऐसी शर्मनाक घटनाएं दोहराई न जाये और आदिवासी समाज की बेटियां अपने ही गांव में असुरक्षित महसूस न करें।

# झारखंड में बोर्ड-निगम और आयोग के खाली पदों को भरने की प्रशासनिक कवायद शुरू

**प्रशासनिक तैयारी के बीच सत्तारूढ़ दलों से लिस्ट तैयार करने को कहा गया**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में बोर्ड-निगम और आयोग के लंबे समय से खाली पदों को भरने की कवायद शुरू हो गई है। प्रशासनिक तैयारियों के बीच सत्ताधारी दलों को आयोग में मनोनीत किए जाने वाले लोगों की सूची तैयार करने को कहा गया है। सत्ताधारी दल झामुमो, कांग्रेस और राजद के अंदर इसको लेकर कवायद तेज हो गई है। सभी दलों द्वारा सूची तैयार किए जाने के बाद जून के अंत तक इसे अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है।

इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बैठक होगी, जिसमें सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय के अनुसार आयोग के खाली पदों को भरने के प्रति सरकार संवेदनशील है और इसको लेकर कवायद शुरू कर दी गई है, जल्द ही सभी खाली पदों को भर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसको लेकर सत्ताधारी गठबंधन में कोई खींचतान नहीं है।

**तय फामूर्ले के आधार पर मिलेगी हिस्सेदारी :** बोर्ड-निगम और आयोग के खाली पदों को भरने के लिए सत्ताधारी दलों के बीच तय फामूर्ले के आधार पर मनोनयन किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा कहते हैं कि सत्ताधारी दल के अंदर तय फामूर्ले के आधार पर कार्यकताओं का मनोनयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी' के आधार पर पहले भी बोर्ड निगम में कामगारों को अवसर मिलता रहा है और आगे भी अवसर मिलेगा। इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए गए हैं और बहुत जल्द स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत कामगारों को बोर्ड निगम और आयोग में शामिल किया जाएगा। इस बारे में सत्ता पक्ष में कोई मतभेद नहीं है।

**महिला आयोग से लेकर जैक तक भरे जाएंगे पद**

राज्य के बोर्ड, निगम और आयोगों में 40 से अधिक पद रिक्त हैं। सरकार द्वारा शुरू की गई कवायद के तहत महिला आयोग से लेकर जैक, उपाध्यक्ष और सदस्य तक के रिक्त पदों को भरा जाएगा। भरे जाने वाले रिक्त पदों में महिला आयोग, झारखंड राज्य बाल श्रम आयोग, खान परिषद, हजारीबाग, रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण, जेआरईडीए, तेनुघाट विद्युत निगम लिमिटेड आदि शामिल हैं। इन बोर्ड और निगमों में लंबे समय से पद रिक्त हैं।

# झारखंड में हिट एंड रन पीड़ितों का अब होगा कैशलेस इलाज

### परिवहन विभाग ने तैयार किया प्रस्ताव, बनेगा हॉस्पिटल का पैनल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने हिट एंड रन मामलों में घायलों के लिए कैशलेस इलाज की योजना शुरू करने की तैयारी की है। इसके तहत घायलों को सात दिनों तक अस्पताल में रहने के दौरान किसी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। सरकार इसके लिए अस्पतालों का एक पैनल बनाएगी, जहां मरीजों को भर्ती कराया जा सकेगा।

**अस्पतालों का पैनल और कैशलेस इलाज :** परिवहन विभाग ने इस योजना के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया है और जल्द ही नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके बाद अस्पतालों का पैनल बनाया जाएगा, जहां घायलों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। बताते चलें कि झारखंड में 2024 में हिट एंड रन के 2473 मामले दर्ज हुए और इनमें से 864 मामलों में लोगों को मुआवजा दिया जा सका। शेष मामले प्रक्रिया की पेंच में फंसे हुए हैं।

**पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा**

झारखंड में हिट एंड रन के मामलों में पीड़ितों को मुआवजा देने की प्रक्रिया को सरल बनाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस के जवानों को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि अस्पताल में भर्ती कराने की प्रक्रिया में कहीं कोई अड़चन न आये।

# भाईचारगी के साथ जमशेदपुर समेत पूरे कोल्हान में मनी बकरीद

खबर मन्त्र टीम

**जमशेदपुर/गम्हरिया/जादूगोड़ा।** शनिवार को जमशेदपुर समेत कोल्हान प्रमंडल के सभी क्षेत्रों में मुस्लिम समाज द्वारा धूमधाम एवं भाईचारगी के साथ बकरीद मनाया गया। जमशेदपुर के अलावा गम्हरिया, कांड्रा, कोलाबीरा, धातकीडीह, मुड़िया,हल्दीपोखर, जादूगोड़ा, गम्हरिया आदि क्षेत्रों में लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाई दी। विदित है कि ईद उल अजहा मुस्लिम समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह हजरत इब्राहिम की उस कुबार्नी की याद में मनाया जाता है, जब उन्होंने अल्लाह के आदेश पर अपने बेटे को कुर्बान करने का इरादा किया। इसी याद में मुस्लिम समुदाय कुबार्नी देते हैं और अल्लाह की इबादत करते हैं। यह पर्व समाज में एकता, भाईचारे और इंसानियत के संदेश को मजबूती प्रदान करता है।

मानगो के ईदगाह मैदान में बकरीद की नमाज अदा की गई और वहां जुटे हजारों धर्मावलंबियों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की शुभकामनाएं दीं। ईद-उल-अजहा के अवसर पर आजादनगर ईदगाह में नमाज के बाद एक सुखद और सौहार्दपूर्ण दृश्य देखने को मिला जब आजादनगर थाना प्रभारी चंदन कुमार ने लोगों को ईद की मुबारकबाद देने पहुँचकर सभी समुदायों के बीच भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इस दौरान मानगो नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर मुख्तार आलम खान, मदीना मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद ओवैस रजा आजहरी, मस्जिद के अध्यक्ष मुख्तार शफी मिस्त्री भाई, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डॉ. जहानजेब खान, जावेद, जॉइंट सेक्रेटरी मोहम्मद मकबूल आलम, सैयद शौकत अली, मोहम्मद दानिश, सोनू, मोहम्मद असलम, एमडी सईद आदि लोग आपस में गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर आपसी एकता, भाईचारा और सहयोग की भावना के साथ ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आजादनगर थाना के सब-इंस्पेक्टर मनीष रॉय, दीपक रौशन तथा टाइगर मोबाइल के जितेन गोराई ने भी सभी उपस्थित लोगों को ईद की बधाई दी।



आजादनगर ईदगाह मैदान में सामूहिक नमाज का विहंगम दृश्य।

हमारे गम्हरिया प्रतिनिधि के मुताबिक गम्हरिया के सभी क्षेत्रों से मुस्लिम समुदाय के लोग प्रातःकाल में मुड़िया स्थित ईदगाह में जुटे जहां सभी ने अल्लाह की इबादत में अकीदत के साथ नमाज अदा की। इस दौरान उपस्थित मौलाना ने उन्हें अकीदत और भाईचारे के साथ नमाज अदा कराई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और समाज में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। ईदगाह परिसर में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर किसी के चेहरे पर ईद की खुशियां झलक रही थीं। सभी ने आपसी भाईचारे का संदेश दिया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां साझा की।

हमारे जादूगोड़ा प्रतिनिधि के मुताबिक जादूगोड़ा की जामा मस्जिद में आज सुबह 7:30 बजे ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। नमाज की इमामत मोहम्मद सहफिक ईमाम साहब ने की। नमाज के बाद अपने खुतबे में उन्होंने सभी को सुख, अमन, भाईचारे और शांति से पर्व मनाने का संदेश दिया।इस मौके पर स्थानीय प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी राजेश मंडल भी पहुंच कर लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि जादूगोड़ा में हिन्दू-मुस्लिम समेत सभी धर्मों के त्योहार आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाये जाते हैं।


## स्पीड न्यूज



### चोरी-छिनतई करनेवाले पांच अपराधी गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पुलिस ने चार पहिया गाड़ी से घूमकर चोरी और छिनतई जैसी घटना को अंजाम देने वाले पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी और छिनतई के सामान जब्त किये है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि पकड़े गये लोगों में गोलमुरी नामादा बस्ती गुरुद्वारा के सामने रहने वाले हरपाल सिंह उर्फ गबरू, गोलमुरी टुइलाडुंगरी गुरुद्वारा कांप्लेक्स के हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी उर्फ रितिक उर्फ बोनी, सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह कालू बगान राधास्वामी सतसंग के बगल में रहने वाले मनप्रीत सिंह, गोलमुरी नामदा बस्ती बाबा कुटिया निवासी माइकल मोर्बिन डॉस उर्फ पियुष सिंह, गोलमुरी टुइलाडुंगरी लाइन नंबर 16 हनुमान मंदिर के पास रहने वाले राहुल रजक, गोलमुरी के नामादा बस्ती विकास कॉलोनी निवासी गुरजीत सिंह उर्फ विशाल उर्फ तक्को और नामदा बस्ती गुरुद्वारा निवासी परमजीत सिंह उर्फ प्रेम शामिल है। जमशेदपुर पुलिस ने संवाददाता सम्मेलन कर जानकारी दी है कि ये आपराधिक गिरोह के लोग सिदगोड़ा और टेल्को समेत आसपास के इलाके में कार से और बाइक से घुमकर छिनतई की घटना को अंजाम देते थे। इन लोगों के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल, एक अतिरिक्त मैगजीन, एक गुप्ती, एक खंती, दो चापड़, दो डिफेंस स्प्रे बरामद किया है। इन लोगों में चार लोगों के खिलाफ पहले से ही आपराधिक मामला दर्ज है, उनकी निशानदेही पर कई गाड़ियों को जब्त किया गया है जिनका इस्तेमाल लूट में किया जाता था।

### बापी ओझा के स्टेशनरी दुकान में चोरी की



**गम्हरिया।** आदित्यपुर थानांतर्गत गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक के समीप स्थित बापी ओझा के स्टेशनरी दुकान में बीती रात असामाजिक तत्वों द्वारा नकदी व सामानों की चोरी कर गुमटी को आग के हवाले कर दिया गया। आग लगाने से गुमटी पूरी जलकर राख हो गया जिससे लाखों की क्षति होने की बात बतायी गयी है। शनिवार को दुकानदार ने इसकी सूचना आदित्यपुर पुलिस को देने के बाद पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और जांच में जुट गयी है।

### टिकट में रियायत को रिट दायर करेगा संघ

**जमशेदपुर।** रेल यात्रा में पूर्व की तरह बरिष्ठ पुरुष एवं महिला को क्रमशः 40 एवं 50 प्रतिशत किराया छूट बहाल करने की मांग पर सिंहभूम जिला केंद्रीय वरिष्ठ नागरिक समिति ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने बताया कि मांगने से भिख नहीं मिलता भगवान राम भी समुद्र से तीन दिन तक रास्ता मांगते रहे नहीं दिया लेकिन जब अपने शक्ति का प्रयोग किये तो त्राहिमाम बोल दिया आजादी के बाद से भारत में वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे में वरिष्ठ नागरिक पुरुष और महिला को 40 और 50 प्रतिशत छूट मिलता था।

### पीएम के कामों को जन-जन तक पहुंचाना है

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में बमामाईंस स्थित देवस्थान सभागार में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला आयोजित की गयी, जिसमें राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मोदी सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर चलाये जा रहे संकल्प से सिद्धि अभियान पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व सांसद गीता कोड़ा मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुई।

# सूर्य प्रभा के वाहन पर नगर भ्रमण के लिए निकले वेंकटेश्वर स्वामी बालाजी

- आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम, बिस्टुपुर में ब्रह्मोत्सवम के दूसरे दिन ध्वजारोहण, अभिषेकम, कलश स्थापना संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर स्थित आंध्र भक्त श्री राम मंदिरम में चल रहे 56वें ब्रह्मोत्सवम के दूसरे दिन (07 जून 2025) धार्मिक श्रद्धा और दक्षिण भारतीय वैदिक परंपराओं के साथ भव्य अनुष्ठान संपन्न हुए। इस पावन अवसर पर सुबह 6 बजे पंडित कोंडामचारुलु, पंडित संतोष एवं अन्य विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच गरुड़ध्वज के साथ ध्वजारोहण किया गया, जो ब्रह्मोत्सव की औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है। गरुड़ध्वज, भगवान विष्णु के वाहन गरुड़ का प्रतिनिधित्व करता है और इसे मंदिर के ध्वजस्तंभ पर विधिवत रूप से फहराया गया। इस दौरान नादस्वरम की मधुर धुनें मंदिर परिसर में गूंजती रहीं।



सूर्य प्रभा वाहन पर नगर भ्रमण पर निकलते वेंकटेश्वर स्वामी बालाजी।

ध्वजस्थंभ को पहले पवित्र जल एवं दूध से स्नान कराया गया, फिर गरुड़ध्वज को मंत्रोच्चार के साथ बांधा गया। इसके उपरांत भगवान वेंकटेश्वर एवं गरुड़ की विशेष पूजा कर सभी देवताओं को उत्सव में आमंत्रित किया गया। सैकड़ों भक्तों ने इस दिव्य क्षण के दर्शन कर आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति की।

सुबह 8 बजे भगवान वेंकटेश्वर की मूर्ति का अभिषेकम अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। पंचामृत स्नान (दूध, दही, घी, शहद और चीनी) के पश्चात गंगाजल और अन्य पवित्र जल से अभिषेक किया गया। भगवान को चंदन, कुमकुम, नए वस्त्र एवं आभूषणों से सजाया गया और पुष्पों से अलंकृत किया गया।

शाम 5 बजे कलश स्थापना का अनुष्ठान विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ। कलश को गंगाजल, तुलसी एवं औषधीय द्रव्यों से भरकर आम पत्रों और नारियल से सुशोभित कर यज्ञशाला में स्थापित किया गया। इसके उपरांत चक्रभजमंडला पूजा की गई, जिसमें सुदर्शन चक्र के प्रतीक मंडल की स्थापना कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन एवं पूजा की गई। भक्तों पर पवित्र जल का छिड़काव कर उनकी सुख-शांति और रक्षा की कामना की गई।

इसके पश्चात भिरितातन्म बलि दिग्बंधन पूजा की गई, जिसमें सभी दिशाओं में बलि अर्पण कर नकारात्मक शक्तियों से सुरक्षा हेतु विशेष हवन किया गया। दिशाओं के देवताओं (दिक्पालों) का आह्वान कर मंदिर परिसर की शुद्धता के लिए प्रार्थनाएं की गयीं।

सांझ 7 बजे तिरुवीदी उत्सवम के अंतर्गत भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को सूर्या प्रभा वाहन पर विराजित कर पालकी यात्रा के रूप में नगर भ्रमण कराया गया। यह पालकी यात्रा बी.जी. विलास कदमा, आंध्र एसोसिएशन एवं रांकिणी मंदिर कदमा होते हुए गुजरी। सैकड़ों श्रद्धालु भगवान के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर अभिभूत हो गए। भक्तों ने पुष्प अर्पित कर आरती एवं पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर भ्रमण के पश्चात भगवान को पुनः मंदिर में लाया गया, जहां विशेष पूजा-अर्चना कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर कमेटी के समस्त पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर पूरे दिन भक्ति, आस्था और वैदिक परंपराओं की दिव्यता से अनुप्राणित रहा।

## एक नजर में

### शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मिला भारत स्काउट एंड गाइड का शिष्टमंडल



**जमशेदपुर।** शनिवार को पूर्वाह्न 9 बजे जिला संगठन आयुक्त नरेश कुमार के नेतृत्व में भारत स्काउट एंड गाइड पूर्वी सिंहभूम जिला संगठन का तीन सदस्यीय शिष्ट मंडल ने झारखंड सरकार के मंत्री स्कूली शिक्षा और साक्षरता राम दास सोरेन के जमशेदपुर के टेल्को, घोड़ा बांधा स्थित आवासीय कार्यालय पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात किया। मौके पर पुष्प गुच्छ और भारत स्काउट एंड गाइड का प्रतीक चिन्ह स्कार्फ पहना कर अभिनंदन किया। इस दौरान पूर्वी सिंहभूम जिला के विभिन्न विद्यालयों में मौजूदा स्काउट एंड गाइड की गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया। साथ ही जिला में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विधिवत जानकारी प्रदान किया और पूर्वी सिंहभूम जिला भारत स्काउट एंड गाइड संगठन हेतु मुख्य संरक्षक पद हेतु निवेदन किया जिसे माननीय मंत्री महोदय ने सहमति प्रदान किया। मुलाकात के दौरान सिस्ट मंडल ने भारत स्काउट एंड गाइड के बेहतर कार्यों हेतु सहयोग का निवेदन किया और आग्रह किया गया पूर्वी सिंहभूम जिला के जिन विद्यालयों में बेहतर ढंग से स्काउट गाइड के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं उन्हें सम्मानित करना है। इस बाबत जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। मंत्री रामदास सोरेन ने ध्यान पूर्वक सिस्ट मंडल के आग्रह/निवेदन को सुना और स्काउट एंड गाइड संगठन के मजबूती हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जहां सिस्टम मॉडल का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त नरेश कुमार ने किया। उनके साथ जिला आयुक्त सह राज्य प्रतिनिधि स्काउट श्याम कुमार शर्मा और कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह की मौजूदगी बनी रही।

### नलिता के कायदा गांव में छऊ कलाकारों को सांसद जोबा माझी ने किया सम्मानित



**चक्रधरपुर/जमशेदपुर।** चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नलिता पंचायत के ग्राम कायदा जुगीडीह में छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शनिवार को छऊ नृत्य समापन समारोह के अवसर पर सिंहभूम की सांसद जोबा माझी मुख्य अतिथि थीं। मौके पर स्थानीय कलाकारों ने विभिन्न शैली में छऊ नृत्य प्रस्तुत किये। सांसद जोबा माझी ने उपस्थित दर्शक एवं कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा छऊ नृत्य झारखंड के पारंपरिक सभ्यता का प्रतीक है, नृत्य मनोरंजन का साधन ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान भी है। छऊ नृत्य सभ्यता-संस्कृति से जुड़ा होने के कारण इसे संरक्षित एवं विकसित बनाये रखना हम सभी का कर्तव्य है। छऊ नृत्य कार्यक्रम के दौरान मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले कायदा गांव के छात्र-छात्राओं को सांसद के हाथों पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा छऊ नृत्य प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को भी सांसद के हाथों सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य रामलाल मुंडा, कांग्रेस नेता सह पूर्व विस प्रत्याशी विजय सिंह सामाड, कमेटी के सदस्य सोमाय सोय, सेवानिवृत शिक्षक विजय सिंह हांसदा, नरेश गागराई, सोमनाथ सामाड, लाल सिंह सामाड, मोहन सामाड, विजय केराई, संतोष मिश्रा समेत काफी संख्या में ग्रामीण दर्शक उपस्थित रहे।

# टाटा कमांड एरिया में संपत्ति रजिस्ट्री पुनः आरंभ करने की मांग हुई तेज

खबर मन्त्र ब्यूरो



- जमशेदपुर पूर्वी विधायक पूर्णिमा साहू ने निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन को पत्र लिखकर हस्तक्षेप की मांग की

**जमशेदपुर।** टाटा कमांड एरिया, जमशेदपुर में दुकान, मकान, जमीन और फ्लैट्स की रजिस्ट्री प्रक्रिया के वर्षों से बंद रहने पर उत्पन्न समस्याओं को लेकर जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। यह पत्र सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पत्र के आधार पर लिखी गयी है, जिसमें चैंबर ने क्षेत्र में रजिस्ट्री प्रक्रिया के ठप होने से नागरिकों और व्यापारियों को हो रही असुविधा को दशार्ते हुए विधायक पूर्णिमा साहू से हस्तक्षेप की मांग की थी। पत्र में विधायक पूर्णिमा साहू ने बताया कि रजिस्ट्री प्रक्रिया के बंद होने से संपत्ति खरीद-बिक्री के लिए आम नागरिकों में अनिश्चितता का माहौल है एवं निर्माण गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। इससे क्षेत्र का विकास कार्य अवरुद्ध होने के साथ-साथ राज्य सरकार को राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है।

# नुवोको के सोनाडीह सीमेंट प्लांट के कर्मचारियों के वेतन में 12,800 रुपये प्रति माह की बढ़ोत्तरी

- प्रबंधन के साथ यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने किया समझौते पर हस्ताक्षर

खबर मन्त्र ब्यूरो



समझौते के बाद यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय अपने सहयोगियों के साथ।

**जमशेदपुर।** छत्तीसगढ़ स्थित सोनाडीह सीमेंट प्लांट मे स्थायी श्रमिकों का वेतन समझौता नुवोको प्रबंधन और मान्यता प्राप्त यूनियन सोनाडीह लाइम स्टोन क्वेरी & सोनाडीह सीमेंट वर्कर्स यूनियन के बीच संपन्न हुआ। समझौता 1 जनवरी 2024 से 31 दिसम्बर 2027 (4 वर्ष ) के लिए प्रभावी होगा। उक्त रिवीजन 1 जनवरी 2024 से लंबित था। समझौता के तहत कर्मचारियों के वेतन मे औसतन 12800/ रुपये प्रति माह की बढ़ोतरी होंगी जिसमे न्यूनतम गारंटीड बेनिफिट बेसिक का 12% होगा। वाहन भत्ता 3000/ प्रतिमाह, शिक्षा भत्ता 500/ प्रतिमाह, वाशिंग भत्ता 1500/ प्रतिमाह, एल टी सी 35000/ रुपए (2 वर्षो के लिए) सहित अन्य सभी भत्तों मे बढ़ोतरी की गयी। जून माह के वेतन के साथ सभी कर्मचारियों को 17 माह के एरियर का भुगतान कंपनी करेंगी। समझौता का लाभ 125 स्थायी कर्मचारियों को मिलेगा। समझौता पर प्रबंधन के मैन्युफैक्चरिंग हेड राजू रामचंद्रन, वी पी (एच आर, आई आर) अर्णव बासु, जितेंद्र जैन प्लांट हेड (सोनाडीह सीमेंट प्लांट) आदि भी थे।

# गमगीन माहौल में सुप्रसिद्ध व्यवसायी प्रणय पांडेय को दी गयी अंतिम विदाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर के सुप्रसिद्ध व्यवसायी एवं हाई सोसाइटी फर्निशिंग शो-रूम के प्रोपराइटर पशुपति कुमार पांडेय के सुपुत्र प्रणय पांडेय की असामयिक मृत्यु से पूरे शहर के व्यवसायी वर्ग में शोक की लहर दौड़ गयी है। आज भुइयांडीह स्थित स्वर्णरेखा मुक्तिधाम में अत्यंत गमगीन और भावुक वातावरण में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, उनका पार्थिव शरीर प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस स्थित आवास से अंतिम यात्रा पर रवाना हुआ। इस अंतिम यात्रा में शहरभर से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इस दुःखद अवसर पर शहर के कई प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाजसेवी, पत्रकार, उत्तर प्रदेश संघ के प्रतिनिधि, गुरुद्वारा प्रबंधन समितियों के सदस्य, व्यापारीगण एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक संस्थाओं से जुड़े लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



युवा प्रणय पांडेय की शवयात्रा में शामिल लोग।

# आशियाना आदित्य सोसाइटी में धूमधाम से पौधरोपण कार्यक्रम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आशियाना आदित्य सोसाइटी परिसर में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अधिवक्ता उमेश कुमार सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंह ने फलदार वृक्ष का पौधारोपण किया। इस अवसर पर सोसाइटी के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और भारी संख्या में फलदार एवं अन्य विभिन्न प्रकार के पौधे लगाये। कार्यक्रम के दौरान सोसाइटी परिसर हरियाली से भर उठा और बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। वृक्षारोपण के दौरान बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा और पौधों की देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाग लेकर बच्चों ने यह संदेश दिया कि पर्यावरण की रक्षा के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

### गम्हरिया थाना के सेवानिवृत एएसआई गिरिजेश शर्मा को दी गयी भावभीनी विदाई



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कांड्रा थाना परिसर में समारोह आयोजित कर पुलिसकर्मियों द्वारा सेवानिवृत्त एएसआई ग्रिजेश कुमार शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान मौजूद पुलिस पदाधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा उन्हें फूल-माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी विनोद कुमार मुर्मू ने ग्रिजेश प्रसाद को एक ईमानदार पुलिस पदाधिकारी बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उनके कार्य कभी भुलाये नहीं जा सकते। उनके स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना कर सेवानिवृत्ति के बाद भी उनकी हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया। अपने विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए ग्रिजेश शर्मा ने अपनी पुरानी यादों को ताजा करते हुए सभी उच्चाधिकारियों और सहयोगी पुलिस अधिकारियों की सराहना की और अपने कार्यकाल में साथ देने पर आभार जताया। मौके पर कई पुलिस जवान व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

- टाटा मोटर्स लिमिटेड के सेवानिवृत्त कर्मियों का विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के द्वारा मई माह में टाटा मोटस कंपनी जमशेदपुर प्लांट से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का शनिवार को सामूहिक विदाई सह सम्मान समारोह यूनियन परिसर में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान कुल 10 सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं महामंत्री आरके सिंह के हाथों संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मानित होने वाले सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ यूनियन के पदाधिकारी एवं संबंधित सेवानिवृत्त कर्मियों के डिपार्टमेंट के कमेटी मेंबर भी मौजूद थे।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों ने बारी-बारी से अपने - अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम में सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को अपने जीवन संगिनी संग सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया था, इस उद्देश्य से की सेवानिवृत्त कर्मियों की पत्नियां भी यूनियन से रूबरू हो सकें।

कार्यक्रम के दौरान महामंत्री आरके सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शुभकामनाएं दी साथ ही सेवानिवृत्ति के बाद जरूरत पड़ने पर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिये।

**इन सेवानिवृत्त कर्मियों का हुआ सम्मान :** व्हीकल फैक्ट्री से विजय कुमार सिंह , कंस्ट्रक्शन से शुभ्रता साहू , कैब एंड कॉल फैक्ट्री से अनिल सिंह, सजल कुमार गिरि व सतीश कुमार शर्मा, क्यूए से दिलीप कुमार पलिकार एवं कृष्णा कुमार टुडू , ड्राइव लाईन से सब्बीर आलम, मोहम्मद नसीम एवं प्रेम शंकर तिवारी।

### संविधान की रक्षा ही भारत की रक्षा है, इसे मिटने कभी नहीं देंगे : आनंद बिहारी दुबे



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर टाटानगर मण्डल कांग्रेस कमिटी के नेतृत्व में नुक्कड सभा का आयोजन मण्डल अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा की अध्यक्षता में गाड़ीवानपट्टी किताडीह में आयोजित की गई। जमशेदपुर ग्रामीण प्रखण्ड अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे एवं प्रखंड पर्यवेक्षक अखिलेश सिंह यादव का स्वागत अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। नुक्कड़ सभा को मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार कदम कदम पर भारत के संविधान को बदलने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में आम जनता से 400 सीट भी मांगा परन्तु आम जनता ने ऐसा होने नहीं दिया।

## स्पीड न्यूज

### शांतिपूर्ण अदा की गयी बकरीद की नमाज



**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में शनिवार को सुबह 7 से 8 बजे के बीच मुस्लिम समुदायों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। मौके पर सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के बच्चे बूढ़े नौजवान निहार दुआ कर नए वह साफ-सुथरे कपड़े पहन कर अपने-अपने नजदीकी मस्जिद व ईदगाहों में नमाज पढ़ने निकले। इमाम साहब ने इसकी विस्तृत जानकारी दी। मौके पर प्रशासन ने भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया था।

### छठ पोखरा की पीड़ और धर्मशाला को अतिक्रमणमुक्त कराने की मांग

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के प्रमुख छठ पर्व तालाब के चारों तरफ अतिक्रमण व धर्मशाला पर अवैध कब्जा हटाने की मांग विगत कई वर्षों से कई धार्मिक व सामाजिक संगठन कर रहे हैं। इसी संदर्भ में पुनः सामाजिक कार्यकर्ता राणा रंजीत ने एसडीओ, एसडीपीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी हुसैनाबाद को पत्र लिख अतिक्रमण हटाने की मांग की है। उन्होंने इसके लिए 8 जून को संध्या 5 बजे एक बैठक रखी है, जिसमें सभी पूजा समिति व शहर के प्रबुद्ध लोगों को बुलाया गया है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का हर घर से बहिष्कार बहुत ही जरूरी है : प्राचार्य



**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के एक मात्र सरकारी डिग्री कॉलेज झारखा में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता पर विचार गोष्ठी की गयी। मौके पर लोगों ने पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ राम कुमार प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण बहुत जरूरी है। आज वनों की धड़ल्ले से कटाई जारी है इससे पर्यावरण खतरे में है। आने वाले समय में मानव जीवन ही नहीं बल्कि धरती के सभी जीव जंतुओं पर कुप्रभाव पड़ेगा। उन्होंने इन सभी चीजों के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने की बात कही। कहा कि वर्तमान में सिंगल यूज प्लास्टिक का घर-घर से बहिष्कार जरूरी है। पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी हम सुरक्षित रह पायेंगे। बेहतर पर्यावरण से आने वाली पीढ़ी को भी लाभ मिलेगा। प्रो डॉ चंदन कुमार ने पर्यावरण संरक्षण पर विस्तृत चर्चा किया। मौके पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलायी। मौके पर दर्जनों विद्यार्थी-कर्मी मौजूद थे।

### सहायक शिक्षक के परिजनों से मिले विधायक आलोक, जताया दुख



**रामगढ़ पलामू।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कटहर टोला के सहायक शिक्षक सह प्रधानाध्यापक गिरिवर प्रजापति (58) के परिजनों से क्षेत्रीय विधायक आलोक चौरसिया ने मुलाकात की। विधायक ने इनके निधन पर गहरा शोक जताया एवं हरसंभव लाभ दिलाने का आशवासन दिया। बताते चलें कि एक माह से बीमार गिरिवर की 29 मई को मौत हो गयी थी। उनका इलाज मेदिनीनगर के भगवती हॉस्पिटल में चल रहा था। बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाया जा रहा था। इस दौरान कुडू के पास अंतिम सांस ली थी। मौके पर उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की। मौके पर दिनेश यादव, शंभू राम, मुखिया उमा शंकर प्रसाद, हरेंद्र प्रजापति, शंकर, मुखिया पति महेंद्र प्रसाद सोनी, दीपक चंद्रवंशी मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त चौकीदार को दी गयी विदाई



**हरिहरगंज पलामू।** थाना अंतर्गत सरसोत पंचायत के चौकीदार कपिलदेव भुइयां के सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को अंचल कार्यालय में समारोह कर विदाई दी गयी। अध्यक्षता सीओ मनीष सिन्हा तथा संचालन अंचल नाजीर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का ने किया। विदाई समारोह में उन्हें अंगवस्त्र व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी तथा सीओ मनीष सिन्हा ने कहा कि सरकारी सेवा में एक न एक दिन सेवानिवृत्त होना तय है। परंतु सेवाकाल के दौरान निभाया गया कर्तव्य हमेशा याद रखा जाता है। मौके पर एसआइ विगेश राय, अविनाश कुमार, शशि शेखर पांडेय, धनंजय गोप, एएसआइ सुनील यादव, सीआइ संजीव कुमार, राजस्व कर्मचारी रामपत प्रजापति, संतोष उरांव, चौकीदार सरजू यादव, उदय पासवान, राहुल कुमार, विश्वनाथ राम, हरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, चंदन कुमार व अन्य मौजूद थे।

### किसान का बेटा आईआईटी में सफल



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोटनिया के एकवनी गांव राजकुमार मेहता के पुत्र प्रशांत ने ऑल ओवर इंडिया आईआईटी परीक्षा में 15250 रैंक व ओबीसी एनसीएल रैंक 3812 लाकर सफल हुए। मौके पर उतरी क्षेत्र के जिप सदस्य राजू मेहता व अन्य लोगो ने उनके आवास पर बधाई दिया। इस दौरान श्री मेहता ने कहा कि क्षेत्र के बच्चे हर परीक्षा में सफल परचम लहराये इससे अन्य लोगो मे प्रतियोगिता की भावना बढ़ता हैं। उन्होंने उनके पिता को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान समय मे खेती किसानी कर बच्चों के उच्च शिक्षा देने वाले माता पिता बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने कहा था शिक्षा ऐसा अस्त्र शस्त्र है जिससे हर किसी को परास्त किया जा सकता हैं। वही प्रशांत कुमार ने कहा कि मेरे सफलता के पीछे पिता का परिश्रम हैं। हर व्यक्ति को अपने पिता के कर्ज को शिक्षा व सफलता से चुकाया जा सकता है। वहीं उन्होंने अपने गुरु को भी सफलता में योगदान बताया। मौके पर सुरेश मेहता, रामचंद्र मेहता, शिक्षक मनोज कुमार मेहता, सुबोध मेहता विनय, अशोक मेहता, मेहता आदि ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# कोयल रिवर फ्रंट में स्थानीय युवाओं ने गंगा आरती कर रचा इतिहास : अरुणा

### हर रविवार गंगा आरती कराने का होगा प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में पहली बार मेदिनीनगर के युवाओं ने पुरोहित बन गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं नव जागृति संस्कृति आयाम के सौजन्य से गंगा आरती की। मौके पर मुख्य अतिथि प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि जहां हमलोग किसी भी धार्मिक कार्यक्रम में बनारस और इलाहाबाद से हजारों खर्च कर गंगा आरती करने के लिए पुरोहितों को बुलाते थे वहीं आज हमारे शहर के युवा धार्मिक कार्यों में रुचि दिखाते हुए बहुत ही शानदार ढंग से गंगा आरती कर एक नयी लकीर खींची है।





प्रथम महापौर ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब हमारे यहां भी बनारस, अयोध्या और ऋषिकेश की तर्ज प्रतिदिन की जगह फिलहाल कोयल रिवर फ्रंट में हर रविवार संध्या 6 बजे गंगा आरती होने लगे जिसके लिए मैं प्रयासरत हूं। प्रथम महापौर ने कहा कि कोयल रिवर फ्रंट बनाने वक्त मेरे मन में यही भावना थी की जहां युवा, माता, बहनें एवं बच्चे घूम सकें। साथ ही बुजुर्गों एवं धर्म प्रेमियों को गंगा आरती प्रतिदिन उपलब्ध करा सकूं जो सपना अब स्थानीय युवाओं के अथक प्रयास से पूरा होता नजर आ रहा है। मैं जल्द सभी गंगा आरती करने वाले युवा मित्रों से बात कर इसकी रूपरेखा तैयार करूंगी। गंगा दशहरा आयोजन में गंगा आरती करने वाले युवाओं में राहुल कुमार, आदर्श, सुशांत, दीपक और पुष्कर ने प्रथम गंगा आरती कर उपस्थित हजारों लोगों को मंत्र मुग्ध करते हुए इतिहास रचा। कार्यक्रम में पूर्व वार्ड पार्षद चंचला देवी, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, राहुल कुमार ने सक्रिय योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# दिल्ली के झारखंड भवन में नहीं मिला कमरा, तो रिसेप्शन पर ही धरना पर बैठ गये पांकी विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ शशिभूषण मेहता को दिल्ली स्थित झारखंड भवन में कमरा नहीं मिला, तो वह रिसेप्शन पर ही धरने पर बैठ गये। उन्होंने इसकी शिकायत विधानसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ और मुख्यमंत्री की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन से भी की। विधायक डॉ मेहता ने अपने नाम से दो कमरे बुक करवाये थे। शुक्रवार को जब वे झारखंड भवन पहुंचे, तो रिसेप्शन काउंटर पर उनसे कहा गया कि कोई कमरा खाली नहीं है। इससे आहत विधायक वहीं रिसेप्शन के सामने लगेज के साथ जमीन पर बैठ गये। विधायक ने अपना टिफिन खोला और वहीं पर भोजन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड के भाजपा विधायक से ऐसा व्यवहार हो रहा है यह अपमान विधायिका का है। यह व्यवहार बर्दाश्त के योग्य नहीं है।



विधायक डा मेहता ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर से इसकी तहकीकात की, तो पता चला कि एक कमरा पूर्व विधायक के नाम पर बुक है। शेष सभी कमरे खाली हैं। विधायक ने कहा कि करोड़ों रुपए खर्च करके सरकार ने झारखंड भवन का निर्माण कराया है। आखिर किसके लिए यह भवन बना है। झारखंड के विधायक को कमरा के लिए अपमानित होना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि एक आंख में सूरमा और दूसरे में काजल नहीं चलेगा।

# सदर प्रखंड क्षेत्र में अकीदत के साथ मनाया गया बकरीद पर्व

- मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों में की नमाज अदा
- जामा मस्जिद तेलियाबांध के मौलाना नसीम अहमद ने पढ़ा संदेश

मिन्हाज आलम



बकरीद के मौके पर नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्रों में बकरीद पर्व शांति व सौहार्द के साथ मनाई गई। बकरीद को लेकर अकीदत के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सुबह 07:30 बजे नमाज अदा की। जामा मस्जिद तेलियाबांध, भीमगाड़ा, कौड़िया मस्जिद, भुसही मस्जिद, पोखराहा मस्जिद, सारजा मस्जिद समेत कई मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गयी। पर्व को लेकर लोग मस्जिदों में सुबह से ही जुटने लगे थे। बकरीद पर्व अमन व शांति की पैगाम देती है। साढ़े चार हजार वर्ष पहले इब्राहिम अली सलाम अल्लाह के रजा के लिए अपने बेटे को कुर्बान कर रहे थे। अल्लाह ने कुर्बानी को कुबूल फरमाया और इंतहान में कामयाब हुए। खतीबो इमाम जामा मस्जिद नूरी चियांकी तेलियाबांध के मौलाना नसीम अहमद ने मेंबर से दिनी पैगाम दिये। आपस में इख्तेहार व मिल्लत के पैगाम दिये। उन्होंने कहा कि इब्राहिम अली सलाम को बादशाह नमरूद ने आग में डाला लेकिन अल्लाह ने इब्राहिम अली सलाम के लिए आग को गुलजार बना दिया। इब्राहिम अली सलाम अपने सबसे प्यारी चीज वतन छोड़ा और अपने माल की कुर्बानी दी। साथ ही अपनी जान की भी बाजी लगायी और बेटे इस्माइल की कुर्बानी दी। ये सारे पैगाम मौलाना नसीम अहमद ने दी। इसके बाद वाजिब नमाज पढ़ी गई। सलातो सलाम के बाद मुसाफा किये और गला मिले। एक दूसरे से किना कटपट को दूर किये। नमाज से पारिग होकर एक दूसरे को सेवईयां खाये और खिलाये साथ ही कुर्बानी का रूक्र अदा किया गया। बकरीद की नमाज के दौरान सदर थाना प्रभारी संतोष गुप्ता ने सदर थाना क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चौकस थे। मौके पर मो अली अंसारी, हाजी सुलेमान मास्टर, सलीम अंसारी, कलाम अंसारी, ताहिर अंसारी, आबिद अंसारी, अब्दुल सईद अंसारी, आजम अंसारी, दिलशाद अंसारी, सलमान अंसारी ने नमाज अदा की।

# सतबरवा प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्रों में शांति व सौहार्द के साथ मनी बकरीद

- अकीदतमंदों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों मस्जिद एवं इबादतगाह पर शनिवार को ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाया गया और नमाज अदा की गयी। प्रखंड मुख्यालय के ताहा जामा मस्जिद एवं जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद अकीदतमंदों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। ताहा मस्जिद रोड मोहल्ला में अफरोज अख्तर के दो पुत्र शारीम और तालीक ने गले मिलकर खुशियों का इजहार किया। कर्मा गांव के जमा मस्जिद में मुफ्ती इकबाल हबीबी ने नमाज अदा कराया। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता जुम्मन मियां मो कुतुबुद्दीन, मो तहसीन ने बताया कि करमा मस्जिद में मौलाना के नेतृत्व में नमाज अदा करने के बाद लोगों ने बकरीद की हार्दिक बधाई दी। अदनान अशरफ ने बताया कि सुबह 5 बजे से ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने लोग इकट्ठा होना शुरू हो गये थे। नमाज के बाद एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी।





एक दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद देते बच्चे व अन्य लोग।

**कार्यक्रम की मुख्य बातें :** थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा ने बताया कि मस्जिद और ईदगाहों के पास मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात की गई थी। क्षेत्र में शांतिपूर्ण बकरीद संपन्न हो गया। बताया कि बकोरिया, चेतमा, ताबर, मुक्ता, बारी, झाबर, पोलपोल, सोनपुरवा में काफी संख्या में अकीदतमंदों ने बकरीद की नमाज अदा की। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना तौफीक आलम मिस्बाही ने कहा कि आज का दिन कुर्बानी का दिन है। देश में अमन चैन और खुशियों का पैगाम बना रहे इसी के लिए अल्लाह ताला से दुआएं की है। कुर्बानी हमे संदेश देता है कि तमाम लोग अपनी अंदर छुपी के बुराइयों की कुर्बानी दें। पैगाम्बर साहब का कहना है कि किसी को तकलीफ पहुंचाकर खुशी मनाना जायज नहीं है।

### निर्जला एकादशी व्रत पर भंडारा आयोजित



**मेदिनीनगर।** श्री श्याम कीर्तन परिवार के द्वारा निर्जला एकादशी व्रत के अवसर पर भंडारा आयोजित किया गया। स्थानीय रेड़मा स्थित काली मंदिर पर आयोजित भव्य भंडारा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्री श्याम कीर्तन परिवार के सदस्य श्रवण कुमार गुप्ता ने बताया कि श्री श्याम कीर्तन परिवार के द्वारा लगातार धार्मिक आयोजन किया जाता है। श्री गुप्ता ने बताया कि सनातन संस्कृति में निर्जला एकादशी व्रत का बहुत बड़ा महत्व है। भंडारा में संजय भगत, राहुल गुप्ता, आशीष अग्रवाल, सरोज कुमार व रॉकी सहित कई श्रद्धालुओं ने सराहनीय योगदान दिया।

# श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम के चिकित्सा शिविर में 45 लोगों का नि:शुल्क इलाज

- शिविर में हुआ 45 रोगियों का नि:शुल्क इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह (अघोर आश्रम) के सुदना स्थित आश्रम में शुक्रवार और शनिवार को मासिक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में धनबाद के नस रोग विशेषज्ञ वैद्य प्रदीप डागा ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से 45 रोगियों का निःशुल्क इलाज किया। शिविर की शुरुआत डॉ डागा ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम व पूज्य गुरुपद संभव राम जी के तैल चित्र की पूजा-अर्चना कर किया। शिविर को लेकर सुबह से आश्रम परिसर में रोगियों की भीड़ लगने लगी थी। शिविर में सुबह दस बजे से शाम तक इलाज चलता रहा। वैद्य डागा ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से बिना दवा के हजारों लोग ठीक हो चुके हैं। नस से संबंधित बीमारी को थैरेपी के माध्यम से ठीक किया जाता हैं। आज के समय दर्द से निवारण के लिए लोग पैसे खर्च कर रहे हैं पर इस पद्धति से दर्द द्वारा दर्द का इलाज किया जाता है।



# जिले में ईद उल अजहा शांतिपूर्वक संपन्न गले मिलकर एक दूसरे को दी गयी बधाई

- जिले के सभी मस्जिदों व ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा की गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज सभी मस्जिदों व ईदगाहों में निर्धारित समय के अनुसार अकीकत के साथ अदा की गयी। यह पर्व शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। बकरीद की नमाज इमाम ने पढ़ायी। साथ ही बकरीद क्यों मनाते हैं इसके पीछे क्या उद्देश्य है उस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बकरीद हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनायी जाती है। इसके जरिए दर्शाया जाता है कि हजरत इब्राहिम अल्लाह में सबसे अधिक विश्वास रखते थे। इसे दिखाने के लिए उन्हें अपने बेटे की बलि देनी थी लेकिन ऊपरवाले ने इब्राहिम की नियत समझकर बेटे की कुर्बानी को भेड़ में तब्दील कर दी। यह पर्व मुसलमानों में सबसे महत्वपूर्ण है जिसे देश दुनिया के सभी मुसलमान इस बड़े अकीदत के साथ मनाते हैं। बकरीद पर जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, हेरा मस्जिद, छोटी मस्जिद, नूरी मस्जिद, मिल्लत मस्जिद, अहले हदीस मस्जिद, मोहम्मदी मस्जिद, छतरपुर प्रखंड के जामा मस्जिद खाटिन, मंदेया खान टोला मस्जिद में नमाज अदा की गयी।

### हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक ने साइबर थाना कांड के अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**हुसैनाबाद पलामू।** पुलिस निरक्षक हुसैनाबाद सुरेश मंडल ने 5 वर्ष पुराने मामला के साइबर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मेदिनीनगर भेजा है। इस संबंध में श्री मंडल ने बताया कि मेदिनीनगर साइबर थाना कांड संख्या 29/19 दिनांक 04/07/2019 धारा -419/420 आई पी सी और 66 सी/66डी आई टी एक्ट के अप्राथमिकी अभियुक्त भागवत सिंह (64) पिता स्वर्गीय देवन सिंह साकिन बक्शीबीघा थाना कसमा जिला औरंगाबाद, बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पांच वर्षों से पुलिस व न्यायालय से फरार चल रहे थे जिसे अथक प्रयास से पकड़ कर विधिवत कार्रवाई हेतु न्यायालय को समर्पण कराया गया।

# मनातू प्रखंड में हर्षोल्लास से मनाया गया ईद-उल-अजहा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मनातू (पलामू)।** मनातू प्रखंड में ईद-उल-अजहा का पर्व बड़े ही उत्साह, भाईचारे और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न गांवों, विशेष रूप से मनातू प्रखंड के कई गावों में, मुस्लिम समुदाय ने धार्मिक विधि-विधान के साथ इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह पर्व आपसी प्रेम, एकता और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक बनकर उभरा, जिसमें न केवल मुस्लिम समुदाय, बल्कि अन्य समुदायों के लोग भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव की सक्रिय भागीदारी ने इस उत्सव को और भी यादगार बना दिया। ईद उल अजहा की शुरुआत और सामुदायिक आयोजन मनातू बंसी खुर्द पदमा गांव में सुबह की विशेष नमाज से हुई।

### रेहला पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला पुलिस ने गुरुवार की रात अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जब्त ट्रैक्टर सिंगसिगी गांव के राजा चौधरी का बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार रेहला पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सबौना व सिंगसिगी गांव के बीच कोयल नदी से बालू का अवैध उत्खनन और परिचालन किया जा रहा है जिसके बाद बीती रात थाना प्रभारी के नेतृत्व में रेहला पुलिस ने छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान एक ट्रैक्टर पुलिस ने पकड़ ली है।

# ईद उल जुहा की नमाज अदा

- ईद उल जुहा की नमाज अदा की गयी, विधायक समेत कई लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी
- ईद उल जुहा का त्योहार समाज में भाईचारा व एकता का संदेश देता हैं : विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** देश भर के साथ साथ हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में ईद उल जुहा की नमाज अकीदत के साथ सम्पन्न हो गयी। मौके पर मुसलमानों ने मस्जिदों में नमाज अदा की और एक दूसरे को गले मिलकर ईद उल जुहा की मुबारकबाद दी। मुसलमानों ने क्षेत्र की विभिन्न ईद गाहों व मस्जिदों में नमाज अदा की। अल्लाह की बारगाह में मुल्क राज्य व क्षेत्र में अमन चैन व शांति की दुआएं मांगीं। इस मौके पर मुसलमानों ने कुबार्नी की सुन्नत अदा की और गरीबों में वितरित किया। लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर ईद उल जुहा की मुबारकबाद दी। ईद उल जुहा का त्योहार हजरत इब्राहीम अ के त्याग और बलिदान का प्रतीक है।

### बकरीद पर बच्चों में दिखा गजब का उत्साह



**हैदरनगर पलामू।** हैदरनगर क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में बकरीद पर्व शांति और सौहार्द से संपन्न हो गयी। नमाज के बाद एक दूसरे को गले मिलकर मुबारक बाद दी। मुस्लिम भाइयों लोगों ने नए परिधान में सज धज कर मस्जिद मे नमाज अदा की इस अवसर पर बच्चों में गजब का उत्साह देखा गया। मौके पर मुस्लिम बहुल क्षेत्र गांव कुरूवा खुर्द, करीमडीह, सिंघाना, करारिया, सबनवा तथा भाई बिगहा के आईडीजीए तथा मस्जिदों में नमाज पढ़ते देखा गया तथा क्षेत्र की खुशहाली अमन चैन की दुआ मांगी गयी। मौके पर पूर्व मुखिया पंचम खान ने ईद उल जोहा की नमाज अदा की। लोगों के साथ गले मिलकर मुबरवाक वाद दी। शांति समिति के सदस्यो ने विभिन्न मस्जिदों पर शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए जगह जगह खड़े थे। हैदर नगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने मस्जिदो पर पुलिस बल तैनात किया था। मौके पर मोकाहर कला नवाजिश खान ने शुभकामनाएं दी।

# देवी धाम मंदिर में हुई महाआरती

खबर मन्त्र संवाददाता



हैदरनगर स्थित देवी धाम मंदिर का एक दृश्य।

**हैदरनगर पलामू।** हैदरनगर थाना के देवी धाम मंदिर में शुक्रवार को महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्र से आए सैकड़ों श्रद्धालु लोग शामिल हुए। साथ ही माता रानी को महाप्रसाद का भोग लगाया गया। बताया जाता है कि देवी धाम मंदिर की महता इतनी बढ़ जाती है कि श्रद्धालु की भीड़ हमेशा मंदिर में पूजा पाठ के लिए कतार में लगे हुए देखे जा सकते हैं।

लोगों का कहना है कि जो लोग मंदिर में भक्त आते हैं उनकी मनोकामना पूरी होती हैं । हैदरनगर थाना के जाने माने प्रकांड विद्वान सतेंद्र कुमार दुबे ने हर शुक्रवार को शाम में विधि विधान से मां भागवती देवी की पूजा होती है करीब एक घंटे से महा आरती का आयोजन पंडितों द्वारा की जाती है। पूजा अर्चना के बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम में अमित बाबा का योगदान काफी सराहनीय रहता है। मौके पर हैदरनगर के ओम लाल अग्रवाल तथा उनके पत्नी यजमान के रूप में उपस्थित हुए।

मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से फुल मालाओं से सजाया गया था जिसमे पंडित पुजारी सतेन्द्र दुबे ने यजमान को मंत्रोचार के साथ पूजा कराई गई जिसे पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ था। इस मौके सैकड़ों लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर प्रवीण अग्रवाल, अशोक कुमार दुबे, रिंकू सिंह, विजय प्रसाद, नंद कुमार सोनी, उप प्रमुख पप्पू कुमार, पिंटू कुमार, प्रेम कुमार सहित कई भक्त आरती में शामिल थे।

# अवैध संबंध में विवाद होने पर पति ने पत्नी की हत्या के लिए गाड़ी से टक्कर मारी, बेटे की मौत

- बेटे की मौत के बाद उसके शव को जंगल में दफनाया
- थाना पहुंचा मामला, भुक्तभोगी ने लगायी जानमाल के सुरक्षा की गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़ पलामू।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के बांसडीह पंचायत के खैराही गांव में पत्नी की हत्या करने के लिए गाड़ी से टक्कर मारने के क्रम में बेटे की चपेट में आने से मौत हो गई। मौत हो जाने पर पिता ने बेटे के शव का पोस्टमार्टम कराए बिना जंगल में ले जाकर शव को दफना दिया। बेटे की मौत होने, हत्या की संभावना एवं प्रताड़ना से परेशान होकर पत्नी सुनीता देवी रामगढ़ महिला थाना में जाकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस जांच कर कार्रवाई में जुटी हुई है। यह घटना शुक्रवार दोपहर 1.30 बजे की है। खैराही में सत्यदेव यादव (27) का उसकी पत्नी सुनीता देवी (25) के साथ विवाद हुआ था। पेशे से ड्राइवर सत्यदेव जिस स्कॉर्पियो को चलाता था उसी से पत्नी सुनीता को कुचलने की कोशिश की। हालांकि बीच में उसका साढ़े तीन का बेटा उनंत कुमार यादव आ गया। टक्कर लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। बच्चे को इलाज के लिए मेदिनीनगर ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। आरोप है कि सत्यदेव ने बेटे की डेड बॉडी को उसकी मां को दिखाए बिना रात में जंगल में ले जाकर दफना दिया। भुक्तभोगी पत्नी शनिवार को सुबह महिला रामगढ़ थाना पहुंच कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी थाना प्रभारी ओमप्रकाश शाह को दी। थाना प्रभारी के अनुसार इस मामले में जांच की जा रही है और कार्रवाई की जायेगी।

### गांव की महिला के साथ सत्यदेव का था अवैध संबंध



सत्यदेव का गांव की किसी महिला के साथ अवैध संबंध था। इस कारण पत्नी सुनीता से हमेशा विवाद होते रहता था। शुक्रवार को भी इसी कारण से विवाद हुआ था। सुनीता का आरोप है कि पति के अलावा ससुर रमेश यादव और सास सनिता देवी भी उसे हमेशा प्रताड़ित करते रहते हैं। पति उसे ठीक से नहीं रखता है। उसके तीन बेटे हैं। मंझले बेटे की मौत हुई। महिला ने बेटे के शव को दफनाये जगह से निकालकर पोस्टमार्टम कराने और पति, सास-ससुर पर कार्रवाई करने की मांग की है। भुक्तभोगी ने अपने जान की सुरक्षा की गुहार लगायी है।

स्पीड न्यूज



## जन्मदिन पर जायंट्स सहेली ने बांटी खिचड़ी

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप गढ़वा सहेली ने शनिवार को सब्जी बाजार स्थित शनिदेव मंदिर में भोग अर्पण के बाद श्रद्धालुओं और बाजार में मौजूद लोगों के बीच खिचड़ी प्रसाद बांटी। यह आयोजन सहेली की पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता के पुत्र रोहन के जन्मदिन के अवसर पर किया गया था। मौके पर पूर्व अध्यक्ष लता गुप्ता, माला केशरी, रीता केशरी, रंजना जायसवाल, सचिव रीमा स्वरूप, वीना केशरी, रीना केशरी, संगीता गुप्ता, प्रीति गुप्ता, वीना गुप्ता समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## धुरकी में पहली बार होगा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

**धुरकी।** प्रखंड के गनियारी कला में 8 जून को रात 8 बजे से दुर्गा मंडप मैदान में पहली बार नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का श्रेय एक्सीलेंस बॉयज ग्रुप गनियारी कला को जाता है। टूर्नामेंट के प्रबंधक मोहम्मद शमी और पवन कुमार सिंह ने बताया कि यह आयोजन क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक खास अवसर होगा। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में भाग लेकर स्थानीय युवाओं को खेल के प्रति प्रेरणा मिलेगी और ग्राम पंचायत का मान भी बढ़ेगा। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं धुरकी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इं. ओबैदुल्लाह हक अंसारी होंगे।

## पारिवारिक विवाद में महिला ने लगायी फांसी

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के कैलान झुरही टोला में शनिवार को माया देवी (24) पति जलेंद्र सिंह ने पारिवारिक विवाद के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन मौके पर पहुंच गये और शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया गया। मायके वालों ने अपने दामाद पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है, लेकिन अभी तक थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## सौहार्दपूर्ण माहौल में अदा हुई बकरीद की नमाज

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार सुबह 7:30 बजे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद की नमाज शांति और अकीदत के साथ अदा की। धुरकी, खाला, खुटिया, भंडार, टाटीदीरी, गनियारी कला समेत कई मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। धार्मिक अनुशासन और परंपराओं के साथ नमाज अदा की गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी सुनील कुमार के नेतृत्व में सभी मस्जिदों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की मुस्तैदी की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहना चाहिए। मौके पर एसआई अजय कुमार, ओमन कुंडला, सुभाष कांत अकेला सहित पुलिस बल के जवान तैनात थे।

## सतबहिनी झरना तीर्थ में महत्वपूर्ण बैठक आज

**कांडी।** प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में आगामी रविवार 8 जून को सुबह 10 बजे एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है। बैठक का उद्देश्य तीर्थ स्थल की व्यवस्थाओं की समीक्षा और भविष्य की विकास योजनाओं पर चर्चा करना है। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता स्थानीय विधायक एवं समिति अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह करेंगे। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के सचिव ज्योतिर्विद पंडित मुरलीधर मिश्र ने जानकारी देते हुए कहा कि यह बैठक अति आवश्यक है, जिसमें समिति के सभी सदस्यों के साथ आमजनों की भी भागीदारी अनिवार्य है। अपील है कि जो भी श्रद्धालु इस सूचना को पढ़ें, वे अपने संपर्क के अन्य लोगों तक यह संदेश जरूर पहुंचाएं ताकि बैठक में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके।

# ईद-उल-अजहा पर अकीदत और उल्लास, नमाज अदा कर पेश की गयी कुर्बानी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में ईद-उल-अजहा का पर्व शनिवार को पूरे अकीदत और मसर्रत के साथ मनाया गया। सुबह से ही इदगाहों, मस्जिदों और मदरसों में नमाज अदा करने के लिए नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने दो रकअत वाजिब नमाज-ए-ईद-उल-अजहा अदा की और एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

गढ़वा ईदगाह में पेश इमाम हाफिज अब्दुस्समद ने नमाज अदा कराई, वहीं टंडवा में मौलाना शाहजाद आलम मिसवाही, उंचरी मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद यूनुस और मदरसा तबलिगुल इस्लाम मैदान में मौलाना लियाकत हुसैन ने नमाज पढ़ाई। नमाज के बाद अकीदतमंदों ने अपने-अपने घरों में पहुंचकर अल्लाह की राह में बकरों की कुर्बानी दी। नमाज स्थलों पर इंतेजामिया कमेटियों द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र, पानी और साफ-सफाई सहित सभी आवश्यक इंतजाम किये गये थे। वहीं प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सभी प्रमुख इबादतगाहों के पास दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहा।



नमाज अदा करते नमाजी।

## पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मुस्लिम समुदाय को दी मुबारकबाद

- जिले के ऊंचरी मस्जिद समेत कई नमाज स्थलों पर पहुंचकर मुस्लिम भाइयों के गले मिलकर उन्हें मुबारकबाद दी

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बकरीद के पाक मौके पर इस्लाम धर्मावलंबियों को ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद दी। श्री ठाकुर ने गढ़वा के ऊंचरी मस्जिद आदि नमाज स्थलों पर पहुंचकर मुस्लिम भाइयों के गले मिलकर उन्हें मुबारकबाद दी। साथ ही पूर्व मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को बकरीद की मुबारकबाद दी।

मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि बकरीद त्याग, समर्पण और इंसानियत के पैगाम का त्योहार है। इस बकरीद के मौके पर हम सभी मिलकर समाज में शांति, सद्भाव और भाईचारे की रौशनी फैलाएं। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा हजरत इब्राहिम की कुबार्नी की याद में मनाया जाता है। इस दिन इस्लाम धर्म के लोग जानवर की कुबार्नी देते हैं। इस्लाम में सिर्फ हलाल के तरीके से कमाये हुए पैसों से ही कुबार्नी जायज मानी जाती है। उन्होंने कहा कि बकरीद सिर्फ एक रस्म या त्योहार ही नहीं, बल्कि यह बताता है कि इंसान को खुदा की राह में हर चीज कुर्बान करने का जज्बा रखना चाहिए। मौके पर डॉ यासिन अंसारी, मदनी खान, संतोष केशरी, नीलू खान आदि लोग उपस्थित थे।



बकरीद की मुबारकबाद देते पूर्व मंत्री व उपस्थित अन्य।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला

# मोदी सरकार ने खींची विकास की लकीर 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

- एक पेड़ मां के नाम, 21 को योग दिवस, 23 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 को काला दिवस (आपातकाल) का होगा आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण जैसे मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनायी।

कार्यशाला की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा वंदे मातरम् के गायन के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने की।

मौके पर श्री महतो ने बताया कि मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को लेकर 9 जून से विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत होगी और यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम, 21 जून को योग दिवस, 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को काला दिवस (आपातकाल) जैसे आयोजन पूरे जिले के बूथ स्तर तक किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने विकास की लकीर खींची है और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम हो रहा है। जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता ने किया। मौके पर पूर्व सांसद घुरण राम, ओमप्रकाश तिवारी, विनोद तिवारी, संतोष दुबे, विवेकानंद तिवारी, राजीव रंजन तिवारी, रितेश चौबे, सरोज सिंह, मुरली श्याम सोनी, ब्रजेश उपाध्याय, रामशीष तिवारी, उदय कुशवाहा सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।




कार्यशाला के दौरान मंच पर उपस्थित भाजपाई।

## लगातार 76वें सप्ताह अग्रवाल परिवार ने किया खिचड़ी वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** समाज सेवा की मिसाल बन चुका अग्रवाल परिवार प्रत्येक शनिवार को जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण कर रहा है। इस शनिवार लगातार 76वें सप्ताह रंका मोड़ संकट मोचन मंदिर के समीप सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच प्रसाद रूपी खिचड़ी वितरित की गई। मौके पर सुरभि अग्रवाल ने बताया कि यह सेवा कार्य उनके दादा जी के मूलमंत्र जन सेवा ही प्रभु सेवा है से प्रेरित होकर शुरू किया गया और जब तक संभव होगा, इसे जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा करना उनके परिवार के संस्कारों का हिस्सा है और इससे उन्हें आत्मिक शांति और आनंद की अनुभूति होती है। मौके पर अग्रवाल परिवार के संतोष अग्रवाल, विनय कश्यप, हर्ष अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, अथर्व अग्रवाल समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।




# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनी बकरीद, ईदगाहों में जनसैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को बकरीद का पर्व अकीदत और शांति के साथ मनाया गया। मुस्लिम बहुल गांवों में सुबह से ही ईद की रौनक दिखने लगी थी। लोग नए कपड़ों में सज-धजकर स्थानीय ईदगाहों की ओर रवाना हुए। कांडी ईदगाह में सुबह 8:30 बजे हाफिज इमाम अब्दुल मजीद अंसारी ने नमाज अदा कराई। जमुआ, पतीला नवडीहवा टोला, कुरकुटा, अधौरा, सड़की और लमारी खुर्द के ईदगाहों में भी नमाज का आयोजन हुआ। यहां क्रमशः हाफिज मनान अंसारी, हाफिज गयासुद्दीन अंसारी, हाफिज मोहम्मद गुलजार, हाफिज इमामुद्दीन खान, हाफिज इमामुद्दीन कादरी और हाफिज सफायतस अंसारी ने नमाज पढ़ाई। शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन ने सभी ईदगाहों पर पुलिस बल की तैनाती की थी। कांडी पंचायत मुखिया विजय राम, उप मुखिया दिलीप राम, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, जिला परिषद प्रतिनिधि दिनेश कुमार सहित कई जनप्रतिनिधियों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समुदाय को बकरीद की बधाई दी। ईदगाह में राजद नेता इमामुद्दीन खान और मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार ने भी लोगों से मिलकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं।



नमाज अदा करते नमाजी।

## परित्यक्त महिला को पंचायत ने लौटाया जीने का अधिकार, पहचान से लेकर योजनाओं तक पहुंची

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी में एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत परित्यक्त महिला गीता देवी को पंचायत द्वारा आवश्यक सरकारी दस्तावेज और योजनाओं का लाभ प्रदान कर एक नई पहचान दी गई। मुखिया रामसागर महतो की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पंचायत ने गीता देवी को मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, जॉब कार्ड और आयुष्मान कार्ड दिया। मुखिया ने कहा कि यह कार्य पंचायत की सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है और जरूरतमंदों को मुख्यधारा से जोड़ना प्राथमिकता है। इसके बाद पंचायत के सभी 6 आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। केंद्रों को सुबह 7 से 11 बजे तक नियमित रूप से संचालित करने, बच्चों को स्वच्छ वर्दी में लाने, पोषाहार सही ढंग से बांटने और केंद्र की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।



सरकारी दस्तावेज प्रदान करते लोग।

## अकीदत से अदा हुई बकरीद की नमाज गंगा-जमुनी तहजीब का दिखा नजारा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मस्जिदों और ईदगाहों में भारी संख्या में नमाजियों ने पहुंचकर बकरीद की विशेष नमाज अदा की। सुबह से ही छोटे-बड़े, बच्चे और बुजुर्ग नए परिधान में सजकर ईदगाह की ओर रवाना होते दिखे। अरसली, मकरी, बेलपहाड़ी, बघमनवा और टाउनशिप सहित कई गांवों में बकरीद की रौनक देखी गयी। चपरी में मौलाना सज्जाद हुसैन, नसीम अंसारी, हसमत अंसारी और कारी अजमेर ने नमाज अदा कराई। ईदगाह कर्बला मैदान में हिंदू समुदाय के लोगों और जनप्रतिनिधियों ने भी पहुंचकर भाइयों को ईद की मुबारकबाद दी।



# ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट के छात्रों ने जेईई एडवांस में रचा इतिहास



स्नेहल को सम्मानित करते निदेशक।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10$2) स्कूल के दो मेधावी छात्रों स्नेहल दुबे और दीपांशु कुमार चौबे ने जेईई एडवांस 2025 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। स्नेहल दुबे ने न केवल इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की बल्कि कक्षा 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर भी बने। स्नेहल दुबे जो नागेंद्र नाथ दुबे और नीतू देवी के पुत्र हैं ने आईआईटी से एस्ट्रोनॉटिकल इंजीनियरिंग में बीटेक करने की इच्छा जताई है। वहीं दीपांशु कुमार चौबे ने भी आईआईटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर देश सेवा का संकल्प लिया है। दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, अनुशासित दिनचर्या, मजबूत आत्मविश्वास और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि विज्ञान जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में छात्रों की यह उपलब्धि भविष्य को संवारने का कार्य करेगी। प्राचार्य सीबी सिन्हा ने इसे पूरे स्कूल परिवार की एकजुटता और गुणवत्ता युक्त शिक्षण व्यवस्था का परिणाम बताया। उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त किया। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में सफल छात्रों को पारितोषिक, गिफ्ट, शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर संतोष प्रसाद, नीरा शर्मा, वीरेंद्र प्रसाद, कृष्ण कुमार, मुकेश भारती, सरिता दुबे, नीलम कुमारी, खुर्शीद आलम, सुनीता कुमारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## एक नजर में

### विवाह समारोह में शामिल हुए पूर्व विधायक भानु



**सगमा।** भारतीय जनता पार्टी के नेता पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने भाजपा नेता दिलीप यादव की प्रथम पुत्री के विवाह समारोह में भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उनकी सादगीपूर्ण उपस्थिति और आत्मीय व्यवहार ने आम लोगों को विशेष रूप से प्रभावित किया। शाही ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। समारोह के दौरान वे स्थानीय लोगों से भी घुले-मिले, उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि वे हमेशा जनता के सुख-दुख में साथ खड़े हैं। मौके पर राजू रंजन तिवारी, लक्ष्मण राम, अशोक सेठ, विभूति चौबे, कन्हैया प्रसाद, विकास पांडेय, बलजीत सिंह सोनी, बबलू ठाकुर, राजेंद्र यादव, राजेश बैठा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस और पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम



**गढ़वा।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली, उच्च न्यायालय झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रंका में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस और विश्व पर्यावरण सप्ताह के उपलक्ष्य में पौधरोपण और जागरूकता कार्यक्रम किया गया। मौके पर डॉ कृष्णा कुमार (मेडिकल ऑफिसर, चलंत ग्राम क्लीनिक), डॉ भानु प्रताप सिंह, तरुण कुमार विश्वास (पीएमडब्ल्यू), पीएलवी राजेश कुमार चौधरी और अमरेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से फलदार कटहल का पौधा रोपित किया। मौके पर डॉ कृष्णा कुमार ने बताया कि यह दिवस यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को मजबूत करने का अवसर है कि हम जो भोजन खाते हैं वह सुरक्षित है। साथ ही उन्होंने बताया कि बिश्रामपुर पंचायत और कटरा, बरवाडीह में रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ असजद अंसारी के निर्देशानुसार शिविर लगाया जाएगा। डॉ भानु प्रताप सिंह ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण और खाद्य असुरक्षा हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा हैं। तरुण कुमार विश्वास ने कहा कि खाद्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें जागरूकता फैलानी चाहिए। पीएलवी अमरेंद्र कुमार और राजेश कुमार चौधरी ने भी पर्यावरण संरक्षण और खाद्य सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। मौके पर बिपिन कुमार यादव, आरती देवी, सुरेंद्र यादव व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### अमन-ओ-सुकून से अदा हुई बकरीद की नमाज



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पावन पर्व पूरी आस्था, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रखंड भर की सभी मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में एकत्र होकर नमाज अदा की। नमाज के बाद मुल्क की सलामती, अमन और खुशहाली की दुआएं मांगी गयीं। वहीं नमाज के बाद जगह-जगह पर कुर्बानी का सिलसिला शुरू हुआ, जिसे पूरे शरई उसूलों के अनुसार अंजाम दिया गया। कुर्बानी के गोश्त को जरूरतमंदों में भी बांटा गया, जिससे त्योहार की असली रूह इंसानियत और बांटने का जज्बा दिखा। मौके पर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता अपने पुलिस बल के साथ प्रमुख नमाज स्थलों पर निगरानी रखते दिखे। साथ ही कानून व्यवस्था बनाए रखे। शांति समिति के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने भी त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी। वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों ने भी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए ईद की बधाइयां दीं और एकजुटता का पैगाम दिया। इस बार का बकरीद पर्व नीलांबर-पीतांबरपुर के लिए सिर्फ एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि सद्भाव, एकता और अमन का प्रतीक बनकर उभरा।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर जपला एके सिंह कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित




**हुसैनाबाद पलामू।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ए के सिंह कॉलेज जपला में एनएसएस स्वयंसेवकों एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने गंधराज, चम्पा, चमेली सहित अनेक पर्यावरण अनुकूल पौधे लगाए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने कहा कि प्रकृति एवं मनुष्य में अन्योनाश्रय संबंध है। पर्यावरण की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। शुद्ध जल, वायु एवं वातावरण के लिए पौधा लगाना अति आवश्यक है। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रकृति को संतुलित रखने के लिए 33 प्रतिशत भू भाग पर वन का होना अनिवार्य है। इसलिए हम सबों का कर्तव्य पौधा लगाना है। साथ ही साथ हम सब अपने अपने जन्मदिन, विवाह उत्सव दिवस आदि अवसरों पर स्वयं पौधा लगाएं और दूसरे को प्रेरित करें। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, बर्सर प्रोफेसर शशिभूषण सिंह, खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राहुल कुमार सिंह, अकाउंटेंट ओम प्रकाश सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, निखिल कुमार सिंह, हीरा लाल शर्मा, रिंकी कुमारी, पुष्पा कुमारी शिवम कुमार, शुभम प्रकाश, खुशबु कुमारी, नेहा गुप्ता, सुकृति कुमारी, शोभा कुमारी सहित अनेक स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिये।

समय संवाद

# मोदी सरकार के 11 वर्षों ने भारत के अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को बदल दिया



**प्रहलाद जोशी**

(केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री)

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने न केवल अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, बल्कि हमने दृढ़ संकल्प, नवाचार और बेजोड़ प्रदर्शन के साथ उन्हें हासिल भी किया है।

सौर ऊर्जा में तीसरे, पवन ऊर्जा में चौथे और कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में चौथे स्थान के साथ, आज भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में से एक है। 232 गीगावाट से अधिक स्थापित और 176 गीगावाट निमार्णाधीन नवीकरणीय क्षमता होने के साथ, हम न केवल अपनी ऊर्जा से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जा में बदलाव से जुड़ी वैश्विक चर्चा को सक्रिय रूप से आकार दे रहे हैं। यह प्रगति संयोग नहीं है, बल्कि यह पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किए गए साहसिक सुधारों, समयबद्ध फैसलों और स्पष्ट दीर्घकालिक दृष्टिकोण का परिणाम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास एक मजबूत नवीकरणीय ऊर्जा इकोसिस्टम बनाने का एक स्पष्ट दृष्टिकोण था।

गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में, उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा को वैश्विक प्राथमिकता बनने से बहुत पहले बड़े पैमाने पर सौर परियोजनाओं का बीड़ा उठाया था। 2014 में पदभार संभालने के बाद, उन्होंने उस विजन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया।

नतीजतन, आज भारत सौर, पवन और स्वच्छ ऊर्जा से जुड़े नवाचार में एक वैश्विक लीडर के रूप में खड़ा है।

पिछले वर्ष में ही, हमने राष्ट्रीय ग्रिड में रिकॉर्ड 29 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा जोड़ी। सौर ऊर्जा क्षमता 2014 के सिर्फ 2.63 गीगावाट से बढ़कर 2025 में 108 गीगावाट से अधिक हो गई है, जो 41 गुना की आश्चर्यजनक वृद्धि है। पवन ऊर्जा क्षमता भी 51 गीगावाट को पार कर गई है। देश भर में फैली इन परियोजनाओं को अब एकीकृत पारेषण प्रणाली के माध्यम से एक साथ जोड़ा जा रहा है, जिससे एक राष्ट्र एक ग्रिड (वन नेशन वन ग्रिड) का सपना साकार होगा, जहां प्रत्येक भारतीय, चाहे वह किसी भी भौगोलिक क्षेत्र में रहता हो, विश्वसनीय बिजली प्राप्त कर सकेगा।

लेकिन इस बदलाव के स्तर को समझने के लिए हमें यह याद रखना होगा कि हमने शुरूआत कहां से की थी। वर्ष 2014 में भारत का बिजली क्षेत्र गहरे संकट से जूझ रहा था। बिजली की कमी लगातार बनी हुई थी।

2012 में डबल ग्रिड फेलियर हुआ, जिसने सबसे पहले उत्तरी क्षेत्र को 36,000 मेगावाट लोड की हानि के साथ प्रभावित किया और बाद में उत्तरी, पूर्वी एवं उत्तर-पूर्वी ग्रिडों के ध्वस्त होने का कारण बना, जिससे 48,000 मेगावाट का असर पड़ा। ये घटनाएं आज भी हमारी यादों में ताजा है। पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर पर अत्यधिक बोझ था और निवेशकों का भरोसा कम था।

नवीकरणीय ऊर्जा को महंगा और अविश्वसनीय माना जाता था। वैश्विक समुदाय ने भारत को एक गंभीर स्वच्छ ऊर्जा खिलाड़ी के रूप में नहीं देखा। वहीं, देश के भीतर, जनता की अपेक्षाएं मामूली थीं। नीतिगत अनिर्णायकता की स्थिति के चलते भी भारत को 'नाजुक पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में गिना जाता था।

वह परिदृश्य निर्णायक रूप से बदल गया है।

भारत ऊर्जा की कमी से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ गया है। पिछड़ने की स्थिति से उबरते हुए, अब हम मिसाल के रूप में नेतृत्व कर रहे हैं।



## 9 जून: मोदी सरकार के 11 साल और ग्रीन एनर्जी का कीर्तिमान

यहां, मैं मोदी सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए 11 परिवर्तनकारी सुधारों पर प्रकाश डालता हूं, जिनमें से प्रत्येक आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

सबसे पहले, फीड-इन टैरिफ से पारदर्शी, बाजार-संचालित बोली प्रक्रिया में बदलाव ने एक महत्वपूर्ण क्षण को चिह्नित किया। प्रतिस्पर्धी बोली और टैरिफ युक्तिकरण के कारण सौर टैरिफ 2010 में ?10.95 प्रति यूनिट से गिरकर 2021 तक आश्चर्यजनक रूप से ?1.99 प्रति यूनिट रह गया, जिसने भारत को सौर ऊर्जा में मूल्य के मामले में वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित किया।

इस सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया और जीवाश्म ईंधन के साथ मूल्य के मामले में समानता स्थापित की है।

दूसरा, अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्कों की छूट एक और प्रमुख कदम रहा है। इन शुल्कों को हटाकर, सरकार ने परियोजना डेवलपर्स के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक को समाप्त कर दिया। अपतटीय पवन के लिए 2032 तक और हरित हाइड्रोजन के लिए 2030 तक विस्तारित, इस नीति ने भौगोलिक सीमाओं से नवीनीकरणीय ऊर्जा परिनियोजन को प्रभावी रूप से मुक्त कर दिया और पूरे भारत में ऊर्जा प्रवाह को प्रोत्साहित किया।

तीसरा, आयात पर निर्भरता कम करने और रोजगार सृजन के लिए सरकार ने 24,000 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन के साथ सौर विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की। इससे घरेलू विनिर्माण में उछाल आया है, जो 2014 की 2.3 गीगावाट से बढ़कर मॉड्यूल में 88 गीगावाट और 2025 तक सेल क्षमता में 0 से 25 गीगावाट हो गया है। भारत अब केवल सौर ऊर्जा का उपयोग ही नहीं कर रहा है, बल्कि इसे बना भी रहा है। इससे आपूर्ति शृंखला मजबूत होती है और ऊर्जा सुरक्षा बढ़ती है।

चौथा, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए, सरकार ने मॉडल और विनिमार्ताओं की स्वीकृत सूची (एएलएमएम), घटकों और विनिमार्ताओं की स्वीकृत सूची (एएलसीएम) के साथ-साथ घरेलू सामग्री आवश्यकताओं (डीसीआर) को लागू किया, जिससे गुणवत्ता आश्वासन, आपूर्ति श्रृंखला की संपूर्णता सुनिश्चित हुई और आयातित सौर घटकों पर निर्भरता कम हुई। इन उपायों ने भारतीय निमार्ताओं के लिए एक समान अवसर तैयार किए हैं, जिससे एक लचीले और प्रतिस्पर्धी सौर इकोसिस्टम का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

पांचवां, प्रधानमंत्री के विजन के तहत, पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना एक परिवर्तनकारी पहल बन गई है, जिसका लक्ष्य 30 गीगावॉट की विकेंद्रीकृत क्षमता तैयार करने के लिए एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करना है। लगभग 13.75 लाख घरों को पहले ही इससे जोड़ा जा चुका है, जिससे जमीनी स्तर पर स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच में बदलाव आ रहा है।

छठा, पीएम-कुसुम योजना किसानों को विकेंद्रीकृत सौर प्रणाली लगाने में सक्षम बनाकर कृषि को सौर ऊर्जा से लैस कर रही है। 11 लाख से अधिक पंपों को सौर ऊर्जा से युक्त किया गया है, जिससे भारत का ये सबसे अधिक ऊर्जा-गहन क्षेत्र जलवायु सहयोगी में बदल गया है।

सातवां, भारत अब स्वच्छ ऊर्जा के मामले में दुनिया का अनुसरण नहीं कर रहा है, बल्कि दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। 2014 में एफडीआई के मामूली प्रवाह से, भारत ने अप्रैल 2020 से सितंबर 2024 के दौरान आरई क्षेत्र में $19.98 बिलियन का एफडीआई आकर्षित किया, जो आज भारत में एफडीआई आकर्षित करने वाले शीर्ष क्षेत्रों में से एक के रूप में उभर रहा है। इससे देश के वैश्विक स्तर पर बढ़ते कद और आर्थिक क्षमता का पता चलता है। इस यात्रा में एक अन्य प्रमुख उत्प्रेरक लगभग ?20,000 करोड़ के निवेश समर्थन वाला राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन है, जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ ईंधन के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाना है।

आठवां, पारेषण इंफ्रास्ट्रक्चर इस बदलाव की रीढ़ बना हुआ है। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर और 2030 ट्रांसमिशन (पारेषण) रोडमैप में भारत का निवेश सुनिश्चित करता है कि अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं ग्रिड से कुशलतापूर्वक और विश्वसनीय तरीके से जुड़ सकें। यह पहल कटौती के जोखिम को कम करती है और ग्रिड स्थिरता को बढ़ाती है।

नौवां, सरकार भारत के समुद्र तट की विशाल क्षमता का भी दोहन कर रही है। 2030 तक 37 गीगावॉट की निविदाओं की योजना के साथ अपतटीय पवन (ऑफशोर विंड) पहल को व्यवहार्यता अंतर निधि और मजबूत साइट सर्वेक्षणों द्वारा समर्थित किया जा रहा है। गुजरात और तमिलनाडु में पायलट परियोजनाएं पहले से ही भारत के अगले अक्षय ऊर्जा क्षेत्र की नींव रख रही हैं।

दसवीं बात, बिजली आपूर्ति में रुकावट की चुनौती को पहचानते हुए भारत ने हाइब्रिड और चौबीसों घंटे बिजली उपलब्ध कराने की नीति के साथ निर्णायक कदम उठाया है। पवन-सौर हाइब्रिड और ठोस एवं प्रेषण योग्य अक्षय ऊर्जा (एफडीआरई) को बढ़ावा देकर भारत चौबीसों घंटे स्वच्छ ऊर्जा समाधान तैयार कर रहा है।

पाइपलाइन में 65 गीगावाट से अधिक क्षमता के साथ, यह ग्रिड की विश्वसनीयता और जीवाश्म-आधारित बेसलोड बिजली के विकल्प के लिए महत्वपूर्ण है।

ग्यारहवीं बात, आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में हम उन घरों तक पहुंच रहे हैं, जहां पहले कभी बिजली नहीं थी। विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों के लिए विशेष सौर कार्यक्रमों और पीएम जनमन मिशन और सीपीएसयू योजना चरण-क्क्र के तहत हजारों घरों में बिजली पहुंचाई गई है। ये सिर्फ ऊर्जा कार्यक्रम नहीं हैं, बल्कि ये सशक्तिकरण और समावेशी विकास के साधन हैं।

**वैश्विक मान्यता और घरेलू संकल्प**

भारत सिर्फ अपने देश में ही प्रगति नहीं कर रहा है, बल्कि हम वैश्विक स्तर पर भी नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (इंटरनेशनल सोलर अलायंस) ने 100 से ज्यादा देशों को एक साथ ला खड़ा किया है। ह्यएक सूर्य एक दुनिया एक ग्रिडह्व का विजन दुनिया को दिखा रहा है कि सौर ऊर्जा किस तरह से देशों को एकजुट कर सकती है। यह भारत में मुख्यालय वाला पहला अंतरराष्ट्रीय और अंतर-सरकारी संगठन भी है। दुनिया भारत को देख रही है। साथ ही दुनिया भारत से सीख रही है।

री-इन्वेस्ट 2024 में दुनिया भर के निवेशकों ने भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य के लिए 2030 तक 32.45 लाख करोड़ रुपये निवेश करने का संकल्प लिया। अक्षय ऊर्जा के लिए वित्त जुटाने पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला भी आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रमुख बैंकों के शीर्ष अधिकारियों ने वित्तीय सहायता को मजबूती देने और इस क्षेत्र में निवेश में तेजी लाने के लिए भाग लिया। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने और राज्यों के बीच प्रदर्शन और नवाचार के लिए प्रतिस्पर्धी माहौल को प्रोत्साहन देने के लिए, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्रियों के साथ नियमित बैठकें भी आयोजित की जा रही हैं।हाल ही में 24 मई 2025 को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर सभी मुख्यमंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

सूर्यमित्र, वायुमित्र और जल ऊर्जामित्र जैसी पहलों को भविष्य के लिए तैयार हरित कार्यबल को आकार देने के उद्देश्य से प्रमुख कौशल कार्यक्रमों के रूप में पेश किया गया।

**आगे की राहः**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन बिजली क्षमता का लक्ष्य रखा है। अब तक, हम 228 गीगावाट के आंकड़े को छू चुके हैं। 176 गीगावाट निमार्णाधीन है। और 72 गीगावाट बोली के चरण में है। हम न केवल सही रास्ते पर हैं, बल्कि हम उम्मीद से बेहतर हैं। इससे न केवल हम अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगे, बल्कि हमारी बिजली की मांग को भी समर्थन मिलेगा, जो 2032 तक दोगुनी होने की उम्मीद है। साथ ही, हम 2047 तक 1,800 गीगावाट गैर-जीवाश्म क्षमता हासिल करने के अपने दीर्घकालिक लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। साथ में, ये उपलब्धियां स्वच्छ और समावेशी विकास द्वारा संचालित एक विकसित भारत के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता की रीढ़ हैं।

नए भारत का सूरज चमक रहा है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, हम दुनिया का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। पीआइबी से साभार

# पैकेट बंद खाद्य पदार्थ, स्नैक्स खरीदने के पहले सावधान

## स्नैक्स खरीदने से पहले जानें सेहत के जोखिम

लुभावने पैकेटबंद खाद्य पदार्थों को देखकर बच्चे खास तौर से आकर्षित होते हैं। लेकिन स्नैक्स व मिठाई के ऐसे ज्यादातर पैकेट्स में स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड आइटम होते हैं। जिनमें कृत्रिम रंग, प्रिजर्वेटिव्स, खुशबू और एडिटिव्स भरे होते हैं। ऐसे में खरीदने से पहले इनग्रेडिएंट्स और न्यूट्रिशन लेबल पढ़ें व बच्चों को भी इस बारे जागरूक करें।



**डॉ. अरुण गुप्ता**

जब आप कोई चमकदार पैकेट वाला स्नैक या मिठाई खरीदते हैं, तो सोचते हैं कि कोई स्वास्थ्यवर्धक चीज ले रहे हैं। लेकिन ज्यादातर मामलों में, उस पैकेट के अंदर अत्यधिक चीनी, नमक, वसा और रासायनिक पदार्थों का मिश्रण होता है– जो स्वाद बढ़ाने के मकसद को मुख्य रखकर बनाए जाते हैं, न कि आपके स्वास्थ्य के लिए। ये वही पदार्थ हैं जिन्हें हम अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड या जंक फूड कहते हैं– और खास तौर से चिंताजनक यह कि यह चुपचाप हमारे बच्चों की आदतों और सेहत को नकारात्मक तौर से प्रभावित कर रहा है।

### जंक फूड क्या होता है?

सेहतमंद खानपान के पदार्थों के बारे में यहां यह बताना समीचीन है कि भोजन के योग्य वस्तुओं की हर तरह की प्रोसेसिंग बुरी नहीं होती। जैसे दालों को उबालना, अनाज पीसना या दूध उबालना सामान्य बातें हैं। लेकिन अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स यानी कि ऐसे पैकेट वाले उत्पाद जो रंग, स्वाद, प्रिजर्वेटिव्स, खुशबू यानी एसंस और एडिटिव्स से भरे होते हैं, जिनमें जाहिर है पोषण नहीं बल्कि मार्केटिंग छुपी होती है।

### ये खाद्य पदार्थ हैं शामिल

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स यानी पैकेट व डिब्बाबंद तैयार खाद्य पदार्थों की लिस्ट वैसे तो बहुत लंबी है। हालांकि यहां कुछ प्रमुख अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स का ही जिक्र उचित है, जैसे चिप्स, नमकीन, कुकीज, बिस्किट, इंस्टैंट नूडल्स, तैयार सूप, मीठे पेय और फलों के नाम वाले पेय, फ्लेवर वाली दही, शक्करयुक्त ब्रेकफास्ट सीरिल, ह्लहेल्दीह्व बार्स और स्नैक्स जो असल में हेल्दी नहीं होते।

### बढ़ते स्वास्थ्य जोखिम

आज भारत में हर चौथा बच्चा या किशोर मोटापे से जूझ रहा है। हर चौथा वयस्क डायबिटिक या प्री-डायबिटिक है। हर तीसरा व्यक्ति हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त है। शोध बताते हैं कि जिन आहारों में 10 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड्स का होता है, वहां मोटापा, टाइप 2 डायबिटीज, फैटी लिवर, दिल की बीमारी, और यहां तक कि पार्किंसन जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

### ऐसे किया जाता है गुमराह

कंपनियां जानबूझकर ऐसे शब्दों और छवियों का प्रयोग करती हैं जो भ्रम पैदा करते हैं। जैसे झ ह्लबेक्ड, नॉट फ्राइडह्व, ह्लफ्रूट से बनाह्व, ह्लप्रोटीन से भरपूरह्व, कार्टून, स्कूल बैग डिजाइन, सेलिब्रिटी एड्स, पैकेट पर हरे रंग का डॉट दिखा कर ह्लसेहतमंदह्व होने का भ्रम। लेकिन असलियत यह है कि कोई चेतावनी नहीं होती, ना ही अधिक शुगर या नमक की साफ जानकारी दी होती है।

### ये सावधानी बरत सकते हैं

पहली बात तो फ्रंट पैक पर दिए गए दावों पर भरोसा न करें। वहीं खरीदने से पहले इनग्रेडिएंट्स और न्यूट्रिशन लेबल पढ़ें – 10 फीसदी से अधिक चीनी, सैचुरेटेड फैट या 1मिलीग्राम/किकै से अधिक सोडियम यानी यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। अपने बच्चों को बताएं कि ह्लअसली खानाह्व और ह्लपैकेट वाला खानाह्व अलग हैं। घर का बना ताजा खाना, फल, सब्जी, अनाज और दालें प्राथमिकता बनाएं। जो चीज ज्यादा विज्ञापन में दिखाई दे, वो खासकर ध्यान से देखें – वो जरूरी नहीं कि आपके लिए अच्छी हो।

### जानने का अधिकार

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और स्वास्थ्य का अधिकार देता है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि खाद्य उत्पादों पर स्पष्ट जानकारी होनी चाहिए, और सरकार को तीन महीने में लेबलिंग नीति को अंतिम रूप देना चाहिए। हम सबका अधिकार है कि हमें बताया जाए

### — पैकेट के अंदर क्या है?

तो आइए, भ्रामक विज्ञापनों से न बहकें। दरअसल, हमें चाहिए साफ, सटीक चेतावनी– क्योंकि असली बात पैकेट के बाहर नहीं, अंदरी होती है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जोखिम और रोमांच से भरपूर खूबसूरत ठंडे पर्यटक स्थल

गर्मियों की चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान से राहत पाने के लिए लोग विदेशों से ठंडी और शांत जगहों की तलाश में रहते हैं। भारत में कई ऐसे खूबसूरत पर्यटन स्थल हैं, जहां प्राकृतिक सुंदरता, ठंडी हवाएं, बफीर्ले नजारे और सुकून भरा माहौल एक यादगार छुट्टी का अनुभव कराते हैं।

शिखर चंद जैन

गर्मी के मौसम में जब मैदानी इलाकों में तापमान चढ़ता है, तब ठंडी और सुकून भरी जगहों की याद बरबस ही आने लगती है। क्यों न इस बार छुट्टियों में भीड़-भाड़ से दूर, भारत के उन ठंडे और शांत ठिकानों की ओर रुख किया जाए जहां प्राकृतिक सुंदरता, ताजी हवा और शांति आपका स्वागत करें? आइए जानें ऐसे ही कुछ बेहद खूबसूरत और ठंडे पर्यटन स्थलों के बारे में।



### सियाचिन ग्लेशियर बेस कैंप तक

मई जून से दिसंबर तक का मौसम यहां जाने के लिए बिल्कुल मुफीद है। दुनिया का सबसे ऊंचा युद्ध स्थल होने के साथ-साथ यह देश के सबसे ठंडे स्थानों में से एक है। हाल ही लद्दाख टूरिज्म ने पर्यटकों को सियाचिन बेस कैंप तक आने का आमंत्रण दिया था। यहां चारों तरफ बर्फ बिखरी हुई दिखेगी। यह स्थान पाकिस्तान से साथ जुड़ी एलओसी के पास काराकोरम पर्वत श्रृंखला में है। जिन्हें ऊंचे और ठंडे स्थानों पर घूमने में मजा आता है उनके लिए यह वरदान सरीखा है। सियाचिन ट्रैक साहसी और रोमांच पसंद करने वालों के लिए है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य व प्रदूषण मुक्त वातावरण आपका मन मोह लेगा।

गर्मियों में घूमने के लिए बेहतर जगह है लद्दाख। यहां हर किसी का मन रम जाएगा। कुदरत की अनूठी सौगात, मनोरम दृश्य, ठंडा वातावरण मन को सुकून देते हैं। नीली झीलों, नीले आसमान और खूबसूरत पहाड़ियों को आप देखते ही रह जाएंगे। ये दृश्य हर किसी की आंखों और मन में जीवनभर के लिए कैद हो जाते हैं। बौद्ध मठों का गढ़ भी है लद्दाख। पैंगोंग लेक यहां का सबसे खास आकर्षण है। यहां नुब्रा घाटी में बालू के टीलों के बीच ऊंटों की सवारी करना आपको खूब भाएगा।

### कुफरी की तफरीह

मई-जून की तपती गर्मी में शिमला के टूरिस्ट टाउन कुफरी में जाने का निर्णय आनंददायक साबित हो सकता है। शिमला से 20 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 22 पर स्थित है कुफरी। यहां आपको अपनी खरीदारी और सुविधाओं और खानपान के लिए तमाम बुटीक, होटल और फूड स्टॉल्स मिल जाएंगे। यहां बच्चों को हिमालयन जू देखने में खूब मजा आएगा। इस जू में कई ऐसे जानवर और पक्षी भी देखे जा सकते हैं जो आमतौर पर दूसरे चिड़ियाघर में नहीं होते। जैसे हिमालयन मोनाल, जो कभी हिमाचल प्रदेश का राज्य पक्षी हुआ करता था।

### बर्फ की धरती द्रास

कारगिल में मौजूद है दुनिया का दूसरा सबसे ठंडा स्थान द्रास जो भारत के सबसे ठंडे स्थानों में से एक है। इसे आमतौर पर लद्दाख का द्वार कहा जाता है। यह सुरु घाटी, अमरनाथ और सियालकोट में ट्रैकिंग का शुरूआती बिंदु है। सर्दियों में यहां का तापमान माइनस 45 डिग्री तक चला जाता है। इस शानदार हिल स्टेशन को लोग प्यार से बर्फ की धरती भी कहते हैं। यहां आप जून से दिसंबर तक जा सकते हैं।

### ऑफ बीट हिल स्टेशन कालपा

गर्मियां शुरू होने से लेकर सितंबर तक कभी भी आपको ठंडक में कुछ दिन बिताने का मन हो तो आप अपना बैग पैक कर हिमाचल प्रदेश के इस छोटे से टूरिस्ट प्लेस पर आ जाएं। यह एक ऑफबीट हिल स्टेशन है। हिमाचल प्रदेश का छोटा-सा गांव कालपा कई बौद्ध मठों और मंदिरों की पवित्र धरती के रूप में विख्यात है। यहां आपको सतलुज नदी का सौंदर्य और सेब के विशाल बगीचों में महक लेने का अवसर भी मिलेगा। यहां कई बार तापमान माइनस 15 डिग्री तक भी चला जाता है।

### रोहतांग पास, पर्यटकों की आस

हिल स्टेशन के रूप में आपने मनाली की प्रसिद्धि खूब सुनी होगी लेकिन पास ही स्थित रोहतांग पास भी घूमने-फिरने और मौज-मस्ती के लिए कुछ कम नहीं है। यह जगह कुल्लू घाटी और स्पीति घाटी से जुड़ी हुई है। 3978 फुट की ऊंचाई पर स्थित है। इस हिल स्टेशन पर पूरे साल दूर-दूर तक बर्फ नजर आती है। यहां का न्यूनतम तापमान माइनस 6 डिग्री तक पहुंच जाता है। उत्साही, रोमांच पसंद पर्यटकों के लिए एक शानदार टूरिस्ट प्लेस है। गर्मियों के मौसम में यहां आप स्कीइंग, माउंटेन बाइकिंग आदि का आनंद भी ठंड के साथ-साथ उठा सकते हैं। मई-जून के महीने यहां आने के

## कुजू कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम व शांतिपूर्ण वातावरण में मना बकरीद

**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रो में बकरीद पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। बकरीद पर्व को लेकर शनिवार की अहले सुबह से कोयलांचल क्षेत्र के मस्जिद में मुस्लिम धर्मवलंबियो ने निर्धारित समय पर ईद अल-अजहा की नमाज अदा किया। इसके बाद पूरे देश के लिए अमन व शांति की दुआएं मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की बधाइयां दी। साथ ही लोगों ने अपने घरों में बकरे की कुर्बानियां दी। क्षेत्र के कुजू, आरा, सारूबेड़ा, तोपा, सांडी, बोंगाबार, करमा, दिगवार, रतवे आदि स्थानों में बकरीद धूमधाम से मनाया गया।

# हजारीबाग में पुलिस की मनमानी के खिलाफ सांसद का सड़कों पर विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में पुलिस की मनमानी और अवैध हिरासत के खिलाफ सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को बड़ा कदम उठाया।

सदर थाना पुलिस द्वारा समाजसेवी अर्जुन साव को बिना किसी शिकायत या कानूनी प्रक्रिया के अवैध रूप से हिरासत में लिए जाने के विरोध में सांसद ने थाना के बाहर करीब साढ़े चार घंटे तक धरना दिया। इस दौरान उनके साथ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही विधायक मनोज यादव और सैकड़ों


धरने पर बैठे सांसद

समर्थक मौजूद रहे। दरअसल, 4 जून को चलकुसा की एक गर्भवती महिला के साथ शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में दुर्व्यवहार हुआ था, जिसकी आवाज समाजसेवी अर्जुन साव ने उठाई थी। लेकिन शुक्रवार की रात पुलिस ने उन्हें बिना किसी ठोस वजह के पूछताछ के नाम पर बुलाया और रातभर थाने में बैठाए रखा। यह कार्रवाई सांसद जायसवाल को नागवार गुजरी।

शनिवार सुबह 9:45 बजे वे थाने पहुंचे और थाना प्रभारी से लिखित में हिरासत का कारण मांगा, लेकिन पुलिस कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सकी। इसके बाद सांसद धरने पर बैठ गए। कई बार प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें धरना समाप्त करने की अपील की, मगर सांसद अपनी मांगों पर अड़े रहे।

अंततः सदर थाना प्रभारी सुभाष सिंह को धरना स्थल पर पहुंचकर सार्वजनिक रूप से अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ी और भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने का भरोसा भी दिया। इसके बाद अर्जुन साव को भी रिहा कर दिया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा, हम हजारीबाग में पुलिस के अत्याचार को चुपचाप नहीं सहेंगे। जब थाना ही अन्याय का अड्डा बन जाए, तो प्रतिकार जरूरी है। इस विरोध में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, समाजसेवी और आम नागरिक शामिल हुए और पुलिस के खिलाफ एकजुटता दिखाई। यह धरना सिर्फ एक व्यक्ति की रिहाई नहीं, बल्कि पुलिस के निरंकुश रवैये के खिलाफ जनप्रतिरोध का प्रतीक बन गया।

**एक नजर में**

## हजारीबाग में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम


विक्रेताओं को दिए गए सुरक्षा उपकरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी की अगुवाई में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, खासकर थोक विक्रेताओं, खुदरा दुकानदारों, रेस्टोरेंट मालिकों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य जनित बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बताया गया कि हर साल लाखों लोग असुरक्षित भोजन के कारण गंभीर बीमारियों की चपेट में आते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए 'ईट राइट इंडिया' अभियान के तहत ईट राइट स्कूल, ईट राइट कैंपस, फोर्टिफाइड फूड्स और फूड लेबलिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। एनजीओ हेल्पिंग इंडिया और फीडिंग इंडिया की मदद से भोजन की बबार्दी को रोकने का भी संदेश दिया गया। खासकर युवाओं और बच्चों को मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए संतुलित आहार और स्वच्छता अपनाने की सलाह दी गई। स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से एप्रन, टोपी, मास्क वितरित किए गए और उन्हें अपने ठेले, बर्तनों और खाद्य पदार्थों की साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पहली बार 2019 में हलड और ऋअड के नेतृत्व में मनाया गया था। इसका उद्देश्य हर व्यक्ति के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करना है।

# सीपीएम की संयुक्त बैठक सम्पन्न

### 15 जून को होगी जिला स्तरीय रिपोर्टिंग एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम, समिति का हुआ गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीपीएम पतरातू प्रखंड अंतर्गत भुरकुंडा एवं रंका चोरधरा शाखा के सदस्यों की संयुक्त बैठक शनिवार को भुरकुंडा शाखा कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कॉ. रामेश्वर उरांव ने की। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला सचिव कॉ. आरपी सिंह चंदेल उपस्थित थे। बैठक की शुरूआत दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौनधारण के साथ की गई। इसके उपरांत आगामी 15 जून 2025 को रामगढ़ में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय रिपोर्टिंग एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। यह कार्यक्रम सीपीएम की 24वीं पार्टी कांग्रेस (2-6 अप्रैल 2025, मदुरई) के रिपोर्टिंग एवं प्रशिक्षण के उद्देश्य से आयोजित किया



बैठक में उपस्थित सीपीएम के लोग

जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की सफलता हेतु एक तैयारी समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कॉ. अशोक सिंह, उपाध्यक्ष कॉ. बाबूलाल उरांव, सचिव कॉ. जगदीश पासवान, सह सचिव कॉ. परमेश्वर उरांव, कोषाध्यक्ष कॉ. एतवा मुंडा चुने गये। वहीं सदस्यों में कॉ. राजन कुमार पांडेय, कॉ. रामेश्वर उरांव, कॉ. अशोक राम चंद्रवंशी, कॉ. कृष्णा कुमार गिरी, कॉ. बलराज, कॉ. गणेश उरांव, कॉ. आशा देवी, कॉ. रीना देवी एवं कॉ. आर.पी. सिंह चंदेल शामिल हैं। यह कार्यक्रम दो सत्रों में पूर्वाह्न 11 बजे से संध्या 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। राज्य सचिवमंडल सदस्य कॉ. संजय पासवान, राज्य कमिटी सदस्य कॉ. रामचंद्र ठाकुर एवं कॉ. असीम सरकार इस कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता होंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिनिधि भुरकुंडा कार्यालय से प्रतिनिधि कार्ड प्राप्त करेंगे।

# शिव-पार्वती विवाह संग मंडा पूजा महोत्सव की धूम

### कुरसे गांव में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री मंडा पूजा आयोजन समिति कुरसे के तत्वावधान में कुरसे गांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंडा पूजा का भव्य आयोजन 8 व 9 जून 2025 को किया जा रहा है। श्रीश्री मंडा पूजा आयोजन समिति कुरसे के तत्वावधान में आयोजित इस अनुष्ठान में अनेक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ हो चुकी है। कार्यक्रम की शुरूआत 25 मई (रविवार) को मंडा जागरण से हुई। इसके बाद 3 जून (मंगलवार) को शिव-पार्वती विवाह का आयोजन भक्तिमय माहौल में किया जाएगा। 7 जून (शनिवार) से लोटन सेवा की शुरूआत शाम साढ़े छह बजे से होगी, जो 8 जून (रविवार) को भी जारी रहेगी। इसी दिन रात्रि साढ़े नौ बजे से छऊ नृत्य सह मेला का शुभारंभ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। 9 जून (सोमवार) को सुबह 5 बजे फुलखुंदी और फिर साढ़े सात बजे बनस गुथाई एवं बनस झुलाई जैसे पारंपरिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। मंडा पूजा की मुख्य विधि 10 जून (मंगलवार) को दोपहर 2 बजे लावा पूजा के रूप में संपन्न होगी। इसके उपरांत प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। यह आयोजन पूरे क्षेत्र में आस्था, परंपरा और लोक संस्कृति की समृद्ध झलक पेश करेगा, जिसमें दूर-दूर से श्रद्धालुओं शामिल होंगे। उक्त जानकारी श्रीश्री मंडा पूजा आयोजन समिति कुरसे के बिरेंद्र यादव ने दी।

## भुरकुंडा को जाम से मुक्ति की पुलिस ने की शुरूआत


बैठक में उपस्थित ओपी प्रभारी, ऑटो चालक और अन्य

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार को जाम से निजात दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार की शाम भुरकुंडा ओपी परिसर में ऑटो यूनियन के सदस्यों, ऑटो व टोटो चालकों तथा वाहन मालिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता ने की। ओपी प्रभारी श्री गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बाजार में ट्रैफिक जाम की स्थिति पर नियंत्रण आवश्यक है। दुकान के रूम से बाहर अतिक्रमण कर दुकान सजाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अनियंत्रित रूप से बाइक और ऑटो पार्किंग करने पर भी रोक लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अव्यवस्थित पार्किंग व अतिक्रमण के कारण आम नागरिकों और ग्राहकों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस दिशा में सभी ऑटो व टोटो चालकों से सहयोग की अपील की गई, ताकि बाजार को सुचारु और जाम मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा जल्द से जल्द भुरकुंडा बाजार को जाम से मुक्ति नहीं मिली तो पुलिस अभियान चला कर कार्रवाई करेगी।

## डुमरियाडीह मस्जिद में नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को दी बधाई


एक दूसरे को दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** डुमरियाडीह मस्जिद में ईद उल अजहा पर नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक दूसरे को बधाई दी. सभी ने देश की अमन-चैन व तरक्की की दुआ मांगी। अल्पसंख्यक कल्याण महासभा के अध्यक्ष मो कैयूम ने कहा कि बकरे की कुबार्नी देने के साथ-साथ अपने अंदर की बुराई, ईर्ष्या, नफरत को भी कुर्बान करें तथा समाज में अमन-चैन व भाईचारा के साथ एक दूसरे का सहयोग व सम्मान करें। नमाज अदा करने के बाद मो कैयूम ने बैजलाडीह, गुड़ियो, भंडार, हथगड्डा, अलगडीह, जावद, मलकोको, पड़रिया, बरसोत, धनवार गांव का भ्रमण कर एक दूसरे के गले मिले तथा ईद उल अजहा की बधाई दी। इस अवसर पर मो अब्बास, मो मंसूर आलम, अधिवक्ता मो इम्तियाज, अधिवक्ता मो साबिर अंसारी, गुलाम अजहर, डॉ मो खलील, अयूब अंसारी, आजाद अली व अकबर मियां आदि मौजूद थे।

# जिले में सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर उपायुक्त की विशेष पहल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज को जिलान्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से सरकारी भूमि (गैरमजरूआ भूमि, तालाब, नदी एवं अन्य प्रकार के सरकारी सम्पत्तियों सहित) का अतिक्रमण करने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी को अभियान चलाकर संबंधित क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश में कहा गया है कि कुछ आसामाजिक तत्वों / व्यक्तियों एवं अन्य द्वारा भी अनाधिकृत रूप से कब्जा करने की बात भी प्रकाश में आयी है। अवैध रूप से अतिक्रमण किये जाने के कारण सरकारी सम्पत्तियों का नुकसान होने के साथ-साथ विवाद भी बढ़त्ता है। उक्त के विरूद्ध अभियान चलाकर पूरे जिले में उपरोक्त सभी प्रकार के गैरमजरूआ भूमि, तालाब, नदी एवं सभी प्रकार के किये गये अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कारगर कार्रवाई किया जाना अत्यावश्यक है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सेवा जागरूकता मंच ने किया पौधरोपण, संरक्षण का लिया संकल्प

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरुवार को सेवा जागरूकता मंच के तत्वावधान में रांची के बेड़ो स्थित साईं मंदिर प्रांगण में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष गोपाल सिंह ने की। इस अवसर पर मंच की कोर कमेटी के सदस्यों ने एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संरक्षक गुरुशरण, गोपाल सिंह, एनएन पांडेय, बीएन पांडेय, पूर्व आईजी शंभु ठाकुर, नेतरहाट विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रसाद पासवान, शशि कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मां शीतला देवी मंदिर में भव्य भंडारा का किया आयोजन



भंडारा में लोगों के बीच प्रसाद का वितरण करते लायंस क्लब के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया।

इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 300 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही कल्ब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा।

लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत लायंस क्लब द्वारा भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा निःशुल्क टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रांची ग्रेटर क्लब 2024-25 के रिजिनल चेयरपर्सन लायन गणेश सिंह, भुरकुंडा क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयंत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, लायन रेखा मंजुल, लायन निर्मल अग्राल, सूबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबु, लायन अजय सिंह आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# ईद उल जुहा पर्व हर्षोल्लास से मना

**दारू।** ईद उल बकरा का पर्व प्रखंड़ क्षेत्र में हर्सोल्लास से मनाया गया। इस पर्व को इस्लामिल कलेंडर के अनुसार प्रति वर्ष ईद की तारीख चांद पर आधरित होती है। इस वर्ष शनिवार को नमाज अदा के साथ मनाया गया।इस पर्व को इस्लाम सुमदय के लोग कुरबानी का त्योहार कह कर पुकारते है। प्रखंड़ के पिपचो, जबरा, इरगा, पेटो ,हरली, जिनगा, कबिलासी पुनाई टांड़, लोहड़ी ,जरगा, मेढकुरी खुर्द, गाडीसाडम में बकरीद का नमाज अदा किया गया। नमाज अदा करने के बाद इस्लाम धर्मावलंबियों ने अपने अपने घरों में बकरे की कुबार्नी दी। इस्लामधर्म के एक मान्यता के अनुसार ईद उल जुहा की कहानी हजरत इब्राहीम से जुड़ी है। जिसने अल्लाह के आदेश पर अपने बेटे को कुबार्नी देने के जा रहा था।

उस समय देखा कि एक जानवर जिसे दूमा कहा जाता है का बली पड़ गया था। उस समय से इस्लाम धर्म के लोग अपने प्यारे से प्यारे जानवर का कुबार्नी देने का प्रचलन शुरू कर दिया।ऐसी भी मान्यता बताया गया कि कुबार्नी में दी गई बकरे का तीन भाग किया जाता है। पहला हिस्सा अपने घर के सदस्यों, दूसरा हिस्सा अपने करीबी दोस्त व रिस्तेदार व तीसरा हिस्सा गरीब गुरबों के लिए किया जाता है। दारू पुलिस ने इस अवसर पर पूरी तरह से चुस्त दुरुस्त थे।

### त्याग व इंसानियत का पर्व ईद उल जुहा


बधाई देते लोग

## शांति और सौहार्द से मनाया गया बरही में बकरीद का त्यौहार


बरही में बकरीद का त्योहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बकरीद का त्यौहार शांति और सौहार्द से मनाया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईदगाह और मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की और अल्लाह से देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ की। ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। बरही में सबसे पहले ईदगाह में नमाज पढ़ी गई। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुशर्फुल कादरी ने नमाज पढ़ाई। मदीना मस्जिद में इमाम हाफीज कलीमुद्दीन रिजवी ने नमाज पढ़ाई। मक्का मस्जिद में इमाम हाफिज कयूम। मस्जिदें अक्सा में इमाम मौलाना रिजवान कादरी। जामा मस्जिद में मौलाना इमरान ने नमाज पढ़ाई। नमाज अदा करने के बाद अकीदतमंदों ने कुबार्नी पेस की। इस दौरान शांति, सौहार्द और विधि व्यवस्था को लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी जगह-जगह तैनात थे। पुलिस पेट्रोलिंग भी की जा रही थी। नमाज अदा करने के बाद मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष रिजवान अली ने कहा कि इस पाक, मुबारक मौके पर बकरे की कुबार्नी के साथ ही साथ अपने अंदर की बुराई, भेदभाव, क्लेश और रंजिश की भी कुबार्नी होनी चाहिए जिससे समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारा बनी रहे। इस मौके पर मौके पर मुखिया शमशेर आलम, बीएसए के संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, मोमिन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष रिजवान अली, जामा मस्जिद के सदर मो कलीम,जामा मस्जिद के सचिव मो कयूम, मक्का मस्जिद के सदर जियाउद्दीन अंसारी, मदीना मस्जिद के सदर नाजिर हुसैन, मस्जिदें अक्सा के सदर गुलाम फारूक, इकबाल रजा, गुलजार अंसारी, इमरान खान, मो सगीर, मो युसुफ,मुबारक हुसैन, मो आजाद,अनवर हुसैन, मो महताब, मो रकीब, मो नसीम , मो इजहार,मेराज हुसैन, टिंकू आलम, आफताब आलम, मीनू खान, सेराज अली, मो इमरान, जियाउल हक, अल्ताफ कुरैशी, रियाजुल हक समेत अनेक लोग शामिल थे।

# ईदगाह व मस्जिदो में अदा की गयी नमाज

## क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व अमन चैन की मांगी गई दुआ, लजीज व्यंजनो का उठाया लुत्फ

भुरकुंडा (रामगढ़)। कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रो के ईदगाहों और मस्जिदो में शनिवार को मुस्लिम धर्मावलंबियो द्वारा ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। कोयलांचल के भुरकुंडा जामा मस्जिद, रीवर साइड मयूर स्टेडियम स्थित मस्जिद, सौंदा डी, सेंटल सौंदा, भदानीनगर के चिकोर, मुहआ टोला सहित बासल के बलकुदरा सहित अन्य क्षेत्रो के ईदगाह और मस्जिदो में मुस्लिम धर्मावलंबियो ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कर अपने घर-परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली और अमन चैन की दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोगो ने अपने घरो में बकरे की कुबार्नी दी। साथ ही एक-दुसरे के गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। साथ ही एक-दूसरों के घरो में जाकर लजीज व्यंजनो को लुत्फ उठाया।


बकरीद की नमाज अदा करते मुस्लिम धर्मावलंबी

### भव्य समारोह के साथ भाजपा जिला कार्यालय का हुआ शिलान्यास

# कार्यालय पार्टी का नींव होता है : बाबूलाल मरांडी

## कार्यालय को जनसेवा का केंद्र बनाएं : अन्नपूर्णा देवी

## कार्यालय अपना होने का सपना आज पूरा हुआ : डॉ. नीरा यादव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय का शिलान्यास भव्य समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि कोडरमा सांसद सह महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव रहीं। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी व पत्नी नीलम जोशी ने यजमान के रूप में विधिवत पूजा-अर्चना की और मुख्य अतिथि के साथ भूमिपूजन कर कार्यालय का शिलान्यास किया। वहीं पुरोहित शशि भूषण पांडेय ने पूजा करायी। वहीं मुख्य अतिथि बाबूलाल मरांडी ने कहा कार्यालय पार्टी की नींव होता है, इससे पार्टी को मजबूती मिलती है। आप हर कार्यक्रम कार्यालय में बैठकर कर सकते हैं और जनता को भी मिलने में सहजता होती है। वहीं संगठन महामंत्री कर्मवीर ने कहा कार्यालय एक वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा और कार्यालय पार्टी का होता है। व्यक्ति और पद तो आते-जाते रहते हैं, इसलिए अध्यक्ष और पदाधिकारी को कार्यालय में बैठने की जिम्मेवारी लेनी चाहिए।

वहीं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार है, जो राष्ट्रसेवा और विकास को समर्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस नए कार्यालय को जनसेवा का केंद्र बनाएं।

वहीं कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि कार्यालय अपना हो यह एक सपना होता था, जो आज पूरा हुआ। आज शिलान्यास हुआ है उद्घाटन भी जल्द ही होगा। वहीं पूर्व विधायक विरंची नारायण ने कहा कि राज्य के 19 जिलों में कार्यालय बन कर तैयार हो गया है और जल्द ही कोडरमा को भी कार्यालय मिलेगा।

वहीं प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका ने कहा प्रदेश कार्यालय की जमीन हमलोगों ने बहुत देखी पर यह जमीन सबसे अच्छी जगह पर मिली है। यह जिले में मुख्य जगह कोडरमा और तिलैया के बीच है। जिससे यह सभी कार्यकर्ताओं के लिए उपयोगी होगी। वहीं पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष अमरजीत यादव ने कहा कार्यालय पार्टी संगठन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिससे कार्यक्रम करने में सुविधा मिलेगी। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि कार्यालय के बिना संगठन चलाना बहुत कठिन होता है, कभी शादी का सीजन है तो जगह मिलने में बहुत परेशानी होती है और भाजपा लगातार जन हित के कार्य में लगी रहती और हमेशा बैठकों एवं कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है, कार्यालय होने से सुविधा होगी। कार्यक्रम में रमेश सिंह, रवि मोदी, रामचंद्र सिंह, नीतीश चंद्रवंशी, रामनाथ सिंह, सुरेश यादव, राजेश सिंह, राजकुमार यादव, जूहीदास गुप्ता, देवनारायण मोदी, विजय यादव, शिवेन्द्र नारायण, सुधीर सिंह, शशि भूषण प्रसाद, सूरज प्रताप मेहता, अनिता देवी, दिनेश सिंह, सुभाष मोदी, नरेन्द्र झांझरी, सुरेंद्र काला, ललित सेठी, रवि केडिया, राजकुमार यादव, महेंद्र वर्मा, बीएनपी बर्णवाल, नरेंद्र पाल, हरि पंडित, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नू, असरद खान, सुनीत सेठ, बासुदेव यादव, प्रभाकर लाल रावत, अजय पांडेय, सुनील पण्डित, मुकेश राम, सुनील यादव, सुरेंद्र यादव, द्वारिका राणा, राजेंद्र सिंह, विजय राणा, सुधीर सेठ, महामंत्री पारिजात सिंह, सुनील भारती, उत्तम कुमार, पप्पू पांडेय, संजय शर्मा, वीरेंद्र यादव, रमेश यादव, नीलकंठ मेहता, प्रदीप साव, जयशंकर प्रसाद, राजेंद्र सिंह, शक्ति सिंह, बैजनाथ यादव, महेंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद थे।


## ‘एक पेड़ मां के नाम’ कार्यक्रम के तहत 11 सौ फलदार व औषधीय पौधों का किया वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**डोमचांच (कोडरमा)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत 11 सौ फलदार और औषधीय पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कोडरमा सांसद सह महिला बाल विकास मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा जिप सदस्य कुमकुम देवी, बैजनाथ कॉलेज के सचिव हिमांशु कुमार, प्राचार्य भूपेंद्र ठाकुर मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी ने कहा कि आज हमें अपने पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। पेड़-पौधों से न सिर्फ हम अपने पर्यावरण को हरा-भरा बना सकते हैं, बल्कि अपने स्वास्थ्य को भी बेहतर बना सकते हैं। वहीं मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हमारी जिम्मेवारी है। पर्यावरण की रक्षा तभी हो सकती है जब पेड़-पौधे लगाएं और उन्हें बढ़ने तक उनकी रक्षा करें। हमें पेड़ पौधों की अहमियत को समझना होगा और लोगों को इसके प्रति जागरूक भी करना होगा। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा हमें पर्यावरण के प्रति जागरुक होना चाहिए। पेड़-पौधे हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आज यदि हम सांस ले रहे हैं तो वह पेड़ पौधों की ही देन है। पेड़ पौधे हमारे लिए जीवन रक्षा और जीवनदायनी का काम करते हैं। वहीं भाजपा आईटी सेल के प्रेमांशु कुमार ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। आज पेड़ पौधों का वितरण कर मैं लोगों को यह संदेश देना चाहता हूं कि पर्यावरण की रक्षा हमारी जिम्मेदारी है और हमें जिम्मेवारी से पीछे नहीं हटना चाहिए। हमें आस-पास पेड़-पौधे लगाना चाहिए, ताकि हमें शुद्ध वायु मिल सके। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 21 हजार पेड़ लगाने का लक्ष्य है। मौके पर सुजीत मेहता, मुकेश पांडेय, अमरजीत कुमार, जीतेन्द्र रजक, नवीन राम, राजू राम, मिथिलेश प्रसाद, पवन गोस्वामी, बसंत मेहता, पप्पु साव, अभिमन्यु प्रसाद, सुधांशु शेखर, शंकर चामलिंग, रविन्द्र पांडेय, मोनू मेहता, राजकुमार रजक, वीरेन्द्र कराटे, छोटी यादव आदि मौजूद थे।

## गो-कशी की योजना का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार



**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटहाडीह के सफीक खान एवं सकीर खान के यहां बड़ी संख्या में मवेशी को जप्त किया गया था एवं एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया। वहीं एसपी ने प्रेस व्यान जारी कर बताया कि सूचना मिली थी कि मवेशी लाकर उक्त स्थल पर मवेशियों का वध करने की नियत से छुपाकर रखा गया है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी जयनगर बबलू कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कटहाडीह स्थित सफीक खान के बाड़े में छापामारी की गई। छापामारी के दौरान एसक़े. राजा नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि वे मवेशियों को छुपाकर यहां रखते हैं एवं जानवरों का मांस बेचते हैं तथा अन्य कोई व्यापारी मिलता है तो उसे जानवर भी बेच देते हैं। पुलिस द्वारा बाड़े की जांच की गई तो वहां एक लकड़ी का कुंदा एवं एक लोहे का चाकू बरामद किया गया। इसके संबंध में पूछे जाने पर एसक़े. राजा खान द्वारा बताया कि ये सभी वस्तुएं मवेशी वध करने हेतु रखी गई थीं। इस संबंध में जयनगर थाना कांड संख्या 136/25 के तहत मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी जयनगर बबलू कुमार, प्रतीत टोपनो, विकास कुमार, आशीष हांसदा, सशस्त्र बल, जयनगर थाना के जवान शामिल थे।

## संवेदक ने पीसीसी सड़क के बीचों बीच काटकर डाला पाइप, राहगीरों को हो रही परेशानी



सतगावां (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत मरचोई पंचायत में नल जल योजना के तहत संवेदक द्वारा पीसीसी सड़कों को बीचों बीच काटकर पाइप डाला जा रहा हैं। इसके बाद सड़क को मरम्मत किए बिना मिट्टी डालकर छोड़ दिया जा रहा है। जिस कारण सड़क पर गड्ढे बन गए हैं एवं राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं हल्की बारिश के कारण मिट्टी बह भी रही है। इससे सड़क जगह-जगह गड्ढे में तब्दील हो जा रही है। वहीं स्थानीय लोगों में नाराजगी जताते हुए कहा है कि अगर जल्द गड्ढे नहीं भरे गए तो बरसात में सड़क पूरी तरह टूट जाएगी तथा पैदल चलना मुश्किल हो जाएगा। इसे लेकर ग्रामीणों ने जल्द मरम्मत की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ मोहनपुर गांव में भी कई स्थानों पर सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

## मरचोई मुखिया ने निजी खर्च से कराई सड़क मरम्मत

**सतगावां (कोडरमा)।** मरचोई मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष उत्तम सिंह ने शनिवार को मरचोई पुल से पचमौह तक लगभग 1 किलोमीटर की जर्जर सड़क की मरम्मत कराई। यह सड़क मरचोई, टेहरो, बासोडीह पंचायत होकर जाने वाली सड़क है। बताते चलें कि उन्होंने यह काम अपने निजी खर्च पर कराया, यह सड़क कई साल से खराब थी। गड्ढों के कारण लोग रोज गिरते और चोटिल होते थे। वहीं मरचोई, ईटाय, राजाबर पंचायत के दर्जनों गांव के लोग इसी रास्ते से बासोडीह बाजार आते थे। वहीं स्थानीय लोगों ने कई बार सांसद और विधायक से सड़क मरम्मती की मांग की, मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद मुखिया उत्तम सिंह ने खुद जेसीबी और ट्रैक्टर लगवाकर सड़क पर दर्जनों ट्रैक्टर पत्थर का चूर्ण डलवाया, अब यह सड़क फिर से चलने लायक हो गई है। मौके पर दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## मुखिया संघ ने पंचायतों के अधिकार और वित्तीय अनदेखी पर जताया रोष

- **15वें वित्त की राशि नहीं मिलने पर विरोध और आंदोलन की दी चेतावनी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिला मुखिया संघ की बैठक असनाबाद स्थित विवेक विला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्यामदेव यादव और संचालन चंदवारा प्रखंड सचिव संतोष कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा पंचायतों की लगातार उपेक्षा और वित्तीय अधिकारों से वंचित रखने के मुद्दे पर गहरा रोष प्रकट किया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि 73वें संविधान संशोधन के तहत पंचायतों को 29 विषयों पर अधिकार दिया गया है, लेकिन आज भी पंचायतों को उनके अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। यह लोकतंत्र की मूल भावना और जनभागीदारी के विरुद्ध है।

विशेष रूप से यह बात प्रमुखता से उठाई गई कि 15वें वित्त आयोग की राशि केंद्र सरकार द्वारा जारी नहीं की जा रही है, जिससे पंचायत स्तर पर विकास कार्य ठप पड़ रहे हैं। पंचायत की जनता के साथ यह सौतेला व्यवहार है, जो किसी भी रूप में उचित नहीं कहा जा सकता। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि झारखंड सरकार ने राज्य वित्त आयोग का गठन तो कर दिया है, लेकिन उसके बाद भी पंचायतों को उनके हिस्से की राशि नहीं मिल पा रही है। यह स्थिति जनप्रतिनिधियों के साथ विश्वासघात और जनता के साथ धोखा है।

बैठक में उपस्थित सभी मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पर कड़ी नाराजगी और घोर आपत्ति जताई। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर जल्द ही पंचायतों को उनका वित्तीय अधिकार और 15वें वित्त की राशि नहीं दी गई, तो पंचायत प्रतिनिधि जिला से लेकर राजधानी तक चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे। बैठक में बेदु साव, कन्हैया यादव, बालालकिंदर पासवान, रमेश यादव, अनीता देवी, ममता देवी, वीरेन्द्र यादव, शकील अहमद, शैन प्रवीण, मोनी देवी, उषा देवी, आरती देवी, बसंत कुमार साव, शंकर कुमार, किशोर साव, अनिल यादव, सुजीत नायक समेत कई पंचायत प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर पंचायतों के हक की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया।

## आंगनबाड़ी में एफआरएस नियम सेविकाओं के लिए मौत का फरमान : संजय पासवान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** सीटू सहित दस केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर मजदूर विरोधी लेबर कोड के खिलाफ और न्यूनतम 26 हजार वेतन, पेंशन व ग्रेच्युटी देने सहित 17 सूत्री मांगों को लेकर 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल की सफलता के लिए झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की बैठक कोडरमा ध्वजाधारी परिसर में जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा आंगनबाड़ी में डिजिटलीकरण के नाम एफआरएस नियम थोपने और सेविकाओं का शोषण किए जाने के खिलाफ 17 जून को केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री व स्थानीय सांसद अन्नपूर्णा देवी के आवास पर प्रदर्शन करने, 15 दिनों के अंदर बकाया पोषाहार राशि भुगतान नहीं होने पर 26 जून से पोषाहार बंद करने, 9 जुलाई को देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में आंगनबाड़ी में पूर्ण हड़ताल और जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने, अगस्त महीने में आंगनबाड़ी यूनियन का राज्य सम्मेलन झुमरीतिलैया में करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि एफआरएस के तहत डिजिटलीकरण के नाम पर सेविका सहायिकाओं का उत्पीड़न हो रहा है। उन्हें नौकरी से हटाने, मानदेय रोकने की धमकी दी जा रही है, यह पूर्णतः गैरकानूनी है तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का घोर उल्लंघन है और आंगनबाड़ी में एफआरएस नियम सेविकाओं के लिए मौत का फरमान है। मौके पर मीरा देवी, शोभा प्रसाद, सुरेन्द्र पाण्डेय, चींतामणि, उर्मिला देवी व बाबूलाल राजवंशी, गीता देवी, गुंजा कुमारी, सुनीता देवी, रेणु देवी, देवंती देवी, मीना, बबीता, वीणा, गीता, संगीता समेत सभी सेविका सहायिका मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### एसडीओ ने सांस्कृतिक भवन को कराया अतिक्रमण मुक्त



**चतरा/ सिमरिया।** प्रखण्ड के एदला गांव स्थित सांस्कृतिक भवन व बाल संसद भवन को शनिवार को अनुमंडल प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। सांस्कृतिक भवन और बाल संसद भवन को आदर्श ग्राम के तहत बनाया गया था। इस भवन में गांव के महेंद्र प्रसाद साव पिता चांदो साव द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण किया गया था। भवन को अतिक्रमण मुक्त करवाने को लेकर एसडीओ सन्नी राज, बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद और सीओ गौरव कुमार राय दल बल के साथ जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। भवन अतिक्रमण मुक्त करने के पहले एसडीओ ने इस भवन को कब्जा कर अतिक्रमण किए हुए भवन को खाली करने का निर्देश दिया। इसके बाद एसडीओ ने कार्रवाई करते हुए भवन में रखे खाद्य सामग्री प्याज, लहसुन, टमाटर, चावल, गेहूं, घरेलू समान के साथ-साथ छड़, सीमेंट आदि समान को हटाकर अतिक्रमण मुक्त कराया। एसडीओ ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गयी थी कि सरकारी भवन पर महेंद्र साव द्वारा कब्जा कर अतिक्रमण किया गया है। जिसके आलोक में यह कार्रवाई की गयी। वहीं एसडीओ ने बीडीओ को महेंद्र साव द्वारा बनाये जा रहे अबुआ आवास योजना निर्माण पर रोक लगाते हुए पैसा रिकवरी करने को कहा। उन्होंने कहा कि यह सरकारी भवन है। इस भवन पर किसी तरह का कब्जा कर अतिक्रमण करना अवैध है। कब्जा कर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### प्री खरीफ विकसित कृषि संकल्प कार्यक्रम आयोजित



**चतरा/ सिमरिया।** शनिवार को सिमरिया प्रखंड के हुरनाली एवं जांगी पंचायत के ग्राम चाइरम, जांगी, देलहो, मनातू, लेपो एवं हुरनाली में प्री खरीफ विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 -26 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र चतरा के वरिय वैज्ञानिक सह प्रबंधक डॉ रंजय कुमार सिंह, आईसीएआर-आईआईएबी के वैज्ञानिक डॉ सुधीर कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र चतरा के वैज्ञानिक डॉ धर्मा उरांव के द्वारा खरीफ मौसम में फसलवार उन्नत तकनीकी से खेती की तैयारी कर खेती करने को लेकर उन्नत कृषि प्रौद्योगिकी सहित राज्य एवं केंद्र प्रायोजित किसान उपयोगी कल्याणकारी विभिन्न योजनाओं और नीतियों के बारे में किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दिए साथ ही इनके द्वारा बागवानी एवं बैगन के फसलों का निरीक्षण किया एवं किसानों को उचित सलाह दी। मौके पर प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अन्य कर्मी, एग्री क्लीनिक सिमरिया के दीपक कुमार सिंह एवं अश्वनी कुमार सिंह, हुरनाली पंचायत के मुखिया पूरन राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### एक-दूसरे से गले मिल दी बकरीद की मुबारकबाद



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलम्बियों का त्याग व बलिदान का पवित्र त्योहार ईद उल अजहा (बकरीद) शनिवार को अमन व शांति के साथ संपन्न हो गया। बकरीद को लेकर सुबह से लोग तैयारियों में जुट गए। बच्चों में खासकर उत्साह देखने को मिला। नए कपड़े में सजे बच्चे खूब इठला रहे थे, ईद को लेकर बच्चों ने खास तैयारियां की थी। ईद पर मिले उपहार की खुशियां दूसरों से बताने में मशगूल थे। समय पर लोगों ने मस्जिदों व ईद्गाहों में पहुंच गए। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत दशारो, पपलो, शाहगंज, कर्बला नगर, मंझला नगर, देवीपुर, दरदाही, नावाडीह 1, खरखार, ताराटांड़, महूंगाय, विंडोमोह, महुआटांड़, मूर्कमनाय, खेशमी समेत कई मुस्लिम बहुल इलाकों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी। मौके पर लोगों ने देश में अमन, भाई चारगी और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ मांगी। नमाज के उपरांत सभी मुस्लिम भाई आपसी गीले शिकवे भूलकर एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी, इसके बाद लोगों ने अपने अपने घरों में बकरे की कुर्बानी दी।

### सतगावां में हर्षोल्लास के साथ मना बकरीद का त्योहार



**सतगावां (कोडरमा)।** त्याग बलिदान और समर्पण का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व शनिवार को पूरे प्रखंड क्षेत्र में पारंपरिक हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। बकरीद के मौके पर मुस्लिम समुदाय ने बासोडीह जामा मस्जिद में बकरीद की विशेष नमाज अदा की और भाईचारे, खुशहाली व अमन की दुआ मांगी। वहीं लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद मुबारक कहकर बकरीद त्योहार की मुबारकबाद दी। विशेष नमाज अदा के बाद लोग अपने-अपने घरों में जाकर बकरे की कुर्बानी का रस्म पूरा किया। वहीं प्रखंड क्षेत्र के शिवपुर, माधोपुर, मीरगंज, राजाबर, डेबोडीह, अंगार, दोनैया समेत विभिन्न मस्जिदों में बकरीद की विशेष नमाज अदा की गई। इस मौके पर स्थानीय पुलिस-प्रशासन की ओर से एहतियात बरतते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखने व किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने को लेकर मस्जिदों के आस-पास पुलिस बल की तैनाती की गई। वहीं थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा अपने दल बल के साथ क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद दिखे। मौके पर एसआई. रोशन पासवान, वृजनन्दन प्रसाद, एएसआई. रंजीत सिंह राजस्व कर्मचारी मनीष कुमार के आलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### जयनगर में ईद उल अजहा धूमधाम से मना



**जयनगर (कोडरमा)।** त्याग व बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा शनिवार को प्रखंड के विभिन्न इलाकों में बड़े धूमधाम से मनाया गया। बकरीद के शुभ अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज अदा किया और खुशहाली व अमन की दुआ मांगी। बता दें की नमाज अदा करने के बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में जाकर बकरे की कुर्बानी दी। वहीं प्रशासन की ओर से व्यवस्था बनाएं रखने को लेकर पुलिस बल तैनाती की गई थी। वहीं बीडीओ गौतम कुमार, थाना प्रभारी बबलू कुमार सिंह सहित पुलिस के कई पदाधिकारी विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते देखे गए। मौके पर पुलिस के पदाधिकारी एवं पुलिस के जवान मौजूद थे।

# चतरा में शांति व सौहार्द के साथ मनाया गया बकरीद पर्व

- **इस्लाम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों व ईदगाहों में अदा की ईद उल अजहा की नमाज**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा/गिद्धौर।** गिद्धौर प्रखंड में बकरीद का त्योहार शांति-सौहार्द एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड के विभिन्न गांवों के मस्जिदों व ईदगाहों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। मस्जिद के इमामों ने नमाज अदा कराई और इस त्योहार की विशेषताओं के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुर्बानी का मकसद आपसी सौहार्द और भाईचारा को बढ़ावा देना है। कुर्बानी के माध्यम से मनुष्यों के दिलों में छुपा हुआ अहंकार, बुराई, लालच, ईर्ष्या और घमंड की बलि देनी होती है।

उलेमाओं ने बताया कि यह कुर्बानी अल्लाह के नबी हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की सुन्नत है। उन्होंने अल्लाह के हुक्म पर अपने प्यारे बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुर्बानी देने पर राजी हुए और इस कड़े इम्तेहान में सफल हुए। उलेमाओं ने बताया कि अल्लाह के पास इंसानों की नेक नियति देखी जाती है। ऐसे मौके पर गरीबों और मिस्कीनों के साथ खुशियां बांटने का हुक्म है। अल्लाह ने अगर धन दिया है तो हज करें और गरीबों में कपड़ा, खाना, राशन बांटने का हुक्म है। वहीं प्रखंड में बकरा ईद का त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रखंड प्रशासन मुस्तैद दिखा। जगह-जगह पर दंडाधिकारी नियुक्त किए गए थे। जबकि प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचल अधिकारी अनंत साईनम विश्वकर्मा, थाना प्रभारी कुमार गौतम घूम-घूम कर जायजा लेते रहे।

### इटखोरी में सौहार्द से मना बकरीद

बकरीद का पर्व इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विभिन्न मस्जिदों में सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एकजुट होकर बकरीद की नमाज अदा की। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर पर्व की बधाइयां दीं और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। पर्व को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। इटखोरी थाना क्षेत्र के अति संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी रखी गई। इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि ड्रोन से निगरानी के साथ-साथ लगातार पेट्रोलिंग भी की गई, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के सहयोग से बकरीद का त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# कोडरमा में धूमधाम से मना बकरीद

- **दंडाधिकारी व पुलिस बल दिखे चौकन्ने**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** जिले में शनिवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व ईद-उल-अजहा धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ जुटने लगी थी। विभिन्न मस्जिदों में सुबह 6:30 बजे, 7 बजे एवं 7:30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के पश्चात नमाजियों ने एक-दूसरे के गले मिलकर बधाई दी। वहीं अपने-अपने घरों में बकरों की कुर्बानी दी। मुस्लिम धर्मावलंबियों का मानना है कि अल्लाह को कुर्बानी पसंद है। इस दिन सभी मुसलमान अपनी क्षमता के अनुसार खरीदे गए बकरों की कुर्बानी देकर स्वयं एवं जरूरतमंदों को भी खिलाते हैं। जिले के डोमचांच प्रखंड के बगड़ो, बगरीडीह, जानपुर, सपही, ढाब, नावाडीहय कोडरमा के लक्खीबागी, जलवाबाद, कोलगरमाय झुमरीतिलैया शहर के भादोडीह, झलपो, छतरबर, कोडरमा के जामा मस्जिद, मरकच्चो के शाहगंज, कर्बला नगर, नादकरी, भोजपुर, महुआटांड़, दरदाही, महुंगाय, नावाडीह-1, खेशमी, लोहडियो, देवीपुर, मुर्कमनाय, पुरनानगर, मंझलानगर, ताराटांड़, दशारो आदि स्थित मस्जिदों एवं ईद्गाहों में सुबह लोगों ने सामूहिक तौर पर ईद-उल-अजहा की दो रकात, शुकराने की नमाज, एखलाश एवं सुकून के बीच पढ़ी। इस दौरान शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए दंडाधिकारी व पुलिस बल काफी चौकन्ने दिखे। नमाज के पश्चात लोगों ने अपने-अपने घरों में बकरों की कुर्बानी दी और अल्लाह ताआला के प्रति शुक्रिया अदा की।

## स्पीड न्यूज

### शहीद जवान नायक मुंशी उरांव की मनायी गयी शहादत दिवस




गुमला। शहीद जवान मुंशी उरांव का शहादत दिवस शनिवार को गुमला सदर प्रखंड के घटगांव में मनाया गया है। इस अवसर पर घटगांव स्थिति उनकी प्रतिमा पर सीआरपीएफ 158 बटालियन के पदाधिकारी व जवान के परिजनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। सीआरपीएफ 158 बटालियन के डिप्टी कॉमांडेंट अनिल वर्मा ने श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि वीर शहीदों की शहादत कभी बेकार नहीं जाती है। शहीदों की शहादत से लोगों में देश भक्ति का जज्बा पैदा होता है। शहीद जवान मुंशी उरांव सीएआरपीएफ 46 बटालियन में नियुक्त थे। इस अवसर पर शहीद जवान के परिजनों को शॉल ओढ़कर सीआरपीएफ के पदाधिकारियों के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर शहीद जवान के परिजनों के साथ गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

### पिकअप वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को कुचला, दो की मौत

गुमला। गुमला-लोहरदगा नेशनल हाइवे में टोटाम्बी बाजार के पास शुक्रवार की देर रात तेजरफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में खरका गांव निवासी राजकेश्वर साहू व सुरेंद्र कुमार साहू की मौके पर मौत हो गयी। वहीं शिवपूजन साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तीनों को सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच कर दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल शिवपूजन साहू को प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। टक्कर के बाद पिकअप वाहन का चका तीनों युवकों के पैर के ऊपर चढ़ गया। जानकारी के मुताबिक शिवपूजन साहू गुरदरी थाना में पद स्थापित है। तीनों युवक बाइक में सवार होकर गम्हरिया गांव शादी समारोह में गए थे। जहां से लौटने के दौरान हादसा हुआ। पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया व मामले की जांच में जुटी।

### टावर पर चढ़कर युवक अपने पिता से घर बंटवारे की मांग कर रहा था



गुमला। गुमला सदर थाना क्षेत्र के कोटाम गांव में शनिवार की सुबह करीब 7:00 बजे एक युवक शोले फिल्म के बीरू के तर्ज पर गांव स्थित रिलायंस के सौ फीट उंची टावर पर चढ़की हंगामा किया। कोटाम गांव के 25 वर्षीय युवक रितेश सिंह टावर पर चढ़कर अपने पिता से घर की बंटवारे की मांग कर रहा था। इस दौरान व अभद्र भाषा का भी प्रयोग कर रहा था। हालांकि परिवार के लोग उसे टावर से उतरने की अपील करते रहे लेकिन व अपने जिद पर अड़ा था। युवक के टावर पर चढ़ने की जानकारी होने पर सैकड़ों ग्रामीणों का भीड़ भी उसे देखने के लिए उमड़ पड़ी। वहीं इसकी सूचना मिलते ही स्थानीय कोटाम पिकेट की पुलिस भी पहुंची है। पुलिस उसे नीचे उतरने के लिए कहती रही लेकिन वह जिद पर अड़ा रहा।

### संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने का किया आह्वान

गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 10 जून को आहुत जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने का प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह संविधान बचाओ रैली के सदस्य रमेश कुमार व सदस्य दीप नारायण उरांव ने सफल बनाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है। जिले के सभी कार्यकर्ताओं से संविधान बचाओ रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की भी अपील की। संविधान बचाओ रैली जिला कांग्रेस कमेटी के पार्टी कार्यालय से आरंभ होगी। वहीं श्री कुमार ने कहा कि रैली की तैयारी जिले के हर प्रखंड में वृहत पैमाने में किया जा रहा है। जिसकी तैयारी को लेकर प्रखंड अध्यक्ष जुटे हुए हैं। यह रैली पेशा कानून व सरना धर्म कोड लागू करने की मांग सहित कई मुद्दों को लेकर आयोजित की गई है।

### इंटर कला संकाय की परीक्षा में घाघरा के विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**जिले के टॉप टेन में घाघरा के छः विद्यार्थी**

घाघरा। इंटर कला संकाय का रिजल्ट गुरुवार को प्रकाशित किया गया। जिसमें घाघरा के विद्यार्थियों ने काफी बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। गुमला जिला के टॉप टेन की सूची में एस एस प्लस टू हाई स्कूल घाघरा के 6 विद्यार्थी का नाम शामिल है। जिले में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी भी एस एस प्लस टू हाई स्कूल घाघरा के रोहित महतो 87 . 8 प्रतिशत, अंजली कुमारी 87 प्रतिशत, अंकित उरांव 86 .8 प्रतिशत, निशा कुमारी 86 .6 प्रतिशत, नीतू कुमारी 86 .6 प्रतिशत, निकिता कुमारी 86 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला के टॉप टेन में सभी विद्यार्थी शामिल है। विद्यालय के शिक्षक संतोष कुमार, वीरेंद्र उरांव, महेंद्र कुमार व बसंत कुमार साहू ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है। साथ ही शिक्षकों ने यह भी बताया है कि विद्यालय के सत प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए है। कुल 181 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया था। जिसमें 166 विद्यार्थी प्रथम स्थान व 15 विद्यार्थी द्वितीय स्थान प्राप्त किए है।

# गुमला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद उल अजहा का पर्व

## ईद उल अजहा बलिदान, त्याग व समर्पण का है पर्वः मौलाना ऐनाम रब्बानी, ईदगाह में पढ़ी गयी ईद उल अजहा का मुख्य नमाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बकरीद की नमाज ईदगाह में अकीदत के साथ अदा की गयी।



एक दूसरे को पर्व की बधाई देते बच्चे।

गुमला। गुमला जिला में ईद उल अजहा का पर्व हर्षोल्लास संपन्न हुआ। ईद उल अजहा पर्व का मुख्य नमाज गुमला शहर के सिसई रोड स्थित ईदगाह में अकीदत के साथ अदा की गई। जामा मस्जिद के इमाम की इमामत में ईदगाह में नमाज अदा कर जिले व राज्य में खुशहाली और भाईचारा के लिए विशेष दुआ की गई। मौके पर मौलाना ऐनाम रब्बानी ने कहा कि हजरत इब्राहिम खलीलुल्लाह और उनके इकलौता पुत्र हजरत इस्माइल के बीच जो पवित्र रिश्ता और कुबार्नी पेश किया गया है।

उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। यह एक ऐसा बलिदान है जो जिसका कोई मिसाल नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी का उद्देश्य हजरत इब्राहिम की याद में अल्लाह के प्रति समर्पण और बलिदान की भावना को दशार्ता है। यह एक ऐसा प्रतीक है जो मुसलमान को अल्लाह की राह में सब कुछ निछावर कुर्बान करने के प्रेरित करता है और हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम के सुन्नत तरीके पर चलकर जीवन यापन करने का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी जिंदगी दूसरों के भलाई और मानवता की राह पर चलकर व्यतीत करने की आवश्यकता है।

हमें गरीब, अबला महिलाओं, मजबूर पड़ोसी का ख्याल रखते हुए आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुशाहिद आजमी ने कहा कि आप लोगों ने जिस उम्मीद के साथ मुझे सदर और सेक्रेटरी के तौर पर मकसूद आलम को चुना है। हम लोगों की पूरी कोशिश है की अंजुमन इस्लामिया के बुनियादी कामों को मजबूती के साथ आपकी मदद से करूं। आप लोगों ने देखा है कि लगभग दो वर्ष होने को है जामा मस्जिद, गुमला कब्रिस्तान ,ईदगाह आदि में तामीरी काम जोरो से चल रहा है। इतना ही नहीं गरीब बच्चों के शिक्षा-दीक्षा, स्वास्थ्य तथा शादी में मदद किया भी किया जा रहा है। अंजुमन आप सभी के खिदमत करता रहेगा। वहीं ईद उल अजहा की पहली नमाज मदरसा फैज ए आम में सुबह 5:30 बजे हाफिज रूस्तम साहब, मस्जिद फैजाने ए रजा में सुबह 5:45 बजे मौलाना अशरफ रजा साहब ने, मजिस्द रजा ए मुस्तफा में साकिर रजा नूरी साहब, मस्जिद ए होदा में 6 बजे कारी आफताब साहब ने, मस्जिद रजा ए हबीब में 6:15 बजे मो. तनवीरूल हसन साहब ने, मस्जिद ए जैनब में 6:30 बजे कारी मसीउद्दीन साहब ने, गौसिया मोती मस्जिद में हाफिज जाहिद रजा साहब ने, कादरिया मस्जिद में मुफ्ती कासीद रजा नईमी साहब ने, मजिस्द गौशुलवस में 6:45 बजे हाफिज सदाम हुसैन साहब ने, मक्का मस्जिद में 7:15 बजे कारी शोएब साहब ने, मदीना मस्जिद में 7:30 बजे मौलाना अबु दरदा साहब ने एवं अंतिम बकरीद की नमा जामा मस्जिद थाना रोड में 8:30 बजे हाफिज इरशाद साहब ने अदा करायी। मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर पर्व की बधाई दी। वहीं घाटो बगीचा स्थिति कब्रिस्तान पहुंचकर लोगों ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए दुआएं मांगी। वहीं अंजुमन के कामों को मदद करने में अंजुमन इस्लामिया के प्रवक्ता आशिक अंसारी, नायब सदर हाजी सुल्तान अंसारी, अफसर आलम, सहसचिव सरवर आलम, मुमताज आलम, कलीम अख्तर उर्फ कल्लन, मो हसन उर्फ लड्डन, शहजाद अनवर, मो खुर्शीद उर्फ पप्पू, मो आरिफ, इरफान अली, मोहम्मद अनवर, नसीम खान, समीम खान, मीर मिराज, मोहम्मद कौसर, हाजी आजाद नसीम खलीफा, शकील खान आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इधर पर्व को लेकर सुबह से ही गुमला पुलिस के जवान चौकस दिखे। टावर चौक से लेकर ईदगाह तक सुरक्षा के इंतजाम किये गये थे। थाना प्रभारी महेंद्र करमाली स्वयं ईदगाह के समीप सुरक्षा को लेकर मौजूद थे।

## घाघरा में बकरीद का पर्व उत्साह के साथ मनाया, मस्जिदों में की गयी नमाज अदा



नमाज अदा करने के बाद पुलिसकर्मियों के साथ समाज के लोग

घाघरा। घाघरा प्रखंड में बकरीद का पर्व पूरे धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। क्षेत्र के पतागाई, कोटामाटी, पुटो, गोया सहित विभिन्न मस्जिदों में सुबह नमाज अदा की गई। नमाज के बाद इमामों ने अमन शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। बकरीद के अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को गले लगा कर मुबारकबाद दी और कुबार्नी के रस्म अदा की गई। स्थानीय प्रशासन में पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए पुलिस बल की तैनाती मस्जिद और सार्वजनिक स्थानों पर की गई ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना ना हो। मौके मिनहाज भंडारी उर्फ राजू,पप्पू भंडारी, दिलदार खान, नईमुल खान, जलाल मियां, चांद खान, बबलू खान, मौलवी खान, सोनू खान, शाहरुख खान, सलमान खान, फिरोज अंसारी सहित कई मुस्लिम धर्मावलंबी उपस्थित थे।

## डुमरी में अकीदत के साथ पढ़ी गयी ईद उल अजहा की नमाज



नमाज के बाद पुलिसकर्मियों को बधाई देते लोग।

डुमरी। डुमरी थाना क्षेत्र में शनिवार को 8 बजे ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद का नमाज पढ़कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। वहीं थाना क्षेत्र के बेलटोली, कोठी, कांडरवानी, कांजी, बरवे नगर सहित अन्य ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद मौलाना गुलामे मुस्तफा ने अल्लाह ताला से क्षेत्र में अमनचैन एवं भाईचारे की दुआ मांगी। वहीं नमाज के बाद मुस्लिम भाइयों के द्वारा एक दूसरे से गले मिलते ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी गई। साथ ही सुरक्षा को देखते हुए डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार अपने दल बल के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते रहें और जयजा लेते रहे ताकि किसी तरह का अनहोनी घटना ना हो। मौके पर सदर समुल्लाह आलम, सीक्रेटरी रिजवान आलम, रागिफ आलम, तंसिल सहबाज आलम सहित मुस्लिम धर्मालबियों के लोग उपस्थित थे।

## जारी प्रखंड में ईद उल अजहा शांतिपूर्ण हुआ संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ईदगह में बकरीद की नमा अदा करते लोग।

जारी। जारी थाना क्षेत्र में शनिवार को ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप कुर्बानियां दी गई। बकरीद का नमाज पढ़कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अमन शांति एवं खुशहाली की दुआएं मांगी। वहीं थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर के ईदगाह, तिगरा, कमलपुर, सिकरी, जरडा, परसा, बरवाडीह, तेतरटोली सहित अन्य ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद अमन शांति के लिए अल्लाह ताला से दुआएं मांगी गई और मुस्लिम भाइयो ने एक दूसरे को गले लगाकर पर्व की बधाई दी। पर्व को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर लोग विभिन्न ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे थे। मौके पर गोबिंदपुर ईदगाह में नमाज के दौरान संबोधित करते हुए इमाम नेजामुद्दीन कादरी रब्बानी वा सुहैल अख्तर ने कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो। सभी धर्मों के लोगों ने इस्लाम धर्मावलंबियों से गले मिलकर बधाई दी। घर-घर पकवान बने। एक दूसरे के घर जाकर लोगों ने पकवान भी बांटे। मौके पर लोगों ने कहा कि ईद उल अजहा एकता का संदेश देता है। एकता से बड़ी कोई दौलत नहीं है। इस दौरान सदर जेयारुल अंसारी, सीक्रेटी जाकिर खान, मंसूर खान, नेयामत खान, अयूब अंसारी, कलीम कुरैसी, ने एक दूसरे से गला मिलते मुबारक बाद दिया। वहीं सुरक्षा को देखते हुए चैनपुर इंस्पेक्टर जितेंद्र राम व जारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार अपने दल बल के साथ मौजूद रहे।

## चैनपुर में धूमधाम से मनाया गया कुर्बानी का पर्व बकरीद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चैनपुर। त्याग और बलिदान का महापर्व बकरीद चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में शनिवार को भारी उत्साह और धार्मिक सौहार्द के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में ईदगाहों में नमाज अदा कर एक-दूसरे को गले मिलकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। जिसके बाद उन्होंने त्याग के प्रतीक स्वरूप पशुओं की कुबार्नी दी। सुबह से ही चैनपुर, बरवेनगर, जमगाई, लंगड़ा मोड़ सहित अनुमंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थित ईदगाहों में रौनक देखने को मिल रही थी। ईदगाहों को विशेष रूप से रंगाई-पोताई कर सजाया गया था, जो पर्व के माहौल को और भी खुशनुमा बना रहा था। काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इन ईदगाहों में जुटे और पवित्र बकरीद की नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी और आपसी सौहार्द व भाईचारे से रहने का संदेश दिया। नमाज के उपरांत, त्याग और बलिदान के प्रतीक स्वरूप अपने पसंदीदा पशुओं की कुर्बानी दी गई। यह परंपरा इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार अल्लाह के प्रति समर्पण और त्याग को दर्शाती है।

# लोहरदगा में अकीदत के साथ मनायी गयी ईद-उल-अजहा

## नमाज अदा कर परिवार, सामाज के साथ देश में सुख, शांति व समृद्धि के लिए मांगी दुआएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोहरदगा। जिले में शनिवार को इस्लामिक कैलेंडर के अंतिम माह में आयोजित होने वाले त्याग व बलिदान का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बकरीद के त्योहार को लेकर कुडू, किस्को, भंडरा, सेन्हा, कैरो समेत सभी ईदगाह सहित जिले भर के सभी ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज अदा कीं। जिसमें सभी उम्र और वर्ग के लोग एक कतार में नजर आए। लोगों ने अल्लाह की इबादत करते हुए अपने परिवार, सामाज, देश में सुख, शांति और समृद्धि के लिए दुआएं मांगी। लोहरदगा ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज को लेकर सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के साथ पुलिस अधिकारी, सुरक्षा बल के जवान तैनात थे। ईदगाह में कारी शमीम रिजवी की इमामत में नमाज सुबह 8:00 बजे अदा की गई। शहरी क्षेत्र के जामा मस्जिद, बेलाल मस्जिद, पावरगंज मस्जिद, बंगले वाली मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी मुस्लिम समाज के युवा, बुजुर्ग से लेकर सभी लोगों ने नमाज अदा कीं। बंगले वाली मस्जिद के इमाम हाफिज अब्दुल रऊफ खान ने नमाज अदा कराने के बाद कहा कि यह ईद-उल-अजहा हम सभी को अल्लाह के प्रति समर्पित रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जीवन में त्याग और बलिदान का काफी अधिक महत्व है। बकरीद को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में एक अलग तरह का उत्साह और उल्लास नजर आ रहा था। मुस्लिम समाज के सभी लोगों ने नमाज अदा करने के बाद गले मिलकर एक-दूसरे को बकरीद की बधाइयां दीं। बच्चे भी एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई देते नजर आए।

**पुलिस रही चौकस**

बकरीद के त्योहार को लेकर पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से सजग नजर आया। पुलिस किसी भी अफवाह को रोकने और उपद्रवियों पर नकेल कसने को लेकर पुलिस-प्रशासन काफी सक्रिय नजर आई। कंट्रोल रूम में अधिकारी अलर्ट पर रहे। पल-पल की नजर रखी जा रही थी। डीसी डॉ कुमार ताराचंद और पुलिस कप्तान सादिक अनवर रिजवी हर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। एसपी के निर्देश पर एसडीओ अमित कुमार, डीएसपी समीर तिर्की, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सीओ, नगर प्रशासक मुक्ति किंडो, सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रत्नेश कुमार सहित अन्य दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी पूरे क्षेत्र में नजर बनाए हुए थे।

## सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से कई गांव में लगा ट्रांसफार्मर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

लोहरदगा। लोहरदगा लोक सभा के सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से ग्राम कसियाडीह एवं तिगरा ग्राम में 25 के वी का ट्रांसफार्मर खराब था उसके स्थान में 63 के वी ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा सोरंदा, आकाशी एवं रोचो ग्राम में भी जले ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव आलोक कुमार साहू ने दिया। साहू ने बताया कि इन गांवों में ट्रांसफार्मर कितने दिनों से खराब था जिसे जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इन गांवों के ग्रामीण सांसद से मुलाकात कर शीघ्र ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आग्रह किये थे।

सांसद में त्वरित कार्रवाई कर इन गांवों में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। इन गांवों के ग्रामीणों ने सांसद का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने के लिए आभार प्रकट किय। साहू ने कहा कि सांसद विकास के प्रति कृत संकल्पित है समस्याओं का जानकारी मिलते हैं उसके निदान की दिशा में समुचित पहल करते हैं।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कई कार्यक्रमों का करेगी आयोजन

**सरकार की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाने के लिए 9 जून से 9 जुलाई तक किए जाएंगे कार्यक्रम**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोहरदगा। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा के जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में विकसित भारत का अमृतकाल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, संकल्प से सिद्धि तक 11 साल गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियां को जनता तक पहुंचाने के लिए 9 जून से 9 जुलाई तक निर्धारित कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यशाला का आयोजन बक्सीडीप्पा स्थित जिला कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज उपस्थित रहे। शशांक राज ने कहा कि भाजपा शासन के साथ-साथ जनता के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करती रहती है। संघर्ष से ही मूल परेशानी से रूबरू होते हैं। पार्टी सत्ता के साथ-साथ पर्यावरण की भी चिंता करती है और इस महीने भाजपा ने अपने कार्यक्रमों की शुरूआत एक वृक्ष मां के नाम वृक्षारोपण कर कार्यकर्ताओं द्वारा किया है। 9 जून को भगवान बिरसा मुंडा जी शहादत दिवस पर एसटी मोर्चा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। इसके बाद मंडल स्तर पर प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम, 9 जून से 9 जुलाई तक चलने वाले डिजिटल प्रतियोगिता बदलता भारत मेरा अनुभव माइ इ जीओभी पोर्टल पर लोगों को भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे, मंडल स्तर पर संकल्प सभा, शक्ति केंद्र स्तर पर चौपाल एवं आयुष्मान पंजीकरण साहित्य वितरण, 21 जून योग प्रशिक्षण एवं पूर्वाभ्यास कार्यक्रम, 23 जून डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस एवं पंचायत स्तर पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। देश को कांग्रेस के शासन में स्वास्थ्य की पूर्ति के लिए 25 जून को आपातकाल लगाया गया था। इसे लेकर जिलों में सेमिनार एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हम सभी करेंगे। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 30 जून को हूल दिवस भारतीय जनता पार्टी मनाएगी। संकल्प सभा में हमें अपने उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एवं लोगों के अधिकारों को पूर्ति के लिए हम सभी को लगातार संघर्ष करते रहना साथ ही राज सरकार के द्वारा लगातार गांव से लेकर शहर तक केंद्रीय योजनाओं में हो रहे बंदरबांट की पोल जनता के बीच में खोलनी है। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भाजपा संगठन लगातार आम गरीब जनता के लिए संघर्ष करती रही है। कार्यशाला को संबोधन प्रदेश कार्यसमिति ओमप्रकाश सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद और कार्यक्रम संयोजक नवीन कुमार टिंकू ने भी की। संचालन जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस, धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सरिता देवी ने की। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, अजातशत्रु, बालकृष्णा सिंह, हर्षनाथ महतो, अजय कुमार, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, मिथुन तमेड़ा, बजरंग उरांव, सुरेश बैठा, सजल, विश्वजीत भारती, राजेंद्र महतो, संगिता, राजकुमार मुंडा, सचिन सिंघानिया, अशोक साहू, लखन उरांव, अमित लोहारा, बाल्मीकि कुमार, जगरनाथ राम, सुरेश लोहारा, प्रवीण साहू, कृष्णा मोदी, प्रदीप सिंह, अमरनाथ भगत, महिन्द्र उरांव, अंगनु उरांव, श्रवण मुंडा, प्रदीप लोहरा, विक्की सहित अन्य उपस्थित थे।

# कामडारा प्रखंड में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लाह की खेती किसानों की समृद्धि का बन सकता है आधारः अटल तिवारी**



गुमला। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार संपूर्ण देश में चलाये जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत गुमला जिला के कमडारा प्रखंड के 9 पंचायतों में एक दिवसीय कृषि जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में कुल 1286 किसानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती, अंतरवर्तीय फसल प्रणाली, मधुमक्खी पालन, बागवानी, जल संरक्षण, समेकित कीट प्रबंधन जैसी उन्नत और लाभकारी विधियों से अवगत कराना था। इसके अतिरिक्त, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ कैसे प्राप्त करें, इस पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान केवीके गुमला के वरीय वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ अटल बिहारी तिवारी ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि लाह की खेती गुमला जिले में किसानों के लिए एक बैंक के समान है। उन्होंने लाह उत्पादन की वैज्ञानिक विधियों, कीट नियंत्रण, समयानुसार कटाई व विपणन पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त कर किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस दौरान प्रत्येक पंचायत में स्थानीय कृषि अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों द्वारा लाइव डेमो एवं फील्ड विज़िट की गई। वहीं किसानों के साथ समूह चर्चा एवं अनुभव साझा किया गया।

इस अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के वैज्ञानिक, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, ग्राम प्रधान, बीटीएम, एटीएम, किसान मित्र एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मिलकर भाग लिया। इस तरह की संयुक्त भागीदारी से कार्यक्रम को सफलता मिली और किसानों में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

# चंदवा में शांति पूर्ण वातावरण में मनाई गई ईद उल अजहा पर्व


मुबारकबाद देते हुए।


ईद-उल- अजहा की नमाज अदा करते हुए।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व शनिवार को शहर समेत मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। शहर और ग्रामीण इलाकों के मस्जिद और ईदगाहों में तय समयानुसार ईद-उल- अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान क्षेत्र में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। मस्जिद और ईदगाहों में हाफिज, मौलाना, काजी, मुफ्ती साहब ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराया। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस्लाम धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक ईद उल अजहा पर्व को लेकर मुस्लिम बहुल गांवों में सुबह से ही काफी चहल पहल देखी गई। चंदवा के बेलवाही गांव के मस्जिद में हाफिज शेर मोहम्मद ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कराया। इसके अलावे तिलैयाटांड़ स्थित मस्जिद में भी नमाज अदा की गई। इस दौरान मस्जिदों व मोहल्लों को सजाया संवारा गया था। पंसस अयूब खान व कॉंग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष असगर खान ने चंदवावासियों समेत पूरे देशवासियों को बकरीद पर्व की शुभकामना दी है। प्रखंड प्रशासन की ओर से सुरक्षा के किए गए थे पुख्ता इंतजाम ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व पर नमाज के दौरान शहर और ग्रामीण इलाकों में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। इस दौरान मस्जिद की सुरक्षा को लेकर लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कुमार के निर्देश पर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक पुलिस बीडीओ चंदन प्रसाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार के नेतृत्व में सभी मस्जिदों समेत सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अलावे प्रखंड प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट की नियुक्ति भी की गयी थी। खबर लिखे जाने तक कहीं से भी अप्रिय घटना की सूचना नही थी।

## बकरीद पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया


बकरीद की नमाज अदा करते हुये।

**बालूमाथ।** बालूमाथ में बकरीद पर्व हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ। बकरीद पर्व के अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिद में बकरीद की नमाज अदा किया और एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के पांकी रोड स्थित ईदगाह में नमाज अदा की गई। जिसमें मौलाना मजहर ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के दौरान लोगों ने देश की खुशहाली व अमन चैन की दुआ मांगी। वही बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सेरेगड़ा, मासियातु, बालू, मुरपा ग्राम में भी ईदगाह में नमाज अदा की गई। इस दौरान बालूमाथ पुलिस प्रशासन भी चौकस नजर आई। विभिन्न ईदगाह एवं मस्जिद में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पर्व को लेकर बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार समेत कई पुलिसकर्मी पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सभी ईदगाह में नमाज अदा करने के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए तैनात दिखे। मौके पर हाजी शब्बीर ने कहा कि कुबार्नी का अर्थ है कि हमें अल्लाह की राह में कुछ भी कुर्बान करने का जज्बा रखना चाहिए। यह त्योहार त्याग, दान और करुणा का संदेश देता है।

## बरवाडीह में धूमधाम से मनाई गई ईद-उल-अजहा सौहार्द और भाईचारे का दिखा अनुपम उदाहरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद सहित पोखरी कला, छेंचा, कुचिला, बभंडीह, नावाबाजार आदि गांवों की मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह निर्धारित समय पर नमाज अदा की। नमाज के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी गई। इस दौरान सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का अद्भुत नजारा देखने को मिला। परंपरागत परिधानों में सजे छोटे-छोटे बच्चों की उपस्थिति ने त्योहार के उल्लास को और भी रंगीन बना दिया। मुस्लिम समाज के लोगों ने नमाज के बाद गरीबों और जरूरतमंदों के बीच कुबार्नी का गोश्त वितरित कर इंसानियत और सहयोग की मिसाल पेश की। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने मिलकर इस दिन को प्यार, अपनापन और मेलजोल के साथ मनाया। प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार एवं पुलिस बल के जवान विभिन्न मस्जिदों के आसपास मुस्तैद नजर आए। वहीं क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दीं। कुल मिलाकर बकरीद का यह पर्व बरवाडीह में प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक बनकर मनाया गया।


गले मिलकर बकरीद की बधाई देते लोग।

## सरयू में शांतिपूर्ण वातावरण में मनाई गई बकरीद पर्व


शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाई गई।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के सरयू जामा मस्जिद में आपसी सौदागपूर्ण वातावरण में ईद उल अजहा की नमाज शनिवार की सुबह साढ़े सात बजे मौलाना मो अजिमुदीन के नेतृत्व में अकीदत के साथ अदा किया गया। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी और देश में अमन चैन वह खुशहाली की दुवा मांगी गई। वही सरयू, रोल, पतरातु, कोटाम, बारेसांड़ के मायापुर मस्जिद और दरगाह में निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल अजहा का नमाज अदा किया गया। वही पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से सुरक्षा बलो का पुख्ता इंतजाम किया जहां मस्जिद से लेकर चौक चौराहों पर मुस्तैद थे। मौके पर हाजी मोहम्मद खलीफा, अब्दुल कुदूस, इजरायल खलीफा, मो कलाम, अख्तर हुसैन, सादीक खां, असगर हुसैन, जमिल अख्तर, मो रेहान मिस्त्री, इमरान खान, मुस्ताक खलीफा, तशवर आलम, मो रहमतुल्लाह, मोजिब आलम, सोहेल रजा, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## भवानी कंप्यूटर एंड स्टूडियो का उद्घाटन जिप सदस्या ने किया


उद्घाटन करती जिप सदस्या एवं अन्य।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित एनएच 22 होटल के समीप शनिवार को भवानी कंप्यूटर एंड स्टूडियो का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने फीता काटकर व नारियल फोड़ कर किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के समीप इस दुकान के खुल जाने से लोगों को सहुलियत होगी। पहले लोगों को कंप्यूटर संबंधित कार्य के लिए मरपा मोड,थाना चौक जाना पड़ता था। मौके पर दुकान संचालक रंजन कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके दुकान में कलर फोटो, फोटोकॉपी, पहचान पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्रजजमीन का रसीद, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पैन कार्ड, बिजली बिल, ड्राइवरी लाइसेंस, बायोडाटा समेत कई कार्य किफायती दर पर किए जाएंगे। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा,पूर्व मुखिया अरविंद भगत, भाजपा नेता राजेंद्र चावल, रामकुमार गुप्ता, राजेंद्र साव, बसंत कुमार, मनोज भगत, विजय यादव, रंजीत सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बीजेपी का जिला कार्यशाला संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**


भाजपा के द्वारा जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अध्यक्षता में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूरा होने पर विभिन्न कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालन हेतु जिला कार्यशाला संपन्न हुआ। जिला कार्यालय में मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय विनय चौबे उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर के समक्ष दीप प्रवजलन एवं पुष्पअर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन 11 सालों में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों तक विकास की किरण पहुंचने का कार्य किया गया है, उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को बूथ स्तर के आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य आपके माध्यम से किया जाएगा। पार्टी के नेता, अधिवक्ता राजीव रंजन पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि देश विकास की ओर अग्रसर है, प्रधानमंत्री ने सब की चिंता की है, उनका कार्यकाल बेमिसाल है। कार्यक्रम का संचालन जिला के महामंत्री बंसी यादव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंटू रजक ने किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री अमलेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष उषा देवी, कार्यक्रम के सह संयोजक जिला मंत्री आशा देवी, विष्णु देव प्रसाद गुप्ता, आनंद सिंह, मोर्चा के अध्यक्ष गण, सभी मंडल अध्यक्ष गण, मंडल स्तरीय संयोजक सहसंयोजक उपस्थित थे।

## 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू का उठाव पर पूर्णतया रोक

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त ने 7 जून को लोगों को आम सूचना जारी करते हुए बालू घाटों से बालू पर पूर्णतया रोक संबंधित आदेश जारी किया है। पत्र में लातेहार जिला अंतर्गत मानसून सत्र 2025-26 मे श्रेणी 1 एंव श्रेणी 2 के सभी वर्षा ऋतु मे अर्थात दिनांक 10 जून 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक बालू का उठाव पूर्णतया रोक लगा दी गई है। माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश एंव पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित सतत रेत खनन प्रबंधन दिशा निर्देश 2016 एंव 2020 के अनुबंध तालिका 09 पर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग नागपुर के पत्रांक आरएमसी /सीएस 312 नागपुर दिनांक 18 जनवरी 2016 के अनुसार झारखण्ड राज्य के लिए मानसून सत्र की अवधि 10 जून से 15 अक्टूबर तक निर्धारित है। तथा उक्त अवधि मे नदियों (बलूघाटों) से बालू का खनन व उठाव पर पूर्णतया रोक है। एसइआईएए के गाइडलाइन एंव माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल नई दिल्ली द्वारा पारित न्यायादेश दिनांक 17 अगस्त 2017 के द्वारा आदेशित है की मानसून के दौरान विशेष रूप से नदियों नालो मे खनन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## चंदवा: लोहरसी में 21 पड़हा सम्मेलन 11 को, तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत लोहरसी देवनदिया पड़हा राज गांव में अपनी सभ्यता व संस्कृति को जागृत करने को लेकर 21 पड़हा सम्मेलन का आयोजन आगामी 11 जून को आयोजित की गई। जिसके लेकर तैयारियों को तेज कर दिया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप देने को लेकर बैठक का भी आयोजन किया, जिसमें कार्यक्रम के निमित कार्यभार का बंटवारा भी किया गया। उक्त जानकारी देते हुए माल्हन मुखिया जतरू मुंडा व आयोजन समिति के लोग ने बताया कि अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से विमुख हो रहे समाज को जागृत करने के उद्वेश्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें 21 पड़हा ग्राम अंतर्गत आने वाले समाज के लोग सम्मिलित होंगे। सम्मेलन में आदिवासी समाज की प्रबुद्ध जनों के द्वारा हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही कई कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

## विहिप की बैठक में संगठन विस्तार को लेकर चर्चा



**बालूमाथ।** विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह शनिवार को बालूमाथ पहुंचे। जहां विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। मौके पर महावीर मंदिर परिसर में संगठन मंत्री ने विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। और जानकारी देते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद संगठन का गांव-गांव स्तर पर विस्तार किया जाएगा। इसको लेकर प्रत्येक पंचायत में एक कमेटी तैयार की जाएगी। इसको लेकर उन्होंने बालूमाथ प्रखंड कमेटी को संगठन विस्तार को लेकर व्यापक प्रचार प्रसार चलाने को निर्देश दिया। कहा कि विश्व हिंदू परिषद संगठन को और मजबूत किया जाएगा। मौके पर सिंहभूंग जिला विभाग के संगठन मंत्री मिथिलेश महतो लातेहार जिला उपाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद गुप्ता जिला उपासना प्रमुख उपेंद्र रंगीला बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष लालदेव गंझु, प्रखंड संयोजक अनिल प्रजापति, शशिभूषण गुप्ता, कुंदन यादव, बंधन साव, ईश्वर लाल, जितेंद्र साव, सुनील राणा, हेमंत साव, जितेंद्र साव उर्फ जीतू, पिंटू साव, मनोज साव के अलावा काफी संख्या में सनातनी धर्मावलंबी मौजूद थे।

## मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार

**बारियातू।** त्याग और बलिदान के प्रतीक का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) शनिवार को पूरे प्रखंड में पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। मुख्यालय के अलावा इटके, शिबला, साल्वे, रन्नादाग, फुलसु, नावाडीह सहित अन्य गांवों की मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अकिदत के साथ नमाज अदा किया। नमाज से पूर्व संबंधित ईदगाहों और मस्जिदों के इमामों ने बकरीद के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि त्याग, सेवा, और इंसानियत का पर्व है बकरीद। आगे कहा कि इस पर्व का संदेश है कि इंसान अपने भीतर से अहंकार को समाप्त करें .और समाज के सभी जरुरत मंदों के सेवा में आगे आयें। नमाज के उपरांत खुतबा पढ़ा गया और मुल्क में अमन-चैन, आपसी भाईचारा एवं खुशहाली की दुआ मांगी गई। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी और अपने-अपने घरों को लौटकर कुबार्नी की रस्म अदा की। पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, अंचल अधिकारी नंद कुमार राम एवं थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार खुद क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। सभी ईदगाहों, मस्जिदों और प्रमुख चौक-चौराहों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रही। कई स्थलों पर मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे पूरे प्रखंड में पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

## सवारी गाड़ी पलटने से, एक व्यक्ति का हुआ मौत और एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलटा।


मृतक बलराम सिंह।

**सरयू।** सरयू टीओपी क्षेत्र के पीरी गांव में शुक्रवार के देर शाम सवारी गाड़ी पलटने से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि एक व्यक्ति का मौत हो गया। बताया जाता है कि शुक्रवार को सरयू हाट बाजार से सवारी गाड़ी संख्या जे एच 07 ऐ 4036 सवारी लेकर पीरी के गनईखाड़ जा रही थी इसी दौरान पीरी के चपवा दोहर के पास सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई जाह 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला पंपतिया देवी, पति राजेश्वर सिंह ग्राम पीरी, बलराम सिंह उम्र 45 पिता स्व सुसुरचंद सिंह ग्राम पीरी गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरयू पहुंचाया गया। जहां सी एच ओ सुशीला कुमारी, ए एन एम प्रीति सिंह, और रिना देवी के देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बलराम सिंह को सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया गया, लातेहार ले जाने के दौरान आधे रास्ते में बलराम सिंह दम तोड दिया। वही परिजनों ने सदर अस्पताल लातेहार में मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। इधर घटना की सूचना मिलते ही सरयू टीओपी प्रभारी राजेश मुर्मू ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर अग्रेत्तर कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से सवारी गाड़ी को जब्त कर विस्तृत से जांच शुरू कर दी है। इस हादसे के बाद पीरी गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक के परिजनों को रो रोकर बुरा हाल हो गया है। बताया जाता है कि मृतक बलराम सिंह अपने पीछे 2 पुत्र और 3 पुत्री को साथ छोड़ गया , अपने घर परिवार का भारन पोषण करने वाला अकेला व्यक्ति था।

## महिला को गैस सिलेंडर से पीट-पीट कर की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**


फाइल फोटो जतरी देवी।

लातेहार। सदर थाना क्षेत्र के पहाड़पुरी में शुक्रवार रात एक महिला की हत्या कर दी गई। मृतका जतरी देवी (55) (गरदाग, चंदवा) की रहने वाली थी। वह इलाज के लिए एक दिन पहले लातेहार आई थी। इलाज के बाद वह अपनी रिश्तेदार के एक बहू पुष्पा लकड़ा के घर रुक गई थी। पुष्पा लकड़ा ने बताया कि रात करीब 9 बजे अंचल कार्यालय में कार्यरत चौकीदार पंचम कुमार खाना खाने मेरे डेरा में आया। खाना खाने के बाद करीब साढ़े 11 बजे अचानक पंचम ने जतरी देवी पर हमला कर दिया। हमने बीच-बचाव किया तो पंचम ने मेरे साथ भी मारपीट किया। जिससे मेरे सिर में गंभीर चोट आई। जान बचाने के लिए जतरी देवी छत पर भागी। लेकिन पंचम ने गैस सिलेंडर उठाकर छत में ही उसके सिर पर वार कर दिया।

सिलेंडर से कई बार हमला करने के बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पास में रहने वाले एक व्यक्ति मुकेश प्रसाद ने एसपी को दी। एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ रात में ही मौके पर पहुंचे। पंचम कुमार को हिरासत में ले लिया गया। हत्या में इस्तेमाल सिलेंडर भी बरामद कर लिया गया है। पुष्पा लकड़ा पेसे से पारा टीचर है। वह बालूमाथ के मुरगांव चितरपुर की मिडिल स्कूल में पढ़ाती है। भाड़े की मकान में रह कर बच्चों को पढ़ाती हैं। उसका पति हरेंद्र उरांव आईआरबी में जवान है। वह लोहरदगा में तैनात है। पंचम पुष्पा लकड़ा के ममेरा देवर है। वह अक्सर पुष्पा के घर आता जाता था। इधर, प्रभारी थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार महतो ने कहा कि सिलेंडर से हमला कर महिला की हत्या की गई है। इस मामले में अंचल कार्यालय में कार्यरत चौकीदार पंचम को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ जारी है। आखिर महिला की हत्या क्यों की गई है। इसकी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि चौकीदार का हल्का मानसिक संतुलन खराब की बात सामने आ रही है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

### सफलता की नई उड़ान : चाणक्य कोचिंग सेंटर में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान, प्रखण्ड टॉपर्स को मिला विशेष गौरव

## अनुशासन, समर्पण और मार्गदर्शन से गढ़े जा रहे हैं ग्रामीण प्रतिभा के नायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


टॉपर छात्र छात्राओं के साथ अतिथि व शिक्षगण।

**बरवाडीह।** स्थानीय चाणक्य कोचिंग सेंटर में शनिवार को एक गरिमामय समारोह का आयोजन कर मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कोचिंग निदेशक आशीष विश्वकर्मा और देव प्रकाश यादव की ओर से आयोजित इस समारोह में क्षेत्र के टॉपर्स को मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यवसायिक समिति अध्यक्ष दीपक राज ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चाणक्य कोचिंग सेंटर लगातार सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां के शिक्षक मेहनत, समर्पण और अनुशासन के साथ विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दे रहे हैं, जिसका परिणाम है कि हर वर्ष कई छात्र प्रखंड टॉप कर रहे हैं। उन्होंने कोचिंग प्रबंधन और शिक्षकों की जमकर सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हम पार्टी झारखंड प्रदेश युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष अतुल कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी संस्थाओं की भूमिका बेहद अहम होती है, जो शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में आत्मविश्वास भी पैदा करती हैं। सचिव सागर कुमार वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है।

### विद्यार्थियों को सशक्त बनाना संस्थान का उद्देश्य : आशीष

इस मौके पर इंटर आर्ट्स में प्रखण्ड टॉपर रहीं पिंकी कुमारी, द्वितीय स्थान प्राप्त रूपा कुमारी तथा मैट्रिक में प्रखण्ड टॉपर लव कुमार, अभिषेक प्रजापति और आनंद कुमार को विशेष रूप से अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। साथ ही प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अन्य छात्र-छात्राओं को भी मंच पर बुलाकर मेडल पहनाया गया। इसके अलावा संस्थान में कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्र-छात्राओं के लिए भी एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें एक वर्षीय कंप्यूटर कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। शिक्षक आशीष विश्वकर्मा ने कहा कि चाणक्य कोचिंग का उद्देश्य सिर्फ परीक्षा पास कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सशक्त बनाना है ताकि वे जीवन की हर चुनौती का सामना कर सकें। शिक्षकों की टीम में राकेश कुमार यादव, अरविंद कुमार (एएलपी), पंकज विश्वकर्मा और रिंकी कुमारी आदि का योगदान सरहानीय रहा। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत और अंगवस्त्र भेंट कर की गई।

## मुखिया ने जिला टॉपर को दी बधाई


उषा रानी को मिठाई खिलाते हुए परिजन।

**बालूमाथ।** बालूमाथ पंचायत मुखिया नरेश लोहरा ने शनिवार को झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी इंटर आर्ट्स की परीक्षा में लातेहार जिला टॉपर बनने पर बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के क्षात्रा उषा रानी को उनके घर जाकर सम्मानित किया। मुखिया ने बताया कि उषा रानी ने रिजल्ट में लातेहार जिला के साथ-साथ झारखंड राज्य में पांचवा स्थान हासिल किया है। उसने 92.6% अंक लाकर बालूमाथ का नाम रोशन किया है आगे कहा की यह एक परिवार का नहीं बल्कि पूरे बालूमाथ के लिए गौरव का विषय है। उषा रानी जैसी प्रतिभाएं गांव की असली ताकत है। हम सभी लोग इन पर गर्व करते हैं। उन्होंने उषा रानी की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर उनसे जो सहयोग होगा वह करेंगे।

## आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित



**महुआडांड।** महुआडांड़ प्रखंड के जेट्ठे जतरा स्थल सेमरबुढ़नी में छेछाड़ी घाटी के ग्राम प्रधानों एंव आदिवासी समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने जेट्ठे जतरा से पूर्व शुक्रवार को ग्राम प्रधान विजय खलखो की अध्यक्षता में बैठक कि। बैठक में झारखंड सरकार द्वारा औपबंधिक झारखंड पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार नियमावली 2024, छेछाड़ी घाटी में में पशुओं की चरवाही, वनाधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन पट्टा दिलाने जैसे मुद्दा पर चर्चा कि गई। इस मिनी संसद में और कई तरह के चर्चा की गई जिससे समाज समुदाय के विकास पर ध्यान केन्द्रित कराया गया। वही दूसरे दिन शनिवार को जेट्ठे जतरा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय जनसंघर्ष समिति के सचिव जेरोम जेराल्ड कुजूर ने की। इस कार्यक्रम में आयन लेडी के नाम से प्रसिद्ध दयामनी बरला ने आदिवासी पारंपरिक सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ उसके रक्षा को लेकर सभा को संबोधित कि। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। जिसमें छेछाड़ी घाटी के ग्राम अक्सी, कुटुदेरी, आधे, तम्बोली सहित 14 गांवों ने भाग लिया। इस नृत्य प्रतियोगिता में आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य के खादि, टुन्टा, सरहुल, कर्म, तुसगो मौसमी सहित आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रम का संचालन प्रवीन एक्का और विनोद टोप्पो ने किया। प्रतियोगिता में नृत्य प्रस्तुत करने वाले प्रथम , दुसरे और तीसरे स्थान वाले नृत्य टीम को समिति ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजीत एक्का, अजीत पाल कुजूर, रविन्द्र मिंज, कुलदीप मिंज, निर्मल लकड़ा।

# बेरमो में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का पर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**फुसरो (बेरमो)।** नगर परिषद फुसरो क्षेत्र मे शनिवार को त्याग और बलिदान का महापर्व बकरीद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व से निर्धारित समयानुसार बकरीद की नमाज अदा की गई और देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआएं मांगी गयी। नप क्षेत्र के करगली फुटबॉल ग्राउंड, करगली स्थित महिला मंडल सहित राजाबेड़ा के अंसारी मोहल्ला और शाह मोहल्ला, भेड़मुक्का, पटेल नगर के मदनी मस्जिद और मक्का मस्जिद, रहीमगंज, बीडीओ ऑफिस के रजा नगर, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, अमलो बस्ती, सुभाष नगर खनका, रामनगर मदरसा में नमाज अदा की गयी। नवाज के बाद नमाजियों ने एक दूसरे को गले लगा कर बकरीद की मुबारकबाद दी। करगली फुटबॉल मैदान में हाफिज एहशानुल हौदा ने लोगो को नमाज अदा करायी। रहीमगंज स्थित जामा मस्जिद के इमाम इरफान कादरी शा



ने ईद उल-अजहा का नमाज अदा कराया। इस मौके पर बेरमो पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रही। बकरीद की नमाज अदा करने पहुंचे समाजसेवी सह पूर्व पार्षद मो रियाज खान, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के मंजूर हुसैन उर्फ जिया, इलियास हुसैन व फैजान अख्तर, झामुमो नेता भोलू खान, कांग्रेसी नेता सलीम जावेद उर्फ मोती, यंग ब्लड केन्द्रीय के अध्यक्ष जावेद खान बताया कि मुल्क की खुशहाली, तरक्की, शांति और भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई है। बकरीद जिसे ईद-उल-अजहा भी कहा जाता है, यह हजरत इब्राहिम की कुबानी की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मुस्लिम भाईयों से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। मौके पर इलियास हुसैन, अमजद हुसैन, आकिब जावेद, महबूब आलम, मंसूर हुसैन, अजहर खान, फैजान अख्तर, अमन हुसैन, फरदीन इलियास, शोएब अख्तर, जीशान अख्तर, अदनान अमीश हुसैन उर्फ गोलू, आसिफ खान, मेहताब खान, मोहम्मद इम्तियाज, रेहान हुसैन आदि लोग उपस्थित थे।

### तेनुघाट के आसपास बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न

तेनुघाट कोर्ट। बकरीद को लेकर तेनुघाट के आस पास क्षेत्र छपरगढ़ा, लालबांध से लेकर विभिन्न ईदगाहों में शनिवार की सुबह सौहार्दपूर्ण माहौल में लोगों ने नमाज अदा की। जिसमें बड़ी संख्या में बड़े-बुजुर्ग, युवकों और बच्चों ने शिरकत किया। मौके पर छपरगढ़ा सहित विभिन्न ईदगाह में पहुंचकर पूरे अकीदत के साथ नमाजियों ने नमाज अदा करते हजरत इस्माईल के जीवनदान को स्मरण किया।

#### फुसरो में पुलिस बल तैनात

बेरमो-फुसरो के पुराना बीडीओ ऑफिस में बने कंटोल रूम में एसडीएम मुकेश मछुवा और एसडीपीओ बशिष्ट नारायण सिंह ने कहा कि थानाध्यक्षों को सतर्कता बरते जाने का निर्देश दिया गया है। मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस अवसर पर बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, सीओ संजीत कुमार सिंह, बीडीओ मुकेश कुमार के नेतृत्व मे पुलिस बल त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए लगे हुए हैं।

# बाघमारा में सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने सुनी लोगों की समस्या



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत केशरगढ़ पंचायत सचिवालय में जनता दरबार लगाकर उनकी समस्याओं और सुझावों को गहराई से सुना एवं जन-अपेक्षाओं को तुरंत क्रियान्वित करने हेतु संबंधित अधिकारियों से संवाद कर समाधान कराया। साथ ही प्रभावित क्षेत्र सदरीयाडीह, बेनीडीह, बिराजपुर, सिदपोकी, धौढा टांड, मधुबन, पडवाभीटा व खानूडीह के स्थानीय लोगों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ 9 जून को बाघमारा ब्लॉक 2भी पॉइंट 14 नंबर हाजिरी घर के सामने होने जा रही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की तैयारियों और रणनीति पर चर्चा किया गया।

सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि यह प्रदर्शन जनता के अधिकारों और उनके मुद्दों को उठाने के लिए है। हम सभी अपने हक ओर अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करेंगे और जब तक हमारी मांगे पुरी नहीं होती हैं तब तक जनहित के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

## एक नजर में

### डीवीसी का नया पावर प्लांट लगाने के निमित्त कार्यपालक निदेशक ने किया निरीक्षण



बोकारो/चंद्रपुरा। दामोदर घाटी निगम के कार्यपालक निदेशक-परियोजना चैतन्य प्रकाश ने शनिवार को चंद्रपुरा में डीवीसी का 800 मेगावाट की दो इकाई को स्थापित करने और छाई तालाब के बांध को और अधिक मजबूत करने के लिए निरीक्षण किया और स्थानीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर श्री प्रकाश ने कहा कि निर्धारित समय में इन कार्यों को सफल बनाना हम सबों की जिम्मेदारी है। उन्होंने छाई तालाब का निरीक्षण कर उसके बांध को और अधिक मजबूत करने के लिए कॉरपोरेशन के निर्णय को अविलंब लागू करने के लिए त्वरित और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि छाई तालाब के बांध को मजबूत कर देने से किसी भी तरह का प्रदूषण दामोदर नदी का नहीं हो पाएगा और इस क्षेत्र में पर्यटक स्थल जैसा माहौल बन सकेगा। इसके लिए भी उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील किया कि वे इस कार्य को करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि यहां नया पावर प्लांट स्थापित होने के बाद इस क्षेत्र के लोगों का भविष्य कई वर्षों तक के लिए उज्जवल हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया की प्लांट लगाने के लिए स्थानीय लोगों और अन्य एजेंसियों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से भी अपील किया कि वे यहां प्लांट स्थापित करने के लिए सकारात्मक पहल अविलंब करें ताकि राष्ट्र निर्माण और समाज हित में इस कार्य को सफल बनाया जा सके। उन्होंने डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन द्वारा निर्मित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया और स्थानीय प्रबंधन को निर्देश दिया कि वे इसका संचालन सुचारू रूप से करने की व्यवस्था अविलंब करें। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजयानन्द शर्मा वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष उप महाप्रबंधक राजीव कुमार व आशुतोष साहा आदि उपस्थित थे।

### आरसीएमयू बीएंडके के अध्यक्ष दिगंबर महतो तथा सचिव सुबोध सिंह पवार मनोनीत



करगली(बेरमो)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (इंटक) की सदस्यों की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को रीजनल अध्यक्ष श्यामल कुमार सरकार के आवासीय कार्यालय जवाहर नगर में की गई। बैठक में सर्वसम्मति से बीएंडके एरिया के क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया। इस कमिटी मे दिगंबर महतो को क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा सुबोध सिंह पवार को क्षेत्रीय सचिव मनोनीत किया गया। श्यामल कुमार सरकार ने कहा कि किसी भी यूनियन की पहचान उनके मजदूरों से है। इसलिए मजदूरों के हर समस्याओं पर संगठन के पदाधिकारी मिलकर निदान करवाये। कहा कि मजदूरों के साथ प्रबंधन का भेदभाव कभी भी यूनियन बर्दाशत नहीं करेगा। मजदूरों को पानी, बिजली, क्वार्टर आदि सुविधा प्रबंधन सुचारू रूप से देने का काम करें। यदि प्रबंधन मजदूरों के समस्याओं का समय पर हल नहीं करती है तो आंदोलन करने का भी काम किया जायेगा। मेहनत करने वाला मजदूर ही हमेशा देश बनाता है। नव मनोनीत क्षेत्रीय सचिव सुबोध सिंह पवार ने कहा कि संगठन के महत्त्व रहते हुए इंडियन माइन नेशनल वर्कर्स फेडरेशन के केंद्रीय अध्यक्ष सह विधायक कुमार जयमंगल सिंह की अपेक्षा के अनुरूप खरा उतरने का प्रयास करूंगा। कहा कि राकोमयू ही एक ऐसा संगठन है जो मजदूरों के साथ हर सुख दुख में खड़ा रहती है। मजदूरों के समस्याओं के निदान के लिए हमेशा खड़ा रहूँगा। बैठक के अंत में सीसीएल रीजनल कमेटी के अध्यक्ष श्यामल सरकार ने सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर एकेके ओसीपी ब्रांच के अध्यक्ष सुकुमारन, सचिव जयनाथ तांती, उपाध्यक्ष संजय तिवारी, सहायक सचिव शिवनारायण गोप, सहायक सचिव मनोज जैना, पुरुषोत्तम दास, कारो के सचिव प्रताप सिंह, जीबू विश्वकर्मा, इंद्रजीत कुमार, बोकारो कोलियरी के सचिव तापस राय, अध्यक्ष हरिमोहन सिंह, सहायक सचिव राजू मिश्रा उपस्थित थे।

### गोमिया के होसिर सुभाष चौक के समीप बोकारो डीसी का नागरिक अभिनंदन

गोमिया। बोकारो के डीसी अजय नाथ झा का होसिर पूर्वी पंचायत स्थित नेताजी सुभाष चौक के निकट इफ्तिखार महमूद के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों द्वारा नागरिक अभिनंदन किया गया। झारखंड आंदोलनकारी एवं भाकपा नेता इफ्तिखार महमूद ने बताया कि सन 1919 ई० में स्थापित होसिर मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने का डीसी से आग्रह किया गया। उपायुक्त ने बच्चों की संख्या इत्यादि की जानकारी लेने के बाद अपग्रेड करने का भरोसा दिया है। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मनोज मच्छुवा, प्रखंड विकास पदाधिकारी महादेव कुमार महतो संतोष कुमार महतो तथा महमूद के अलावा अनवर रफी, खुर्शीद आलम, अशरफ अंसारी, वली वारसी, हीरालाल, रोजगार सेवक कपिल रविदास, कामरान जावेद, जमाल वारसी, फहद महमूद,कमल वारसी,फैंक महमूद, मोजाहिद जफर सादिक जावेद, बबलू टेलर, गुलजार अंसारी, मंजूर अंसारी, बंदर यासीन, अख़्तर हुसैन, खुर्शीद आलम इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### दुमका : हर्षोल्लास से मना बकरीद पर्व

दुमका। शहर समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ त्याग और बलिदान का त्योहार ईद उल अजहा बकरीद मनाया गया। जिला के सभी मस्जिदों एवं ईदगाहों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सामुहिक रूप से नमाज अदा की। सुबह 6 बजे से ही मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोग पहुंचने लगे थे। मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा करने पहंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों को मौलानाओं के द्वारा नमाज अदा कराया गया। नमाज अदा किए जाने के बाद मौके पर ही एक-दूसरे के साथ गले मिलकर लोगों ने बकरीद की बधाई दी। खासकर बकरीद को लेकर बच्चो में काफी उत्साह दिखा। नमाज अदा करने मस्जिदों व ईदगाहों में पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल थे। बच्चों ने भी एक दूसरे के साथ गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। दुधानी स्थित ईदगाह दुधानी मस्जिद में नमाज अदा करते के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। साथ ही यहां के जामा मस्जिद में सुबह से ही नमाज अदा करने वालों की भीड़ देखी गई। इसके साथ ही शहर के डंगालपाड़ा, दुधानी, कुम्हारपापाड़ा, खिजुरिया, जरूवाडीह सहित मुहल्ले के मस्जिदों में बकरीद की सामूहिक नमाज अदा की गई तथा नमाज खत्म होने पर एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी गई। इस त्योहार में बकरे की कुबार्नी देने की परंपरा हैं। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने हैसियत के अनुसार बकरे की कुबार्नी देकर इस त्योहार की खुशिया मनाई। इस दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों व ईदगाहों पर पुलिस की भारी संख्या में तैनाती की गई थी। मुख्य सड़कों के चौक-चौराहों पर ळभी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई थी। ईद उल अजहा इस्लाम धर्मावलंबियों का प्रमुख त्योहार हैं। इसे खुदा की राह में अपनी प्यारी चीज की कुबार्नी देने की याद में मनाया जाता हैं। यह पाक त्योहार लोगों के जीवन में त्याग और बलिदान की प्रेरणा देता हैं। इस त्योहार को लेकर यहां सुबह से ही चहल-पहल देखी गई। कुबार्नी के इस त्योहार को मुस्लिम समुदय के लोग बड़े उत्साह से मनाते हैं।

## स्पीड न्यूज

### दुमका : कार और स्कूटी की टक्कर में बैंक के गार्ड की मौत



दुमका। जिला के मसानजोर के जीतपुर गांव के पास शनिवार को कार की टक्कर से स्कूटी चालक सह काठीकुंड की इलाहाबाद में बैंक में गार्ड बेनीलाल सोरेन की मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी प्रमिला हेंब्रम गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला का मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। कार बंगाल की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार जिला के टोंगरा थाना क्षेत्र के तातलोई के रहने वाले बेनीलाल ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीअमड़ा में भी मकान बनाया है। यहीं से बैंक आना जाना करते थे। शनिवार को बकरीद का अवकाश होने के कारण वे पत्नी के साथ स्कूटी से पैतृक घर जा रहे थे। रास्ते में जीतपुर गांव के पास पहुंचे ही थे कि तभी मसानजोर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में सीधी ठोकर मार दी। हादसे के बाद कार भी पलट गई। हादसे में दंपति बुरी तरह से घायल हो गए। लोगों से सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने बेनीलाल को मृत घोषित कर दिया। मसानजोर थाना प्रभारी सीडी दास ने बताया कि भिड़ंत के बाद बंगाल से आ रही कार भी पलट गई। उसमें सवार चार लोगों को आंशिक चोट लगी है। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। तेज गति की वजह से हादसा हुआ है।

### बाबूपुर के समीप बाइक दुर्घटना में दो घायल

गोड्डा/पथरगामा। पथरगामा मुख्य मार्ग राष्ट्रीय उच्च पथ 133 पर बाबूपुर के पास सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गया। दोनों घायल क्रमशः बारकोप ग्राम निवासी विजय मंडल का 18 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार एवं जयप्रकाश शाह का 18 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार को स्थानीय लोग की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरगामा लाया गया जहां डॉ प्रभाकर कुमार ने प्राथमिक इलाज किया। इलाज के बाद एक युवक सोनू कुमार को बेहतर चिकित्सा हेतु सदर अस्पताल गोड्डा रेफर कर दिया गया।

### गोड्डा जिले में 1 लाख 95 हजार क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य



गोड्डा। समाहरणालय स्थित सभागार में डीसी अंजली यादव की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 1 लाख 95 हजार क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य जिला के लिए राज्य द्वारा निर्धारित किया गया है। जिसमें की अब तक 98 हजार 723 क्विंटल धान का क्रय किया जा चुका है। बैठक में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने धान क्रय को लेकर विभागीय पदाधिकारियों से कार्ययोजना की पूरी जानकारी ली गई साथ ही 10 जून तक राज्य द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने तथा धान अधिप्राप्ति योजना अंतर्गत खरीद की गई धान की राशि का भुगतान किसानों को ससमय करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता गोड्डा श्रवण राम जिला कृषि पदाधिकारी मुकेश कुमार एवं आपूर्ति विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

## दुमका में बोले पूर्व सीएम- हेमंत सरकार वोट बैंक के खातिर पिछड़ा अवस्था में चाहती है रखना

# जनजातीय समुदाय की हो रही है अवहेलना : रघुवर दास

> उन्होंने कहा, राज्य में एक ग्रुप की चाहत ईसाई प्रदेश की तो दूसरे की इस्लाम प्रदेश की, यही स्थिति रही तो झारखंड बन जायेगा नागालैंड और मिजोरम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राज्य में जनजातीय समुदाय की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। हेमंत सरकार अपने वोट बैंक के खातिर इसे पिछड़ा अवस्था में ही रखना चाहती है। उक्त बातें दुमका पहुंच प्रेसवार्ता कर पूर्व मुख्यमंत्री और उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने परिसदन भवन में शनिवार को कहा। रघुवर दास ने आक्रामक रूप दिखाते हुए यहां तक कह दिया कि इस राज्य का एक ग्रुप इसे ईसाई प्रदेश तो दूसरा ग्रुप इसे इस्लामी प्रदेश बनाना चाहता है। अगर यही हाल रहा तो तो झारखंड की स्थिति नागालैंड और मिजोरम जैसी हो जायेगा। इसे



प्रेसवार्ता करते पूर्व सीएम रघुवर दास व अन्य।

बचाने के लिए झारखंड में एक और हूल (आन्दोलन) की, उलगुलान की आवश्यकता है। मैंने इसके लिए प्रयास शुरू कर दिया है। बरसात के बाद जनजातीय समाज को जागरूक करने के लिए मैं पद यात्रा पर निकलूंगा।

### घुसपैठ की मुद्दा है काफी खतरनाक

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि आज झारखंड में जो घुसपैठ हो रहा है, वह काफी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया गया था। लेकिन हेमंत सरकार उसे छूट दे रही है। पीएफआई और सिमी में कोई अंतर नहीं है। धर्मांतरण और घुसपैठ को यह सरकार समर्थन दे रही है।

जो इस राज्य के लिए काफी चिंताजनक है। अपने राजनीतिक भविष्य के संबंध में उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहा हूं। मुझे भारतीय जनता पार्टी ने काफी सम्मान दिया है। अब मुझे किसी पद की लालसा नहीं है।

### पेसा कानून लागू करने की मांग की

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सरकार से यह मांग किया है कि जल्द से जल्द पेसा कानून लागू करें। इससे जनजातीय समुदाय का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि कुछ भारत सरकार के सचिव ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि 1400 करोड रुपए का फंड तभी दिया जा सकता है। जब आप पेसा कानून लागू करेंगे। रघुवर दास ने सरकार से यह सवाल किया कि आखिरकार किसके दबाव में पेसा कानून लागू नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों के हित और विकास के नाम पर अबुआ सरकार सत्ता में तो आ गई है, लेकिन वह इस समुदाय के लिए कोई भी काम नहीं कर रही। वर्षों से यह समाज विकास के लिए संघर्ष कर रहा है। इसके भी अपने सपने हैं, आकांक्षाएं हैं पर उस पर हेमंत सोरेन का ध्यान नहीं है। रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सोरेन ने मंईया सम्मान योजना की घोषणा कर वोट तो ले लिया पर लगातार उसके लाभुकों की संख्या में कटौती कर रही है। इस तरह से यह सरकार महिलाओं की भी हितैषी नहीं है।

# गोड्डा : दो देशी कट्टा और चार जिंदा कारतूस के साथ दो लोग गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा/महगामा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा को सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्लैमर मोटरसाईकिल जिसका रजिस्टेशन नंबर जेएच 17 जे 2499 से हथियार लेकर किसी घटना को अंजाम देने के लिए महागामा से नयानगर, दिग्धी होते हुवे सनोखर की ओर जाने वाले हैं। जिसके बाद एसपी के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महागामा, चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा छापामारी दल के द्वारा नयानगर मोड़ के नजदीक पानी टंकी के पास उक्त मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति को दिग्धी की ओर जाते देखा। वहीं पुलिस वाहन को देख दोनो व्यक्ति मोटरसाईकिल छोड़ कर भागने का प्रयास करने लगे। जिसके बाद पुलिस ने दोनो व्यक्ति को पकड़ा। दोनों व्यक्ति से बारी-बारी से नाम पता पूछने पर दोनों अपना नाम मो एजाज, मो रहमत, बताया। दोनों व्यक्तियों की जांच करने पर मोटरसाईकिल चालक इजाज के कमर से एक देशी कट्टा बरामद हुआ एवं पीछे बैठे रहमत के पास से जिंदा कारतूस बरामद तथा एक देशी कट्टा बरामद किया गया। दोनो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उक्त मामले की जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंद्र शेखर आजाद ने शनिवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक उपेन्द्र कुमार महतो, शिवदयाल सिंह, थाना प्रभारी, महागामा, राज गुप्ता, रोमा कुमारी, अजय सिंह रवानी, आरक्षी कुन्दन कुमार मेहता, महागामा थाना एवं महागामा थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल मौजूद थे।

# मंत्री के विशेषाधिकार का उल्लंघन कर रहे गिरिडीह सांसद : दिलीप हेंब्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/कसमार।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी विशेषाधिकार का उल्लंघन करते हुए सूबे के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो द्वारा किये जाने वाले योजनाओं का शिलान्यास एवं भूमिपूजन कर रहे हैं। लगता है तीन बार रामगढ़ के विधायक एवं मंत्री रह चुके गिरिडीह सांसद अपने विशेषाधिकार को भूल रहे हैं। उक्त बातें झामुमो के वरिष्ठ नेता सह कसमार प्रखंड अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम ने एक प्रेस वार्ता में पत्रकारों से कही। झामुमो नेता ने कहा कि मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग झारखंड सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि राज्य सरकार की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन व परिसंपत्तियों का वितरण मुख्यमंत्री विभागीय मंत्री स्थानीय मंत्री 20 सूत्री के प्रभारी मंत्री व स्थानीय विधायक ही करेंगे। वहीं केंद्र सरकार की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास तथा परिसंपत्तियों के वितरण में




मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री केंद्रीय राज्य मंत्री राज्य सरकार के मंत्री के बाद स्थानीय सांसद एवं विधायक करेंगे। बावजूद इसके सांसद द्वारा स्थानीय मंत्री की अवहेलना करते हुए बीते दिन कसमार प्रखंड के दांतू रविदास टोला एवं पोंडा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित होने वाली सड़क निर्माण की योजनाओं का शिलान्यास भूमि-पूजन कर दिया गया। जबकि शिलान्यास या उद्घाटन हेतु प्रस्तावित योजना स्थल से संबंधित स्थानीय जनप्रतिनिधियों यथा सांसद विधायक ज़िला परिषद अध्यक्ष सदस्य-नगर निगम नगरपालिका के महापौर अध्यक्ष प्रमुख मुखिया आदि को कार्यक्रम में सिर्फ सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित करने का निर्देश है। झामुमो नेता श्री हेंब्रम ने कहा कि अगर सांसद महोदय ऐसे चोरी छिपे योजनाओं का शिलान्यास करेंगे तो उन्हें अन्य किसी योजनाओं के शिलान्यास या भूमि-पूजन कार्यक्रम में आमंत्रित करने पर विचार नहीं किया जायेगा। मौके पर झामुमो नेता सिकंदर कपरदार प्रखंड सचिव सोहेल अंसारी मो शेरे आलम हरेंद्र महतो धनंजय स्वर्णकार सुभाष चन्द्र ठाकुर तनवीर आलम मुन्ना आलम सगीर अंसारी जानी बाबू द्वारिका प्रसाद महतो मासुम अली रजा आदि मौजूद थे।

# दुमका : पोक्सो पीड़िता के साथ अभियुक्त की करवा दी शादी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिला के तालझारी थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग से शांदी का वादा कर यौन संबंध बनाने के मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 69 और पोक्सो एक्ट की धारा 04 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी द्वारा पीड़िता के मांग में सिंदूर लगाने का फोटोग्राफ वायरल होने के बावजूद पुलिस ने इस मामले में बाल विवाह अधिनियम 2006 और किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धाराएं नहीं जोड़ी है और न ही बाल विवाह करवाने वालों को अभियुक्त बनाया है। इस केस के अनुसंधानकर्ता एसआई पी भगत ने 06 जून की रात पीड़िता को बरामद करने के बाद उसे फार्म-42 के तहत रातभर के संरक्षण के लिए दुमका के धधकिया स्थित बालिका गृह में



रखा था। शुक्रवार को एसआई ने महिला पुलिस के माध्यम से पीड़िता को फार्म-बी और एफआईआर की छाया प्रति के साथ समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। सदस्य डा राज कुमार उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता को यौन हमला (पोक्सो) के अलावा चाइल्ड मैरिज श्रेणी में भी सीएनसीसीपी घोषित किया गया है। पीड़िता ने समिति को बताया है कि वह चार भाई बहनों में सबसे बड़ी है और 8वीं कक्षा में पढ़ती है। उसके पिता यूपी के कानपुर में काम करते हैं और मां भी पिता के साथ ही रहती है। पड़ोस में ही उसका नानी घर है जहां नाना व मामा आदि रहते हैं। पिछले एक साल से इस लड़के के साथ उसका प्रेम संबंध था और इस दौरान लड़के ने उससे शादी का वादा कर दो से अधिक बार उसके ही घर पर उसके साथ शरीरिक संबंध बनाया है। जब लड़के ने शादी करने से इनकार कर दिया तो उसने उसके खिलाफ थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवायी है। सदस्य डा राज कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस मामले में समिति ने ग्राम ज्योति के मुकेश कुमार दुबे को सपोर्ट पर्सन नियुक्त किया है और पीड़िता के माता- पिता, नानाह्यनानी एवं मामा को समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। समिति ने जरमुण्डी बीडीओ सह बाल विवाह प्रतिषेध पदाधिकारी को पत्र जारी करते हुए बाल विवाह में शामिल लड़का, दोनों पक्षों के रिश्तेदार व ग्रामीणों को चिन्हित करते हुए अलग से एक प्राथमिकी दर्ज करवाने का निर्देश भी जारी किया है।

# बीएसएल ने ठेकेदारों के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में-सेवा अनुबंध के विभिन्न पहलुओं की समझ विषय पर 70 से अधिक ठेकेदारों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बीएसएल में कार्यरत ठेकेदारों को सेवा अनुबंध की प्रमुख शर्तों व वैधानिक अनुपालनों की सटीक जानकारी प्रदान करना था जिससे आउटसोर्स कार्य का निष्पादन कुशल व पारदर्शी एवं विधिसम्मत ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। आज के औद्योगिक परिदृश्य में जब अनुपालन और पारदर्शिता एवं जोखिम प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण हो गए हैं यह पहल संविदात्मक जोखिमों को कम करने ठेकेदारों के साथ सहयोगात्मक संबंध सुदृढ़ करने तथा बीएसएल के परिचालन मानकों एवं दीर्घकालिक रणनीतिक लक्ष्यों के अनुरूप कार्य निष्पादन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में वरीय प्रबंधक-ठेका प्रकोष्ठ-संकार्य शुभम वर्मा एवं डीजीएम-मानव संसाधन -ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ सुजय दत्ता ने बतौर संकाय सहभागिता करते हुए सेवा अनुबंध प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए।

## पेज एक का शेष

### सूख रहा चिनाब का...

**इमरान पर भी साधा निशाना :** आसिफ ने पूर्व पीएम इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा, पीटीआइ को तय करना होगा कि वह एक व्यक्ति की राजनीति करेगी या पाकिस्तान की। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि ढळकके कई नेता गुपचुप सरकार के संपर्क में हैं. इससे साफ है कि विपक्षी पार्टी के भीतर भी दरारें उभर रही हैं।

**पीएम शहबाज शरीफ भी गरजे :** दो दिन पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी भारत को पानी के मुद्दे पर सख्त चेतावनी दी थी।उन्होंने कहा था, भारत के जल संसाधनों पर रुख में घमंड और साम्राज्यवादी सोच झलकती है. पाकिस्तान अपने जल अधिकारों की रक्षा पूरी ताकत और एकता से करेगा। यह सिर्फ सरकारी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चुनौती है।

### आपदारोधी उपायों को...

पीएम मोदी ने सम्मेलन के विषय का उल्लेख करते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन के कारण तटीय क्षेत्र और द्वीप अतिशय जोखिम में हैं। उन्होंने कहा, हाल के दिनों में, हम : भारत और बंगदेश में चक्रवात रेमल, कैरिबियन में तूफान बेरिल, दक्षिण-पूर्व एशिया में तूफान यागी, अमेरिका में तूफान हेलेन, फिलीपींस में तूफान उसागी और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में चक्रवात चिडो की आपदा को देखा है। ऐसी आपदाओं ने जान-माल को हानि पहुंचायी है। उन्होंने कहा, भारत ने भी 1999 के सुपर-साइक्लोन और 2004 की सुनामी के दौरान इस दर्द को झेला है। हमने मजबूती को ध्यान में रखते हुए अनुकूलन और पुनर्निर्माण किया। संवेदनशील क्षेत्रों में चक्रवात आश्रयों का निर्माण किया गया। हमने 29 देशों के लिए सुनामी चेतावनी प्रणाली बनाने में भी मदद की।

# देशभर में मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार





एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पूरे भारत में मुस्लिम समुदाय के लोग शनिवार को धार्मिक उत्साह और भक्ति के साथ बकरीद मना रहे हैं, जिसे ईद-उल-अजहा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन की शुरूआत देश भर के शहरों और कस्बों में मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष सामूहिक प्रार्थनाओं के साथ हुई, जहां लोग पवित्र त्यौहार मनाने के लिए बड़ी संख्या में एकत्र हुए। दिल्ली के जामा मस्जिद में शनिवार सुबह ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. जामा मस्जिद नमाज पढ़ने के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। इस मौके पर दिल्ली पुलिस ने राजधानी में सुरक्षा के सख्त इंतजाम किये थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जनता की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है और त्योहार को शांतिपूर्ण बनाने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है।

**शाही इमाम ने दिया संदेश :** जामा मस्जिद में सुबह 6:30 बजे नमाज अदा करने के लिए हजारों लोग इकट्ठा हुए। इस दौरान सुरक्षा के सभी इंतजाम किए गए थे। नमाज के बाद मौजूद लोगों से अपील करते हुए जामा मस्जिद के नायब शाही इमाम मौलाना सैयद शाबान बुखारी ने कहा कि ईद-उल-अजहा केवल कुबार्नी का दिन नहीं है, बल्कि यह खुदा के प्रति तस्लीम यानि आत्मसमर्पण और फरमाबरदारी मतलब आज्ञापालन का प्रतीक है। साथ ही इमाम ने लोगों से यह भी आग्रह किया कि गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर कुबार्नी से परहेज करें और पड़ोसियों की भावनाओं का सम्मान करें। साथ ही उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर कुबार्नी की तस्वीरें डालने के लिए भी मना किया।

बिलाल मस्जिद, गाजीपुर के शाही इमाम मुफ्ती रिजवान ने इस मौके पर लोगों से अपील की, कि कुबार्नी की तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर साझा न करें और कानून का पालन करें। यह पर्व भाईचारे और आपसी मेलजोल का संदेश देता है। साथ ही साथ, साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। ईद-उल-अजहा, जिसे बलिदान का त्योहार भी कहा जाता है, पैगम्बर इब्राहीम द्वारा ईश्वर की आज्ञाकारिता में अपने पुत्र की बलि देने की इच्छा की याद में मनाया जाता है। जामा मस्जिद में हजारों की संख्या में नमाजियों के नमाज अदा करने के लिए इकट्ठा होने के कारण सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साथ ही भीड़ प्रबंधन के उपाय भी किए गए। इससे पहले कर्तव्य पथ क्षेत्र में सघन जांच की गई, जहां पुलिस कर्मियों को नियमित गश्त के दौरान वाहनों को रोककर उनकी जांच करते देखा गया। इसी प्रकार, पुलिस ने यूसुफ सराय क्षेत्र, रणजीत सिंह फ्लाईओवर और नेल्सन मंडेला मार्ग पर भी सुरक्षा जांच की. ईद-उल-अजहा को या बड़ी ईद के नाम से भी जाना जाता है, इस्लामिक कैलेंडर के 12वें महीने धु अल-हिज्जा के 10वें दिन मनाया जाता है।

**बाजारों में दिखी रौनक :** बकरीद को लेकर जामा मस्जिद के पास मौजूद मटिया महल बाजार में खासी रौनक देखी गई। मटिया महल बाजार एसोसिएशन के सदर (प्रधान) सलीमुद्दीन ने बताया कि बाजार में सुबह से लोग खरीदारी कर रहे हैं। सेवईं, शीरखुर्मा, मेवे और मिठाइयों की दुकानों पर खरीदारों की अच्छी भीड़ नजर आई।

## शाही ईमाम ने जामा मस्जिद में नमाज के बाद दिया भाईचारा का संदेश

## उमर ने भारत और दुनिया भर के मुसलमानों को ईद-उल-अजहा की दी बधाई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को भारत और दुनिया भर के मुसलमानों को ईद-उल-अजहा की बधाई दी और इस त्यौहार को शांति और भाईचारे को मजबूत करने का समय बताया। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि यह ईद भारत और दुनिया के मुसलमानों के लिए बेहतर दिन लेकर आएगी। मुझे उम्मीद है कि यह शांति लाएगी और भाईचारे को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि जबकि हम ईद मना रहे हैं, दुर्भाग्य से एक बार फिर श्रीनगर की प्रतिष्ठित जामा मस्जिद में नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी गई। मुझे नहीं पता कि इन फैसलों का आधार क्या है लेकिन हमें अपने लोगों पर भरोसा करना सीखना होगा। ये वही लोग हैं जो पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ विरोध करने के लिए बाहर आए थे। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐतिहासिक जामा मस्जिद में नमाज की अनुमति देने के बारे में सोचना चाहिए। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने हजरतबल दरगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की और परिसर से बाहर निकलते समय सभी को ईद की मुबारकबाद दी। ईद-उल-अजहा के अवसर पर उमर अब्दुल्ला और फारूक अब्दुल्ला हजरतबल दरगाह में नमाज अदा करने के लिए एकत्र हुए। इस बीच पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती और उनकी बेटी और पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने ईद-उल-अजहा के अवसर पर नमाज अदा की।



## शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को हजारों की संख्या में मुसलमान ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने के लिए एकत्र हुए। केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न शहरों और कस्बों में भी शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में हजरतबल दरगाह में ईद की नमाज अदा करने के लिए श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए। सैकड़ों मुसलमान नमाज अदा करने के लिए दरगाह के लॉन में एकत्र हुए। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने भी हजरतबल दरगाह में ईद की नमाज अदा की। यह जम्मू-कश्मीर में सबसे पवित्र मुस्लिम दरगाह है क्योंकि इसमें पैगंबर का पवित्र अवशेष रखा हुआ है। अधिकारियों ने श्रीनगर शहर और जम्मू-कश्मीर के अन्य सभी शहरों और कस्बों में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा, सफाई और स्वास्थ्य सेवा के पर्याप्त इंतजाम किए थे।

## हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाई गई बकरीद

**भागलपुर।** जिले भर में शनिवार को बकरीद का पर्व पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। जिले के प्रमुख ईदगाह मैदानों और मस्जिदों में हजारों लोगों ने एकत्र होकर बकरीद की विशेष नमाज अदा की और देश और समाज में अमन-चैन की दुआ मांगी। शहजांगी, बरहपुरा, चंपानगर, सीटीएस मैदान, ततारपुर, अलीगंज, बरारी, खंजरपुर आदमपुर समेत भागलपुर के तमाम क्षेत्रों में सुबह से ही नमाजियों का हुजूम देखने को मिला। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और मिठाइयों का आदान-प्रदान किया।

**एक नजर में**

## मस्क बड़ी गलती कर रहे हैं, ट्रंप से तकरार पर बोले जेडी वेंस

खबर मन्त्र संवाददाता

**लंदन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के बीच उपजे विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। जेडी वेंस ने कहा, ट्रंप ने एपस्टीन के साथ कोई गलत काम नहीं किया। ये आरोप किसी काम के नहीं हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि अरबपति कारोबारी एलन मस्क राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमला करके एक बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं।

हालांकि जेडी वेंस ने मस्क के तीखे सोशल मीडिया पोस्ट्स को हल्के में लेने की भी कोशिश की और उन्हें भावुक इंसान बताया जो शायद थोड़े नाराज और निराश हो गए। जेडी वेंस ने शुक्रवार को एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे उम्मीद है कि एलन मस्क दोबारा हमारे साथ जुड़ेंगे। शायद अब यह मुश्किल है क्योंकि उन्होंने बहुत उग्र रुख अपना लिया है।' उनका यह बयान उस समय आया जब हाल ही में मस्क और ट्रंप के बीच गहरी तकरार हो गई है। कई रिपब्लिकन नेता दोनों को आपसी मतभेद भुलाकर सुलह करने की सलाह दे रहे हैं। एलन मस्क ने राष्ट्रपति ट्रंप पर कर चोरी, सरकार से गलत फायदा उठाने और जेफ्री एपस्टीन जैसे अपराधी से संबंध छिपाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मस्क ने ट्रंप की अहम टैक्स कटौती और खर्च वाले बिल की आलोचना करते हुए इसे 'घिनौना और देश को कर्ज में डुबोने वाला बिल' कहा। उन्होंने तो यह तक कह दिया कि ट्रंप को महाभियोग लगाकर हटाना चाहिए और उनकी जगह जेडी वेंस को राष्ट्रपति बनाना चाहिए। हालांकि बाद में मस्क ने अपने ये पोस्ट डिलीट कर दिए।

**ट्रंप का मस्क को जवाब :** राष्ट्रपति ट्रंप ने मस्क को पागल बताया और कहा कि उनकी कंपनियों को मिलने वाले सरकारी कॉन्ट्रैक्ट्स खत्म किए जा रहे हैं। इसके बाद से दोनों के बीच जुबानी जंग और तेज हो गई। जेडी वेंस ने मस्क के कुछ आरोपों को पूरी तरह से गलत बताया। खासकर जब मस्क ने कहा कि ट्रंप सरकार ने जेफ्री एपस्टीन केस से जुड़े सारे रिकॉर्ड इसलिए जारी नहीं किए क्योंकि उसमें ट्रंप का नाम हो सकता है। जेडी वेंस ने कहा, ट्रंप ने एपस्टीन के साथ कोई गलत काम नहीं किया। ये आरोप किसी काम के नहीं हैं। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि मस्क एक शानदार उद्यमी हैं और उन्होंने सरकार के खर्च को कम करने के लिए जो कदम उठाए, वे काफी अच्छे रहे।

## पार्टी के स्ट्राइक रेट को बेहतर करना जरूरी : चिराग पासवान



**पटना।** बिहार में पिछले कुछ समय से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के विधानसभा चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ दिन पहले चिराग पासवान के जीजा एवं जमुई सांसद अरुण भारती ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि चिराग पासवान को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता चाहते हैं कि चिराग पासवान केंद्र की राजनीति छोड़कर बिहार की सियासत में फिर से एक्टिव हों। इस कयास पर आज केन्द्रीय मंत्री ने खुद जवाब देते हुए अपना इरादा साफ किया। शनिवार को पटना पहुंचे केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान से जब मीडियाकर्मियों ने सवाल किया कि क्या वह विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे? तब उन्होंने इससे इनकार तो नहीं किया और गेंद लोजपा (रामविलास) के संसदीय बोर्ड के पाले में डाल दिया। चिराग ने कहा कि मैं कहां से विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा या नहीं लड़ूंगा, इन तमाम विषयों पर चर्चा चल रही है। इसपर अंतिम मुहर पार्लियामेंट्री बोर्ड को ही लगाना है। पार्टी के स्ट्राइक रेट को मजबूत करना है जरुरीचिराग ने कहा कि जो लोग मेरे विधानसभा चुनाव को लड़ने को लेकर मेरे गठबंधन के भीतर भ्रम फैला रहे हैं कि मेरी सीएम की कुर्सी पर नजर है तो वे जान लें, ऐसा कतई नहीं है। भरोसा रखिए कि इस बार भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पहले से अधिक मजबूत सरकार बनने जा रही है। मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि अगर मैं विधानसभा का चुनाव लड़ूंगा तो उसके पीछे की अपनी पार्टी के स्ट्राइक रेट को मजबूत करना होगा। गठबंधन को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है कि मैं ही ऐसा अनोखा प्रयोग करने जा रहा हूं। भाजपा या अन्य बड़े दल अपने राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को विधानसभा का चुनाव लड़वाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान कैबिनेट मिनिस्टर भी चुनाव लड़े लेकिन इसके पीछे की सोच अपने कार्यकताओं में उत्साह लाने की होती है। गठबंधन और अपनी पार्टी के स्ट्राइक रेट को बेहतर करने की होती है।

## मोदी सरकार नक्सलवाद को भारत से उखाड़ फेकने को अडिग: अमित शाह



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नई दिल्ली में हाल के नक्सल विरोधी अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें इन अभियानों की सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत को नक्सलवाद के दंश से मुक्त करने के लिए संकल्पित है। केंद्रीय गृह मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्हाल ही में नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए गए अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से भेंट कर इन ऑपरेशंस की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। इन अभियानों को अपनी बहादुरी से सफल बनाने वाले जवानों से भी मिलने के लिए उत्सुक हूं और जल्द ही छत्तीसगढ़ आकर उनसे भेंट करूंगा। मोदी सरकार नक्सलवाद के दंश से भारत को मुक्त करने के लिए संकल्पित है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशन में सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ में माओवादी विरोधी अभियानों का संचालन कर रहे हैं। इसके तहत, छत्तीसगढ़ पुलिस (नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और बीजापुर जिलों की डीआरजी इकाइयों सहित) द्वारा 18 से 21 मई तक अबूझमाड़ के अंदरूनी इलाकों में ऑपरेशन चलाया गया। 21 मई को बोटेर गांव के जंगलों में मुठभेड़ में भाकपा (माओवादी) के महासचिव और पोलित ब्यूरो सदस्य बसवाराजू उर्फ गगन्ना सहित 27 नक्सली मारे गये, साथ ही भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। अभियान में शामिल अधिकारियों में छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (नक्सल विरोधी अभियान/एसआईबी/ एसटीएफ) विवेकानंद, पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज, पुलिस अधीक्षक (नारायणपुर) प्रभात कुमार, पुलिस अधीक्षक (बीजापुर) जितेंद्र यादव और पुलिस अधीक्षक (नक्सल मुक्त बस्तर जिला) शलभ सिंह को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, इंटेलिजेंस ब्यूरो के निदेशक तपन डेका सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## हमारे युवा विकसित भारत के सारथी : उपराष्ट्रपति

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिमला।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के नौणी स्थित डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत युवा कृषि वैज्ञानिक दृष्टिकोण व संकल्प' विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों से प्रेरणादायक संवाद किया। उपराष्ट्रपति ने युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें विकसित भारत की दिशा में सबसे मजबूत ह्यसारथीह्न बताया और कहा कि उनके जोश, ज्ञान और समर्पण से ही देश आत्मनिर्भर और उन्नत बनेगा। संवाद की शुरूआत करते हुए उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को सहज और आत्मीय वातावरण में संबोधित किया। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी भी इस कार्यक्रम में आना चाहती थीं, लेकिन कुछ कारणों से नहीं आ सकीं। इस दौरान उन्होंने माँ शालिनी माता का आशीर्वाद लेकर कार्यक्रम में सम्मिलित होने की बात भी साझा की। अपने जीवन के अनुभवों से प्रेरणा देते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे हमेशा सकारात्मक सोच रखें और समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश केवल प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक नहीं है, यह वीरों की भूमि भी है। यहां की शुद्धता, संस्कृति और जनभावनाएं देश के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता का उल्लेख करते हुए इसे राष्ट्र की सामूहिक चेतना और संकल्प का प्रतीक बताया। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे भारतीयता को अपनी पहचान और राष्ट्रीयता को अपने धर्म की तरह अपनाएं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें युवाओं की भूमिका बेहद अहम है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज के दौर में केवल सरकारी नौकरी ही एकमात्र विकल्प नहीं है। उन्होंने युवाओं को उद्यमिता, नवाचार और तकनीकी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने की सलाह दी। 'कृषि क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और एग्रीकल्चरल इंटेलिजेंस (एजीआई) ही वह मार्ग है, जिससे ग्रामीण भारत को समृद्ध किया जा सकता है।'



## चेयरमैन के रूप में महेंद्र देव ने पदभार संभाला

**नयी दिल्ली।** इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान के पूर्व कुलपति एस महेंद्र देव ने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् (ईएसी-पीएम) के नए अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। अर्थशास्त्री देव ने नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी की जगह ली, जो ईएसी-पीएम का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी आदेश में पहले कहा गया था कि प्रधानमंत्री ने दो साल या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है।

## सीहोर जिला भी करेगा विकास के नये दौर में प्रवेश: मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अगर किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल जाए तो उनकी फसल सोना हो जाती है। सीहोर जिले के हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश को विकसित करने और बेहतर से बेहतर कार्य करने के लिए हमारी सरकार संकल्पित है। विकास का यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा। मेट्रोपॉलिटन सिटी बनने के बाद भोपाल एवं अन्य क्षेत्रों के साथ ही सीहोर जिला भी विकास के नये दौर में प्रवेश करेगा।



## विकसित खेती और समृद्ध किसान ही हमारा संकल्प : शिवराज सिंह



**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द एक विकसित भारत का निर्माण हो। विकसित भारत के निर्माण के लिए सरकार के साथ जनता की सहभागिता आवश्यक है। जनता के सहयोग के बिना विकसित भारत का निर्माण नही किया जा सकता। केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान शनिवार को सीहोर में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण तथा भूमिपूजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए देश के प्रत्येक गांव को विकसित बनाना होगा, इसके लिए जनता को सरकार के साथ मिलकर कार्य करना होगा। प्रत्येक नागरिक को अपने गांव को विकसित बनाने का संकल्प लेना होगा। विकसित भारत के निर्माण के लिए हम सभी का यह दायित्व है कि हम जल एवं बिजली का संरक्षण करें। अपने गांव शहर को स्वच्छ और नशामुक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि विकसित खेती और समृद्ध किसान ही हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास है कि जनता के विकास, मान, सम्मान और स्वाभिमान में कभी कोई कमी न आए। सरकार का निरंतर यह प्रयास है कि कृषि के क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास किया जाए ताकि किसानों की आय बढ़ाई जा सके, अधिक से अधिक बहनों को लखपति दीदी बनाया जाए ताकि महिलाएं सशक्त बनें।

## भारत ने 11 वर्षों में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी रेखा से बाहर निकाला: विश्व बैंक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत ने अत्यधिक गरीबी उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। भारत में 11 साल में 269 मिलियन (करीब 27 करोड़) लोग अत्यधिक गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2011-12 में देश में अत्यधिक गरीबी की दर 27.1 फीसदी थी, जो 2022-23 तक घटकर केवल 5.3 फीसदी रह गई है।

इसी अवधि में देश में 344.47 मिलियन (34.4 करोड़) लोग अत्यधिक गरीबी में रह रहे थे, जबकि 2022-23 तक यह संख्या घटकर 75.24 मिलियन (7.5 करोड़) हो गई। इसका मतलब है कि इस दौरान करीब 269 मिलियन (26.9 करोड़) भारतीय को अत?यधिक गरीबी रेखा से बाहर निकला गया है।

**इन पांच राज्यों की गरीबी कम करने में निर्णायक भूमिका :** उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश- इन पांच राज्यों में 2011-12 में देश के 65 फीसदी अत्यंत गरीब रहते थे। अब इन्हीं पांच राज्यों ने 2022-23 तक गरीबी उन्मूलन में दो-तिहाई से अधिक योगदान दिया है।

**शहरों में अत्यधिक गरीबी 10.7 फीसदी से 1.1 फीसदी पर आई :** रिपोर्ट के मुताबिक विश्व बैंक ने गरीबी का आकलन 3.00 डॉलर प्रतिदिन की अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा (2021 की कीमतों पर) के आधार पर की है। यह ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गरीबी में तेज गिरावट को दशार्ता है। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4 फीसदी से घटकर 2.8 फीसदी प्रतिशत हो गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 10.7 फीसदी से घटकर 1.1 फीसदी पर आ गई है। वहीं, 2.15 डॉलर प्रतिदिन की पिछली गरीबी रेखा (2017 की कीमतों पर) के आधार पर देखा जाए तो भारत में अत्यधिक गरीबी की दर 2011-12 में 16.2 फीसदी से घटकर 2022 में सिर्फ 2.3 फीसदी रह गई है। इस सीमा से नीचे रहने वाले भारतीयों की संख्या 2011 के 205.93 मिलियन (20.59 करोड़) से घटकर 2022 में 33.66 मिलियन (3.36 करोड़) हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उपलब्धि को सरकार की गरीबों के लिए चलाई गई पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जनधन योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि बीते 11 सालों में केंद्र ने इंफ्रास्ट्रक्चर, समावेशन और पारदर्शिता पर ध्यान देते हुए कई योजनाएं शुरू कीं जिनका सीधा लाभ गरीबों को मिला। इन पहलों से हाउसिंग, क्लीन कुकिंग फ्यूल, बैंकिंग सर्विसेज और हेल्थकेयर तक लोगों की पहुंच में विस्तार हुआ है।

इसके अलावा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल सर्विसेज और ग्रामीण विकास से जुड़े कामों ने भी गरीबों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सभी प्रयासों से 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकल पाए हैं। यह उपलब्धि भारत को गरीबी मुक्त राष्ट्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम है।

